माघ मास, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 11, अंक 356, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

वाराणसी, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाल मचाने को तैयार रवींद्र जडेजा



अंदर - अडानी को क्यों रद्द करना पड़ा एफपीओ ?

# अडानी मामले को लेकर संसद में हंगामा

## लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में जमकर हंगामा हुआ। पूरे विपक्ष ने अडाणी ग्रुप के वित्तीय लेनदेन की जांच संसदीय पैनल या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से कराने की मांग की। इस मुद्दे पर हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा को कार्यवाही शुरू होते ही पहले दोपहर 2 बजे तक और फिर अगले दिन तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

इधर, आरबीआई ने सभी बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिए कर्ज की जानकारी मांगी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि आरबीआई के अफसरों ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। वहीं, शेयर मार्केट में भी अडाणी ग्रुप के शेयर्स में 10% तक की गिरावट देखी गई। बुधवार देर रात अडाणी ग्रुप ने 20 हजार करोड़ रुपए के फुली सबस्क्राइब्ड एफपीओ को रद्द कर इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने की बात कही थी। बुधवार को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26.70% गिरकर 2179.75 पर बंद हुआ था। इस गिरावट को ही एफपीओ वापस लेने की वजह माना जा रहा है।

**नोकझोंक**

**खड़गे बोले-लोगों का विश्वास बैंक और एलआईसी से उठ जाएगा, अडाणी खुद सामने आए, वीडियो मैसेज में एफपीओ रद्द करने की बात कही**

**आरबीआई ने बैंकों से पूछा-अडाणी ग्रुप को कितना कर्ज दिया, विपक्ष ने कहा- संसद या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी जांच करे**

अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, सपा, डीएमके, जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में हुई। इनमें से 9 पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है। लोगों का विश्वास बैंक और एलआईसी से उठ जाएगा। कुछ कंपनियों के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं। सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है, इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे, लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। आप सांसद संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने गौतम अडाणी का पासपोर्ट जब्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, ईडी और सीबीआई को एक लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं किया तो वह भी कई बिजनेसमैन की तरह देश से भाग जाएंगे और देश के करोड़ों लोगों के पास कुछ भी नहीं बचेगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा- अपने कुछ नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए भाजपा बैंक और एलआईसी के पैसे का इस्तेमाल कर रही है। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा- पूरा विपक्ष दोनों सदनों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट और अडाणी के स्टॉक क्रैश होने का मुद्दा उठाएगा।



# स्कूल में डंप मिला एक करोड़ का पान मसाला

**कानपुर।** कानपुर देहात में गजनेर के नहोली गांव स्थित एक स्कूल में गुरुवार को नामचीन कंपनी का करीब दो सौ बोरी पान मसाला बरामद हुआ। इससे पूर्व स्कूल संचालक ने बच्चों को ये कहकर लौटा दिया कि उसकी मौसी खत्म हो गई हैं। अब पांच दिन स्कूल नहीं खुलेगा। वह पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। पुलिस ने स्कूल का कमरा खुलवाया, तो पान मसाला मिला। जीएसटी टीम के अनुसार बरामद पान मसाला की कीमत करीब एक करोड़ है। फिलहाल पुलिस व जीएसटी टीम छानबीन कर रही है।

नहोली स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बच्चे पढ़ने पहुंचे, तो स्कूल संचालक धीरेंद्र सिंह ने उन्हें यह कहकर वापस कर दिया कि उसकी मौसी खत्म हो गई हैं। अब पांच दिन स्कूल नहीं खुलेगा। वहीं, स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में भी यही सूचना डाली गई। इससे टीचर भी स्कूल नहीं गए। उधर, एक व्यक्ति की सूचना पर स्कूल पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार व जीएसटी के अधिकारियों के साथ मिलकर स्कूल का मुख्य गेट व कमरा खुलवाया। तो एक बड़े हाल में करीब दो सौ बोरी पान मसाला डंप मिला।

**खुलासा**

**संचालक ताला बंद कर फरार, जांच में जुटी पुलिस और जीएसटी टीम**

प्रारंभिक जांच में पान मसाला एक नामचीन कंपनी का मिला। जीएसटी टीम मामले में छानबीन कर रही है। गजनेर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरजीत कुमार ने बताया कि मामले में कई बिंदुओं पर जांच चल रही है। जीएसटी टीम की जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल में बड़ी मात्रा में पान मसाला बरामद होने की जानकारी होते ही गांव के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। स्कूल संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम को संचालक के घर में भी ताला लगा मिला। स्कूल को संस्कृत बोर्ड से कक्षा पांच तक मान्यता होने की बात शिक्षा विभाग के अधिकारी बता रहे हैं। पुलिस अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि टैक्स चोरी करके पान मसाला ले जाया जा रहा था।




## ईडी का दावा-दिल्ली सरकार ने शराब घोटाले का पैसा गोवा चुनाव में लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में कथित शराब घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सनसनीखेज दावा किया है। गुरुवार को ईडी की ओर से कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई, जिसमें दावा किया गया है कि आप की सरकार ने आबकारी नीति से अर्जित धन का कुछ हिस्सा गोवा के चुनाव में खर्च किया। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की चार्जशीट को काल्पनिक और फर्जी बताया है। सीएम केजरीवाल ने कहा है कि ईडी ने इस सरकार के कार्यकाल में करीब 5000 चार्जशीट फाइल की होंगी। उसमें से कितने लोगों को सजा हुई? ईडी के सारे केस फर्जी हैं। ईडी का इस्तेमाल केवल सरकारें गिराने और सरकारें बनाने में होता है। ईडी भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए नहीं बल्कि इन लोगों की सरकारों के लिए एमएलए खरीदने और एमएलए तोड़ने के लिए प्रयोग में आती है। बता दें कि बीते साल गोवा में विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें आम आदमी पार्टी ने महज दो सीटों पर ही जीत दर्ज की थी। इससे पहले छह जनवरी को शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दूसरी चार्जशीट दायर की थी। ईडी ने ये चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की थी।

**सीएम केजरीवाल बोले- सारे केस फर्जी**

## याजदान बिल्डर ने क्रिकेटर से ठगे 71 लाख, जान से मारने की दी धमकी

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला से याजदान बिल्डर ने 71 लाख रुपये ठग लिये। बिल्डर ने पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर से यह ठगी एलडीए के मानक के अनुसार अपार्टमेंट बनवाकर फ्लैट देने के वादा कर किया था। लेकिन इस अपार्टमेंट को अवैध बताते हुए एलडीए ने दिसंबर में ध्वस्त कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने याजदान इंफ्राक न प्रा. लि. के चार निदेशक सहित सात लोगों को बनाया है। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मूलरुप से रायबरेली के रहने वाले रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। रविकांत ने भारत की अंडर-19 टीम से 2006 में आयोजित विश्वकप में प्रतिनिधित्व किया था। इस टीम में वनडे के कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा व पीयूष चावला जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे।

**धोखाधड़ी**

**हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज**

## विदेश मंत्रालय बोला 'उपयुक्त समय पर करेंगे घोषणा', पीएम की यूएस की संभावित यात्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की संभावित यात्रा की मीडिया रिपोर्टों को स्पष्ट करते हुए, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत सही समय पर उच्च स्तरीय यात्रा की घोषणा करेगा। मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि इस समय, किसी विशेष तारीख या यात्रा के बारे में बात नहीं की जा सकती है, क्योंकि वहां पहले से ही कई दौरे हो रहे हैं। अरिंदम बागची ने कहा, 'हम इस तरह की मीडिया रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं कर सकते। हम उचित समय पर हाई लेवल यात्रा की घोषणा करेंगे। इस समय, मुझे किसी विशेष तारीख या यात्रा की जानकारी नहीं है। जैसा कि आप जानते हैं कि वहां यात्राएं चल रही हैं।' बागची ने कहा, 'इसलिए मुझे कुछ भी पहले से नहीं बताना चाहिए।

# राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** अयोध्या में राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का काम तेजी से चल रहा है और इस मंदिर पर देश और दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। इस बीच राम जन्मभूमि को लेकर धमकी से खलबली मच गई है।

बताया जा रहा है कि राम जन्म भूमि के यलो जोन क्षेत्र में स्थित रामलला सदन में निवास कर रहे मनोज कुमार के मोबाइल पर धमकी भरा फोन आया था। हालांकि फोन किसने किया अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिली है। अज्ञात शख्स ने रामलला सदन में निवास कर रहे मनोज कुमार गुरुवार सुबह 5:30 बजे फोन करके धमकी दी। राम जन्मभूमि को उड़ाने की धमकी के बाद मनोज कुमार ने फौरन पुलिस को सूचना दी जिसके बाद थाना राम जन्मभूमि के प्रभारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है और पुलिस जांच में जुट गई है। जिन मनोज कुमार को धमकी भरा फोन आया है वह अभी कुछ समय के लिए प्रयागराज में हैं।

**सतर्कता बढ़ी**

**थाना राम जन्मभूमि में दर्ज हुई एफआईआर**

**फोन किसने किया और कहां से आया? जांच में जुटी पुलिस**

**फोन करने वाले ने दिल्ली बताई लोकेशन, नेपाल से पवित्र शिलायें अयोध्या पहुंचीं**

बताया जा रहा है कि जब मनोज ने फोन उठाया तो अज्ञात शख्स ने खुद की लोकेशन दिल्ली बताई और धमकी दी कि आज सुबह 10 बजे तक वह राम जन्मभूमि को बम से उड़ा देगा। जैसे ही धमकी भरे फोन की खबर मनोज ने पुलिस को दी तो राम जन्मभूमि के आस पास सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई। पुलिस ने पूरे इलाके की सघन जांच की लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। हालांकि इसके बाद भी पुलिस हाई अलर्ट पर है।



इस बीच अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की मूर्ति को तराशने में इस्तेमाल होने वाली नेपाल की गंडकी नदी से विशेष पवित्र शिलायें (चट्टान) अयोध्या पहुंच चुकी हैं। पवित्र शिलाएं बुधवार देर रात अयोध्या पहुंचीं और उन्हें बृहस्पतिवार दोपहर विशेष पूजा अर्चना के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट की गईं। यहां 51 वैदिक शिक्षकों ने शालिग्राम पवित्र शिलाओं की पूजा की और उसके बाद उन्हें मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया।

# बजट का सबसे अधिक फायदा यूपी को मिलेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को 5 कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुधवार को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया। उससे यूपी की जनता लाभान्वित होने जा रही है। अमृतकाल के पहले बजट में पहले वर्ष से आजादी के शताब्दी वर्ष तक कैसा भारत चाहते हैं। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला सर्वस्पर्शी समावेशी बजट है। समाज के प्रत्येक तबके को बजट में अवसर देने का काम किया है।

इन अवसर को सप्तऋषि के रूप में लिया है। योगी ने कहा कि सप्तऋषि के रूप में सात प्राथमिकता तय की है। समावेशी विकास, अंत्योदय की परिकल्पना, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट, रेलवे का बजट पहले से अधिक है, 50 नए एयरपोर्ट बनाने जा रहे हैं। इसका सबसे अधिक फायदा यूपी को मिलेगा। यूपी ने सबसे ज्यादा हाइवे का प्रस्ताव भेजा है। सक्षमता को सामने लाना भी प्राथमिकता है। यूपी के लिए बड़ी संभावना है। ग्रीन ग्रोथ भी प्राथमिकता है। यूपी में ग्रीन एनर्जी, हाइड्रोजन एनर्जी पर यूपी में काम हो रहा है।

युवा शक्ति की प्राथमिकता का लाभ यूपी को मिलेगा। यूपी में सबसे अधिक युवा हैं। केंद्रीय बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करता है। 2047 में हर भारतवासी कह सकेगा कि वह सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति का निवासी है। 25 साल का विजन बजट में छिपा है। आर्थिक विकास दर 7 फीसदी पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की प्रति व्यक्ति आय दोगुना हुई है। अंत्योदय के तहत 15 करोड़ यूपी की जनता मुफ्त अनाज ले रही है। पीएम आवास का लाभ पात्रता सूची के हर व्यक्ति को मिल जाएगा। 25 करोड़ आबादी यूपी में निवास करती है। 35 मेडिकल कॉलेज पर काम कर रहे हैं। हेल्थ सेंटर का बैक बुन में 28 नए नर्सिंग कॉलेज मिल जाएंगे। नर्सिंग के छात्रों को प्लेसमेंट की गारंटी मिलेगी। कृषि विकास दर को 5 से बढ़ाकर 8.5 फीसदी करने में सफल रहे। बहुत अच्छा गुंजाइश है। सबसे अधिक उर्वरक भूमि और जल उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में संभावना को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। प्रदेश के आठ आकांशी जिले में विकास में बहुत काम हुआ है। देश के 112 आकांशी जिले में टॉप 5में सभी पांच जिले यूपी के है। टॉप 20 में सभी 8 जिले है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सीवर सफाई का काम मशीन से होगा। पर्यटन विकास को मिशन मोड पर करेंगे।

**बातचीत**

**पत्रकार वार्ता में बोले सीएम योगी-समाज के सभी वर्ग के लिए बजट में अवसर, इसमें छिपा है 25 साल का विजन**



## मुरादाबाद में नहीं मिली अखिलेश यादव के प्लेन को लैंडिंग की अनुमति

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए गुरुवार को मुरादाबाद में प्लेन लैंड करने की अनुमति नहीं मिली। इससे नाराज समाजवादी पार्टी ने दावा किया है कि भाजपा के अहंकार का जल्द अंत होगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 4 फरवरी 2023 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को मुरादाबाद में एक समारोह में सम्मिलित होना था लेकिन योगी सरकार प्लेन को लैंड होने की अनुमति नहीं दे रही है। यह बेहद निंदनीय कृत्य है। जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव पूर्व विधायक दीप कुमार से मुलाकात करने जा रहे थे लेकिन प्लेन लैंडिग की अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। समाजवादी पार्टी ने इस पर ट्वीट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है।

# एलआईसी मुद्दे पर 6 को कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एलआईसी तथा सरकारी बैंकों के शेयरों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आई गिरावट को गंभीर बताते हुए कहा है कि यह गरीबों के पैसे लुटवाए गये हैं और पार्टी छह फरवरी को इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता के पैसे लुटवाने और इसको लेकर उभरे लोगों के आक्रोश को देखते हुए पार्टी ने सोमवार 06 फरवरी को जीवन बीमा निगम कार्यालयों और भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अडानी समूह में एलआईसी ने कुल 36,474.78 करोड़ रुपये का और राष्ट्रीय बैंकों ने इसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मामला सामने आने के बाद से समूह को 100 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश कार्यालयों और जिला कांग्रेस समितियों से प्रदर्शन करने का अनुरोध किया गया है और इन प्रदर्शनों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बूथ स्तर पर इसमें शामिल होना सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

**तैयारी**

**सभी प्रदेश कार्यालयों और जिला कांग्रेस समितियों से प्रदर्शन करने का अनुरोध**

# समान नागरिक संहिता लागू करने पर कोई फैसला नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि 22वां विधि आयोग समान नागरिक संहिता से संबंधित मामले पर विचार कर सकता है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह भी बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने भारत के 21वें विधि आयोग से अनुरोध किया था कि समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न विषयों का परीक्षण करें और उस पर अपना सुझाव दें। रीजीजू ने कहा कि लेकिन 21वें विधि आयोग की अवधि 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो गई। उन्होंने कहा कि विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समान नागरिक संहिता से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा अपने विचार के लिए लिया जा सकेगा। अतः समान नागरिक संहिता लागू करने पर कभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।" ज्ञात हो कि समान नागरिक संहिता भारतीय जनता पार्टी का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है। उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा शासित कुछ राज्यों ने इस लागू करने की दिशा में कदम उठाया है।

**निर्णय**

**कानून मंत्री किरण रिजिजू ने संसद को बताया**



# बेल बॉन्ड के बगैर भी कैदी को मिलेगी रिहाई

**नई दिल्ली।** जमानत मिलने के बाद भी कैदी जेल में ही बंद रह जाते हैं। बेल बॉन्ड या फिर दूसरे झमेलों में वो ऐसे फंसते हैं कि उनकी जेल से रिहाई मुमकिन नहीं हो पाती। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 7 अहम आदेश जारी करके कैदियों की रिहाई को मुमकिन बनाने की कोशिश की है।

सात सूत्रीय प्रोग्राम के जरिए शीर्ष अदालत ने कैदियों को उम्मीद की एक किरण दिखाई है। जिस कोर्ट से कैदी को जमानत मिली है उसे हर हाल में आदेश की सॉफ्ट कॉपी जेल सुपरिटेंडेंट को ई-मेल के जरिये भेजनी होगी। ये कॉपी आदेश जारी करने वाले या उससे अगले दिन तक भेजनी जरूरी है। जेल अधीक्षक को ई प्रिजंस सॉफ्टवेयर में जमानत की तारीख की एंट्री करनी होगी। जमानत दिए जाने के सात दिनों के बाद भी कैदी की रिहाई नहीं हो पाती है तो जेल अधीक्षक की ड्यूटी होगी कि वो उछरअ के सचिव को इत्तला दे। सचिव किसी एडवोकेट या फिर वालंटियर की ड्यूटी लगाएगा।

ये लोग कैदी की रिहाई को सुनिश्चित करने के लिए हर मुमकिन मदद करेंगे। नेशनल इनफोर्मियोटिक सेंटर ई प्रिजंस के सॉफ्टवेयर में इस तरह के प्रावधान करेगा जिससे जमानत की तिथि के साथ कैदी की रिहाई की तारीख जेल के सॉफ्टवेयर में दर्ज हो जाएगी। 7 दिनों बाद अगर कैदी रिहा नहीं होता है तो अपने आप ई मेल उछरअ को चली जाएगी। डीएलएसए कैदी की आर्थिक स्थिति को देखेगा। अगर वो जरूरी शर्तें पूरी करने की स्थिति में नहीं है तो कैदी की सोशियो इकोनॉमिक कंडीशन की एक रिपोर्ट अपने लोगों से तैयार कराएगा। इस रिपोर्ट को कोर्ट के समक्ष रखेगा। उसकी कोशिश होगी कि कैदी को रियायतें दिलाई जा सकें। अगर कैदी दरखास्त करता है कि वो रिहाई के बाद बेल बॉन्ड और श्योरिटी जमा करा देगा तो कोर्ट उसकी स्थिति पर विचार कर-के उसे टेंपरेरी बेल दे सकती है। ये जमानत एक तय समयावधि के लिए होगी। इसके भीतर कैदी को बॉन्ड के साथ श्योरिटी कोर्ट में जमा करानी ही होगी। अगर रिहाई के एक माह बाद भी कैदी बेल बॉन्ड या फिर श्योरिटी जमा नहीं कर पाता है तो संबंधित कोर्ट मामले का स्वतः संज्ञान ले सकती है। वो या तो आदेश को मॉडीफाई कर सकती है या फिर कैदी को राहत देने के लिए जरूरी चीजें जमा करने की मियाद में इजाफा कर सकती है। कई बार देखा गया है कि लोकल श्योरिटी न दे पाने की वजह से कैदी की रिहाई नहीं हो पाती। ऐसे मामले में कोर्ट फिर से विचार कर-के इस शर्त को हटा भी सकती है। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एएस ओका की बेंच ने कहा है कि ऐसे मामले में लोकल श्योरिटी को हटा दिया जाए तो ही ठीक है।

**राहत**

**जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिए 7 अहम निर्देश**

**जेल अधीक्षक देंगे डीएलएसए को इत्तला**

**टेंपरेरी बेल दे सकती है कोर्ट, लोकल श्योरिटी को कर सकते हैं नजरंदाज**





# चिमनी की दीवार गिरने से दो महिलाओं की मौत




हरहुआ पुलिस चौकी के ग्रामसभा अनौरा (गोंसाईपुर) स्थित ईंट भट्ठे की दीवार गिरने के बाद मौके पर जुटे अधिकारी व ग्रामीण



घटनास्थल का जायजा लेते डीएम एस. राजलिंगम

जनसंदेश न्यूज

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्रामसभा अनौरा (गोंसाईपुर) स्थित ईंट भट्ठे में चिमनी के पास खड़ी ईंट की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। जिसके चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। तीन मजदूर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों महिलाओं का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां तीनों घायल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनौरा स्थित

**दुखद**

**तीन महिलाएं घायल, क्षेत्र में मचा कोहराम**

(गोसाईंपुर) में गुरुवार को लगभग शाम 4:30 बजे से एक दर्दनाक खबर सामने आई। ईंट भट्ठे में चिमनी के पास खड़ी ईंट की दीवार अचानक गिर गई। जिसमें पांच महिलाएं ईंट के नीचे दब गईं। दीवार गिरते देख भट्ठा में कार्य कर रहे अन्य मजदूर भाग कर वहां पहुंचे और ईंटों को हटाकर दबे महिलाओं को बाहर निकाला, लेकिन तब तक लालमनी (72) माला देवी (45) निवासिनी भगतुपुर की मौत हो चुकी थी। लालमनी भगतुपुर पूर्व ग्राम प्रधान की मां थी व ईट भट्टे पर जले हुए कोयले को बीनने गई थी। माला देवी के दो बेटी और दो बेटे हैं एक बेटी की शादी हो चुकी है एक बेटी तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनका रो रो कर के बुरा हाल है पति नंदलाल मौत की खबर सुनकर गस्त खाकर बार-बार गिर जा रहा था। सूचना मिलते ही बड़ागांव थाने की पुलिस के साथ जिला अधिकारी राज लिंगम एडीसीपी सूर्यकांत त्रिपाठी, एडीसीपी नीरज पांडेय, एसडीएम पिंड्रा, वीडिओ हरहुआ, एसीपी बड़ागांव, थाना प्रभारी बड़ागांव सोनी चतुर्वेदी हरहुआ पुलिस चौकी प्रभारी सचिन पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे हैं। बड़ागांव थाना अंतर्गत गोसाईंपुर अनौरा गांव में सिगरा निवासी अमर प्रधवानी का ईंट भट्ठा है। भट्ठे में गांव की महिलाएं जले हुए कोयले को बिनने आईं थीं। उसी दौरान भट्ठे की एक दीवार भरभराकर गिर गई। जिसमें दबकर दो महिलाओं की मौत हो गई। मेहनी मैथली थाना शिकरारा निवासी रिता (28), राधिका (18) जवंती (62) निवासीनी घोघरा छत्तीसगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गयी। सभी घायलों का हरहुआ स्थित निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा है तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### डीएम ने घटना स्थल का लिया जायजा

वाराणसी। अनौरा गांव में ईंट भट्ठे पर हुई घटना का जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने मौका-मुआयना किया। साथ ही सीसीटीवी में दुर्घटना का फुटेज देखा। यह भट्ठा सिगरा के अमर प्रधवानी का है। निकट के गांव भगतूपुर की दो महिलाएं चिमनी से सटाकर खाना पकाने के लिए रखी ईंट के पास भट्ठे से कोयला के अवशेष बिनने के लिए अंदर गयी थीं। शाम 4.22 बजे ईंट की दीवार भरभरा कर गिर गयी। फलस्वरूप उसके नीचे दबकर लालमनी व माला की मौत हो गयी। डीएम ने मौके पर प्रबंधक/ मुंशी राकेश सिंह से पूछताछ की और लापरवाही पर फटकार गायी। उन्होंने एसडीएम पिंडरा को एनडीआरएफ बुलाने समेत मामले की जांच के निर्देश दिए।

# एक्सयूवी ने पेड़ और ऑटो को मारी टक्कर

वाराणसी। रोहनिया स्थानीय थाना क्षेत्र के हरदत्तपुर स्थित सड़क पर अनियंत्रित एक्सयूवी वाहन ने बिजली के खंबे में टक्कर मारते हुए खड़ी ऑटो में भी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी की स्पीड अधिक होने से चालक ने संतुलन खो दिया और बिजली के खंभे में टकरा गई। उसी समय उसने खड़ी ऑटो में भी जाकर टक्कर मार दी।



हालांकि ऑटो में एक भी व्यक्ति सवार न हाने से जनहानि नहीं हुई, लेकिन ऑटो और एक्सयूवी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी के अनुसार वाराणसी की ओर से शादी समारोह से लौट रहे एक्सयूवी वाहन में 5 व्यक्ति सवार थे, जिनमें तीन महिला दो पुरुष थे, जो प्रयागराज सिविल लाइन जा रहे थे, इसी बीच चालक ऋषि ने संतुलन खो दिया और बिजली के तीन खंभों में टक्कर मारते हुए खड़ी ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे एक्सयूवी चालक को चोटे आई जिसका स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, उधर ऑटो चाालक ऑटो खड़ी कर कर हवा भरवाने के लिए दुकानदार के पास आया था, इसी बीच घटना घटी। वाहन में सवार अजय शंकर श्रीवास्तव ने बताया हम सभी वाराणसी की ओर से शादी समारोह से लौट रहे थे और दाहिनी तरफ किसी गाड़ी को बचाने के चक्कर में बाई तरफ काट दिया जिससे दुर्घटना घटित हो गई, हालांकि किसी को गंभीर चोटें नहीं आई हैं सभी स्वस्थ हैं। बिजली विभाग के अभियंता नागेंद्र सरोज ने बताया कि तीन खंबे टूटने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए ठप्प हुई है।

### मासूम से दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 साल की सजा

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) त्रिभुवन नाथ की अदालत ने गुरुवार को आठ वर्षीय मासूम बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में सीवो, चौबेपुर निवासी आरोपी राहुल गुप्ता को दोषी पाते हुए दस वर्ष के कठोर कारावास व 43 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। विशेष लोक अभियोजक आदित्य नारायण सिंह व वादी की ओर से अधिवक्ता गोपाल कृष्ण व पंकज श्रीवास्तव ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबेपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली वादिनी ने चौबेपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था की 25 मई 2016 की शाम लगभग सात बजे उसकी आठ वर्षीय लड़की घर के समीप खेल रही थी। उसी दौरान सीवो, चौबेपुर का रहने वाला राहुल गुप्ता वहां पहुंचा और उसकी लड़की को बहला-फुसलाकर गांव में स्थित भट्ठे के बगल में ले गया। वहां उसने उसकी पुत्री से दुष्कर्म किया और वहां से भाग गया। बाद में उसकी पुत्री रोते हुए घर आई और सारी बात उसे बताई।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**बीते 27 जनवरी को छोटक की गला कसकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने किया खुलासा**

वाराणसी। जैतपुरा पुलिस ने कमलगड़हा क्षेत्र के मकान की दूसरी मंजिल पर 27 जनवरी को इकराम उर्फ छोटक की गला कसकर हत्या करने के मामले में गुरुवार की सुबह हत्यारोपित नुरूल हसन उर्फ टेंगर उर्फ बाबू कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। उसने नुरूल की हत्या इसलिए कर दी कि उसने रात में पत्नी के साथ उसे सोये देख लिया था। डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने गुरूवार को घटना का खुलासा किया।

गौरतलब है कि 27 जनवरी को मकान के दूसरे तल पर दुलहीपुर मुगलसराय निवासी मोहम्मद इकराम उर्फ छोटक का शव मिला था। उसकी गमछे से गला कसकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के भाई अब्दुल सलाम ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस की जांच में नुरूल का नाम



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

प्रकाश में आया तो पुलिस ने उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में हत्यारोपित ने बताया कि मैं दुल्हीपुर में मीट का काम करता हूं। 26 जनवरी की रात मैं अपने घर पर था। रात आठ बजे मैं, मेरी पत्नी व बच्चे बल्लू, आहिल व यश एक साथ छत पर ही अन्नो चाची के कमरे में भोजन किये। इसके बाद रात 11 बजे से सवा 11 बजे के बीच मैं पीछे के दरवाजे से पान पत्ता खाने बाहर छोहरा स्थित बाबू पान वाले के यहां चला गया। थोड़ी देर बाद पीछे वाले दरवाजे से घर में आया तो चाचा के छत पर कुछ आवाज सुनाई दी। मैं सीढ़ी चढ़कर चाचा के छत पर गया तो देखा कि छोटक मेरी पत्नी के साथ सोया था। दोनों आपस में बात कर रहे थे। तब मैंने छोटक से कहा कि तुम यहां क्या कर रहे तो कहा कि मेरा इनसे पहले से संबंध है। फिर मैने अपना आपा खो दिया और उसे मारने लगा। मैंने उसे धक्का दिया तो वह गिर गया। इसके बाद उसके गले में जो लुंगी थी उसी से उसका गला दबा कर मार डाला।

# हेलमेट पहनने से इनकार पर ओला कंपनी को नोटिस जारी

## 'सत्या फाउंडेशन' के सचिव ने एसीपी यातायात से की थी शिकायत

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। एक तरफ जहां सरकार, मीडिया व पुलिस- प्रशासन द्वारा शहर की छवि को बेहतर करने के लिए प्रयास हो रहे हैं, वहीं कुछ लोग नियम कानून को ताक पर रख देते हैं और मना करने पर ऐसा एटिट्यूड दिखाते हैं कि आम आदमी बस तिलमिला कर चुप हो जाता है। लेकिन अगर आम आदमी हिम्मत करके शिकायत कर दे तो ठोस व त्वरित कार्यवाही भी होती है।

बुधवार की शाम एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद, 'सत्या फाउंडेशन' के सचिव चेतन उपाध्याय ने रामनगर से लंका जाने के लिए ओला बाईक बुक कराई। नियम के मुताबिक, बाईक पर पीछे बैठने वाले के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होता है और चेतन ने भी हेलमेट लगा रखा था। ओला बाईक चालक को वन टाईम पासवर्ड बताने के बाद चेतन उपाध्याय ने देखा कि ओला बाईक ड्राईवर ने हेलमेट नहीं पहना था और पूछने पर जवाब दिया कि उसने अपने जीवन में कभी भी हेलमेट नहीं लगाया और आगे भी नहीं लगायेगा। इसके बाद चेतन ने उक्त बाईक की सेवा नहीं ली और ओला कंपनी के मुख्यालय को शिकायत भेज दी।

इसके बाद ट्रैफिक पुलिस के एसीपी विकास श्रीवास्तव से फोन पर सारी घटना बतायी और उनके सीयूजी वाट्सअप नंबर पर लिखित शिकायत भेजा। बताया कि मैंने रामनगर से लंका थाने तक जाने के लिए ओला बाइक बुक किया लेकिन बाइक चालक ने कहा कि वह जीवन में कभी हेलमेट नहीं लगाया है और ना आगे लगाएगा। इसके बाद मैंने बाइक की सेवा नहीं ली और ओला कंपनी में भी शिकायत की और आगे की आवश्यक कार्यवाही के लिए आपको लिख रहा हूं। इसके एक घंटे के अंदर ही, पुलिस कमिश्नरेट के सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) ने चेतन की शिकायत का हवाला देते हुए, ओला कंपनी के मुख्यालय को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा कि ओला कंपनी द्वारा अपने सभी चालकों को यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों (सीट बेल्ट, हेलमेट आदि) के प्रति जागरूक किया जाये और अनिवार्य रुप से नियमों का पालन करने वाले कर्मियों व चालकों को ही नियुक्त किया जाए। यदि भविष्य में आपके दोपहिया या चार पहिया वाहन चालकों के खिलाफ शिकायत मिली तो मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# संपूर्णानंद में प्रवेश काउंसलिंग आज से शुरू

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. हरिशंकर पांडेय ने बताया कि परिसर में सत्र 2022-23 में शास्त्री, आचार्य प्रथम सेमेस्टर और संस्कृत प्रमाण-पत्रीय प्रथम के प्रवेश के संबंध में प्रवेश-समिति ने को बैठक कर निर्णय लिया कि छात्रहित के दृष्टिगत एक और अवसर प्रदान करते हुए तीन से आठ फरवरी तक (दो दिन 05 एवं 06 फरवरी अवकाश ) को छोड़कर संबंधित विभागों में पूर्व नियमों के अनुसार ऑफ लाईन पद्धति से काउंसिलिंग और शुल्क जमा किया जायेगा। बताया कि वेद, नव्यव्याकरण और साहित्य विषयों में जिन छात्रों की काउंसिलिंग और ऑफलाईन-आनलाइन पद्धति से शुल्क जमा हो चुका है, उनके अतिरिक्त रिक्त स्थान के सापेक्ष समग्र सूची में से अवशिष्ट प्रवेशार्थियों की मेरिट सूची से संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित तिथि तक काउंसिलिंग और शुल्क जमा कर प्रवेश पूर्ण किया जाएगा।

# लेजर में नदारद मिली कई रेल पथ सामग्री

**पीडब्लूआई जांच प्रकरण**

**विजिलेंस की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही, काशी स्टेशन से व्यास नगर स्टेशन तक की गई जांच**

वाराणसी। कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के पीडब्ल्यूआई स्टोर पर अनियमितताओं के प्रति दिल्ली से आए विजिलेंस टीम की जांच गुरुवार को भी जारी रही, टीम ने गुरुवार को पीडब्ल्यूआई स्टोर से मिले लॉग बुक के आधार पर काशी और व्यास नगर स्टेशन तक जांच किया, जिसमें लगभग एक हजार से 15 हजार टन खरीदी गईं रेल पथ सामग्री की एंट्री लेजर (खाता बही) में नदारद दिखी। कैंट स्टेशन के पीडब्ल्यूआई स्टोर में लगातार मिल रहे अनियमितताओं की शिकायत पर दिल्ली से आये विजिलेंस के अधिकारियों की ओर से तीन दिन से लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके अंतर्गत गुरुवार को लॉग बुक और लेजर (खाता बही) के साथ ही रेल पथ के लिए खरीदे गए निर्माण सामग्रियों का मिलान किया गया। टीम के सदस्यों ने लाग बुक के आधार पर काशी और व्यास नगर स्टेशन पर एक एक वस्तु को खंगाला जिसमें प्रथम दृष्टया लगभग एक हजार से 15 हजार टन स्क्रैप के गोलमाल का मामला सामने आने के बात विजिलेंस सूत्रों के द्वारा बताई जा रही है, इस मामले में विजिलेंस टीम के सूत्रों की माने तो पीडब्ल्यूआई और स्टोर इंचार्ज पर गाज गिरना तय है, टीम सूत्रों की मानें तो इस मामले में जांच जारी रहेगी इतने बड़े मामले में कई अधिकारियों की संलिप्तता भी होने के संकेत दिए जा रहे हैं। हालांकि देर शाम तक जांच कर रहे टीम के सदस्यों ने कार्यवाही की स्पष्टता जाहिर नहीं की यह माना जा रहा है कि वाराणसी स्टेशन पर अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है स्क्रैप के इस मामले में कई अधिकारी पर भी कार्यवाही के संकेत टीम के सदस्यों द्वारा दी गई खाता बही में वस्तुओं की एंट्री नहीं लॉग बुक और मौके पर मिले रेल पथ सामग्रियों का मिलान देर शाम तक होता रहा जिसमें एक बात सामने आई है कि एक हजार से 15 हजार टन रेल पथ के सामग्रियों का लेजर (बहीखाता) में कहीं भी एंट्री नहीं थी।

### पड़ोसी ने दंपति को पीटकर किया लहूलुहान

वाराणसी। आदमपुर थाना क्षेत्र के तेलियाना मुहल्ले में गुरुवार को मामूली विवाद में पड़ोसी ने ताड़केश्वर गुप्ता को लाठी-डंडे से पीट दिया। जबकि चीख सुनकर बचाने आयी पत्नी रेश्मा (48) को भी बुरी तरह से पीटकर लहूलुहान कर दिया। परिजनों ने उन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉ. ने उपचार के बाद उसे बीएचयू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2180113 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया हैं। सूरज सिंह पुत्र विजय सिंह, पता-अंधियारी, गोण्डा।

मैं अखिलेश यादव B/o टुनटुन यादव रैंक Nk, No. 15626121H ग्राम-रामपुर शीतल, पोस्ट-नारायणपुर, जिला-गाजीपुर, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। भारतीय सेना के संबंध प्रमाण पत्र में मेरा नाम अकिलेश यादव दर्ज है जो मेरे 10वीं मैट्रिक में दर्ज नाम अखिलेश यादव से बेमेल है

# मार्च में लखनऊ से दुबई के लिये हवाई टूर पैकेज लांच

## आईआरसीटीसी दे रहा पांच दिन और चार रात्रि के लिए विदेश यात्रा करने का मौका

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की ओर से होली के बाद तीसरा लखनऊ से दुबई का पैकेज लांच किया जा रहा है। इस पैकेज में यात्रियों को पांच दिन और चार रात्रि के लिए विदेश यात्रा करने का मौका मिलेगा। यह टूर पैकेज 11 मार्च से 15 मार्च तक संचालित किया जायेगा।

इस हवाई यात्रा पैकेज में जाने-आने की हवाई यात्रा, तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था और खाने के लिए भारतीय खाने की व्यवस्था (ब्रेकफास्ट, लन्च एवं डिनर) आईआरसीटीसी द्वारा की जायेगी। इस टूर में यात्रियों को सीधे फ्लाइट से लखनऊ से दुबई एवं दुबई से लखनऊ वापसी यात्रा की व्यवस्था की गई है। दो से तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 85100 रुपये प्रति व्यक्ति है। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य 101800 रुपये प्रति व्यक्ति है। प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 84400 रुपये (बेड सहित) व मूल्य 73300 रुपये (बिना बेड के) प्रति व्यक्ति है। यात्रा की बुकिंग के लिए पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ एवं वाराणसी स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय और आईआरसीटीसी की बेवसाइट से ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है।

### बुर्ज खलीफा देखने सहित अन्य सुविधाएं

इस पैकेज में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा देखने का रोमांच, म्यूजिकल फाउंटेन शो, दूर दूर तक फैले रेगिस्तान में डिजर्ट सफारी का आनंद, दुनिया के बेहतरीन मॉल में घूमने, डोव क्रूज की सैर, अबुधाबी का सिटी टुर एवं फरारी वर्ल्ड आदि का भ्रमण आईआरसीटीसी द्वारा कराया जायेगा।


# शैक्षणिक यात्रा पर प्रयागराज के लिए रवाना हुए छात्र व अध्यापक

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के इतिहास विभाग से गुरुवार को 39 छात्र-छात्राओं और पांच अध्यापकों की शैक्षणिक यात्रा प्रयागराज के लिए रवाना हुई। यह शैक्षणिक यात्रा इतिहास तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं की थी। जिसमें 39 छात्र-छात्राएं और पांच अध्यापकों में डॉ. अलका पांडे, डॉ. अनिरुद्ध तिवारी , डॉ. अंजू सिंह, डॉ. वीरेंदर प्रताप, डॉ. अर्चना गोस्वामी थी। इस शैक्षणिक यात्रा को इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. जया कुमारी आर्यन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शैक्षणिक यात्रा एक दिवसीय है जिसमें प्रयागराज में स्थित आनंद भवन, इलाहाबाद संग्रहालय, आजाद पार्क, संगम, बड़े हनुमान जी एवं इलाहाबाद का किला आदि विभिन्न स्थलों पर छात्र छात्राओं को घुमाया जाएगा। यह शैक्षणिक यात्रा गुरुवार को सुबह आठ बजे बस द्वारा प्रयागराज के लिए गई और शाम तक यह पुनः वापस आ गई।



### पेंटिंग,पोस्टर, कार्टून और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



वाराणसी। जी-20 सम्मेलन, आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्र कल्याण संकाय के तत्वाधान में गुरुवार को "उमंग" युवा महोत्सव 2023 के दल गठन के लिए छात्र छात्राओं की एकांकी, मूकअभिनय, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, पोस्टर निर्माण, कार्टून, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो ललित कला विभाग परिसर में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 70 छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने जी-20 सम्मेलन विषय पर लाईन, रंग-ब्रश के माध्यम से जी-20 सम्मेलन के विषय पर आधारित चित्रों का निर्माण किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, डॉ. शत्रुघ्न प्रसाद, डॉ. कविता आर्या, डॉ. शुभ्रा वर्मा, शालिनी कश्यप, प्रो. केके सिंह और सुमित घोष आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### छत से गिरकर युवक की मौत

सारनाथ। सत्संग नगर कालोनी स्थित आसरा आवास योजना के तहत बने मलिन बस्ती स्थित सरकारी कालोनी की छत से गुरुवार को गिरकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कालोनी निवासी सरकारी आवास में मलिन बस्ती निवासी राजू (35) ट्राली चलाने का काम करता था। पत्नी बबिता पिछले दो माह से बेनियाबाग स्थित मायके गई थी। बुधवार की रात राजू ने अपने मित्रों के साथ जमकर शराब पी। जिसके बाद कमरे का चाभी खो जाने पर राजू दरवाजे पर बंद पड़े ताले को ईंट से तोड़ने का प्रयास करने लगा। ताला न टूटने पर वह पिछले दरवाजे से घर में जाने की कोशिश करने लगा। इस बीच वह दूसरे तल पर स्थित बालकनी के छत से अपने कमरे में जाने के दौरान गिरकर घायल हो गया। जिसके बाद वह घायल अवस्था में ही उठकर चबूतरे पर सो गया। यह देखकर साथ बैठ शराब पी रहे लोग उसे घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। राजू की डेढ़ साल की पुत्री सकीना है। इस घटना की सूचना पीआरवी को स्थानीय लोगों द्वारा आज गुरुवार की सुबह पता चली जिस पर हल्का प्रभारी उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जमीन बेचकर लाखों हड़पने के मामले में जमानत खारिज

वाराणसी। अपर जिला जज प्रथम की अदालत ने गुरुवार को फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जमीन बेचकर लाखों रुपया हड़पने के मामले में आरोपी रविंद्र कुमार मौर्य की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जमानत अर्जी का विरोध करते हुए अतिरिक्त डीजीसी मुनीब सिंह चौहान ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनि ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराई। आरोप लगाए कीभीटारी गांव में डेढ़ बिस्सा जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 16 लाख 44 हजार रुपये लिया गया था। जमीन के विधिक स्वामित्व संबंधित सहित तथ्यों को छिपाते हुए एक बिस्से का बैनामा भी किया गया। लेकिन उसका कब्जा नहीं मिली। अदालत ने इन परिस्थियों में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### पूर्व विभागाध्यक्ष को मिली जमानत

वाराणसी। अपर सिविल जज गौरव सिंह की कोर्ट ने गुरुवार को मारपीट और गलिगलौज के मामले में आरोपी बीएचयू के जैन बौद्ध दर्शन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष केके जैन और अभिनंदन जैन की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। कोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने पैरवी की। गौरतलब है कि परिवादी पेडाराम ने कोर्ट में परिवाद वर्ष 2016 में दाखिल की थी। आरोप लगाया कि प्रो. केके जैन व उनके लड़के परिवादी के भूमि में अवैध ढंग से घुसकर उसे मारपीट कर उसकी सिकड़ी व 20 हजार रुपए छीन लिए। इस मामले में आरोपी बनाया गया। पहले इस मामले में आरोपितों के खिलाफ सम्मन वारंट जारी हुई थी।

### शराब तस्करी मामले में जमानत मंजूर

वाराणसी। प्रभारी जिला जज अनिल कुमार की अदालत ने गुरुवार को शराब तस्करी के मामले में कुंभापुर, बड़ागांव निवासी आरोपित निलेश कुमार यादव की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार इंटेलिजेंस विंग प्रभारी सुनील कुमार सिंह को 11 दिसंबर 2022 को मुखबिर से सूचना मिली की कछवां की तरफ से बलोरो व टीआगो गाड़ी से कुछ लोग भारी मात्रा में शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस बाबतपुर, कपसेठी की तरफ आगे बढ़ी तो बरकी गांव के समीप दो गाडियां आते दिखी। पुलिस ने जब गाड़ी रोककर तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों के अंग्रेजी शराब की बोतलें मिलीं। इस दौरान मौके से कुछ लोग भाग निकले, जबकि एक व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल सिंह बताया। विवेचना के दौरान इस मामले में आरोपित का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसे आरोपित बनाया था।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग लाखों का सामान जला

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के नवादा शिव मंदिर के बगल में रहने वाले बीएचयू कर्मी नर्मदा प्रसाद पटेल के मकान में बुधवार रात शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाया। नर्मदा का आरोप है कि इनके घर के बगल में लगे बिजली बॉक्स में गड़बड़ी होने के कारण शार्ट सर्किट हुई, इसी वजह से घर में आग लगी। बताया कि घर में रखा नगदी जेवरात सामान मिलाकर काफी आर्थिक क्षति हो गया। नर्मदा पटेल बीएचयू के हिंदी विभाग में चपरासी पद पर कार्यरत है। इनकी पत्नी लालती देवी को कैंसर है। इलाज कराने के लिए वह तीन माह से मुंबई में रह रहे हैं। बीते दो दिन पहले रुपया लेने के लिए घर आए थे।

### केवाईसी बंद करने के नाम पर जालसाजी कर उड़ाए रुपये

वाराणसी। चितईपुर थाना क्षेत्र के नसीपुर गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार को जालसाजों ने केवाईसी को बंद करने के लिए मैसेज भेजा। जिसके बाद ओटीपी नंबर पूछ कर तीन बार में खाते से 30 हजार निकाल लिया। मोबाइल पर मैसेज आने पर खाते से रुपए निकाले जाने की जानकारी हुई। प्रदीप ने तहरीर देकर बुधवार को चितईपुर थाने में अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। प्रदीप का खाता यूको बैंक चांदपुर में है।

### न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन

वाराणसी। जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में हाईकोर्ट के आदेश पर परिवर्तन कर दिया गया है। गुरुवार को हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सिविल जज सीनियर डिवीजन अश्वनी कुमार अब नए सीजेएम होंगे, जबकि स्पेशल सीजेएम नितेश कुमार सिन्हा अब सिविल जज सीनियर डिवीजन के पद का दायित्व संभालेंगे। एसीजेएम शिखा यादव अब स्पेशल सीजेएम होंगी, सिखा यादव के स्थान पर एसीजेएम पंचम उज्ज्वल उपाध्याय को स्थानांतरित किया गया है। एसीजेएम उत्तर रेलवे पवन कुमार सिंह अब लघुवाद न्यायाधीश होंगे।

### लाखों हड़पने के मामले में आरोपी की जमानत खारिज

वाराणसी। अपर जिला जज प्रथम की अदालत ने फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जमीन बैनामा कर लाखों रुपया हड़पने के मामले में आरोपी रविंद्र कुमार मौर्य की जमानत अर्जी खारिज कर दी। जमानत अर्जी का विरोध करते हुए अतिरिक्त डीजीसी मुनीब सिंह चौहान व वादिनी के अधिवक्ता प्रेम प्रकाश गौतम ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनि ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराई। आरोप लगाए कीभीटारी गांव में डेढ़ बिस्सा जमीन रजिस्ट्री के नाम पर 16 लाख 44 हजार रुपये लिया गया था। जमीन के विधिक स्वामित्व संबंधित सहित तथ्यों को छिपाते हुए एक बिस्से का बैनामा भी किया गया। लेकिन उसका कब्जा नहीं मिला। अदालत ने इन परिस्थियों में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित को किया गिरफ्तार

सिंधोरा। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म मामले में वांछित पतिराजपुर निवासी अभियुक्त सतीश राजभर को बजरंग नगर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**गुमशुदा की तलाश**



सम्पर्क सूत्र:- 9049180038, 8073094358

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी

**नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय के पत्र संख्या-795/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 31.01.2023 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित बस स्टेशनों स्थित रिक्त ठेकों की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 13.02.2023 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है, तथा जानकारी कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी कैण्ट से कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी

पत्रांक: 798/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2023, दिनांक: 31.01.2023



# वाराणसी



# 60 हजारी क्लब में शामिल हुआ सोना



## अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बढ़ी कीमतों का दिखा असर

जनसंदेश न्यूज

**भाव चढ़ा**

**टैक्स में छूट की घोषणा से बढ़ी डिजिटल गोल्ड की डिमांड**

**चांदी ने भी आंखें तरेरी, भाव पहुंचा 70 हजार के पार**

**वाराणसी।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एण्ड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार की तुलना में आज सोना और चांदी महंगा हुआ है। इसका असर स्थानीय सराफा बाजार में भी देखने को मिला। प्रति 10 ग्राम 60600 रुपये का भाव लगते ही सोना साठ हजारी क्लब में शामिल हो गया। ऐसे में चांदी ने भी आंखें तरेरी और प्रति किलो भाव 70 हजार रुपये के पार जा पहुंचा। सराफा बाजार के थोक कारोबारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी कीमतों का असर यहां भी देखने को मिला। बजट के बाद अचानक बाजार में मांग निकलने से कीमतों में तेजी देखने को मिली। सोना 60 हजारी क्लब में पहुंचा। गुरुवार को सोने का भाव 60600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया है। यह अब तक सबसे ऊंचा रेट हुआ है। जबकि चांदी का भाव भी बढ़कर 70 हजार 300 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिला महामंत्री किशोर कुमार सेठ ने बताया कि सोने का यह अब तक का सबसे ऊंचा रेट है। उनका कहना है कि बजट में सोने पर आयात शुल्क 12.5 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। जबकि एग्री इंफ्रा सेस 2.5 प्रतिशत से बढ़ कर पांच प्रतिशत हुआ है। इस पर लगने वाले ड्यूटी शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। लेकिन फिजिकल गोल्ड को डिजिटल में कंवर्ट करने पर टैक्स में छूट मिलने का असर सराफा बाजार में देखने को मिला। माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में डिजिटल गोल्ड की डिमांड बढ़ते ही भाव में अचानक काफी तेजी आ गयी। उन्होंने बताया कि चांदी पर आयात शुल्क 10.75 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। जबकि चांदी के डोरे पर शुल्क बढ़कर 14.50 प्रतिशत हो गया है। टैक्स में वृद्धि का असर तत्काल सराफा बाजार में दिखा और चांदी भी पीली धातु की राह पर चल पड़ा।

# बालहित पर केंद्रित 'मॉडल विलेज' की तैयारी

**बैठक**

**हरहुआ ब्लॉक के प्रशिक्षु आईएएस बीडीओ ने बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समिति की मीटिंग में दिये सर्वे के निर्देश**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** हरहुआ ब्लॉक क्षेत्र में तैनात विभिन्न विभागों के अफसर अपने-अपने स्तर पर बाल संरक्षण के मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। बच्चों के हित में शासन से संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों को देंगे। ताकि जरूरतमंदों को उसका लाभ मिले। इसके अलावा विकास खंड के एक गांव को चिह्नित कर उसका आधारभूत सर्वेक्षण कर वहां बच्चों से जुड़े तय बिंदुओं पर कार्य करते हुए पात्र बच्चों को संबंधित योजनाओं से लाभांवित कर गांव को मॉडल विलेज के तौर पर विकसित करेंगे।





हरहुआ ब्लॉक मुख्यालय पर बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समिति की बैठक हुई

ब्लॉक मुख्यालय में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समिति की बैठक में यह निर्देश दिये। उन्होंने बाल विवाह तथा बाल श्रम के मुद्दों पर बैठकें कर ग्रामीणों को जागरूक करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि मार्च 2020 के बाद यदि किसी बच्चे की माता या माता-पिता, दोनों या किसी एक की मृत्यु हुई है तो उन बच्चों की सूची आगामी 20 फरवरी तक उपलब्ध कराएं। जिससे पात्र बच्चों का मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत लाभांवित करना संभव हो।

बीडीओ ने विभिन्न कारणों से नवजात शिशुओं को फेंके जाने की घटनाएं रोकने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 'शिशु पालना केंद्र' स्थापित कराने एवं उसका उसका प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने एडीओ पंचायत को ग्राम प्रधानों और ग्राम पंचायत अधिकारी या ग्राम विकास अधिकारी संग बैठक कर बाल संरक्षण के मुद्दों की जानकारी देने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि ग्राम बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समितियों की नियमित बैठकें हों। मीटिंग में बाल संरक्षण अधिकारी निरुपमा सिंह ने मिशन वात्सल्य कार्यक्रम, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना समेत बाल विवाह की रोकथाम की अबतक प्रगति रिपोर्ट पेश की।

# एमडी कार्यालय पर बिफरे विद्युतकर्मी

**दिया धरना**

**पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के सैकड़ों कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन**

**कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण में प्रबंधन की उदासीनता**

**सुरक्षा उपकरणों के अभाव में संविदा कर्मचारियों की जा रही जान**



पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे कर्मचारी नारेबाजी करते हुए

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर पंचायत यूपी के बैनर तले विभिन्न समस्याओं को लेकर भिखारीपुर स्थित पूर्वांचल-डिस्कॉम के एमडी कार्यालय के समक्ष सैकड़ों कर्मचारी जुटे और ध्यानाकषण प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की। आंदोलनकारियों में इस बात की काफी नाराजगी थी कि लगातार गुहार के बाद प्रबंधन उनकी समस्याओं के निराकरण में उदासीनता दर्शा रहा है। धरनास्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एमडी कार्यालय को एक फरवरी को नोटिस देकर समस्याओं के समाधान के लिए द्विपक्षीय वार्ता करने का अनुरोध किया था, लेकिन इस पर प्रबंधन ने रूचि नहीं दिखाई। ऐसे में कर्मचारियों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ा। वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षा उपकरणों के अभाव में संविदाकर्मी आए दिन विद्युत दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। संविदाकर्मियों को न तो वर्दी जाती है और न हीं परिचय-पत्र। उनके ईपीएफ, ईएसआई के पैसों को संबंधित विभागों में समय से जमा नहीं किया जाता है। कहीं दो-दो तो कहीं तीन-तीन माह का वेतन बकाया है। रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति भी नहीं की जा रही है। इससे कर्मचारियों में रोष है। धरने के बाद एमडी को संबोधित पत्रक सौंपा गया। अध्यक्षता पूर्वांचल अध्यक्ष राजनारायण सिंह ने की। संचालन जिउतलाल ने किया। धरना-प्रदर्शन में प्रांतीय मंत्री संजय यादव, पूर्वांचल मंत्री आरके वाही, निर्भय नारायण सिंह, बीबी राय, ओपी सिंह, चंदेश्वर सिंह, सुनीता मजुमदार, मोनिका केशरी, अंकुर पांडेय, संजय यादव, विजय शंकर राय, अरविंद कुशवाहा, राघवेंद्र गोस्वामी, तपन चटर्जी, रविंद्र सिंह, रामबाबू आदि शामिल थे।

## सीएम योगी कल आएंगे

**वाराणसी।** सीरगोवर्द्धनपुर में आगामी पांच जनवरी को संत रविदास जयंती के वृहद आयोजन को देखते हुए चर्चा है कि आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करने चार जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी आ सकते हैं।



उम्मीद जतायी जा रही है कि वह यहां रात्रि प्रवास के बाद पांच को संत रविदास मंदिर में मत्था भी टेकेंगे। साथ ही वहां होने वाले कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मंदिर कमेटी की ओर से पूर्व में पीएम, राज्यपाल और सीएम को इस आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। चर्चा है कि मुख्यमंत्री योगी अपने आगामी वाराणसी दौरे में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। उनके आगमन के बारे में अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

# हर घर जल योजना कार्य का किया शिलान्यास

**जल जीवन मिशन**

**कैंट विधायक सौरभ ने सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में किया भूमि पूजन**

जनसंदेश न्यूज



सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में हर घर जल योजना कार्य का शिलान्यास करते विधायक सौरभ श्रीवास्तव

**रामनगर।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के जल जीवन मिशन, हर घर जल योजना कार्य के शिलापट्ट का अनावरण और भूमि पूजन किया। विधायक सौरभ ने शिलान्यास का भूमि पूजन वरिष्ठ नागरिक पन्ना गुप्ता, ग्राम प्रधान ऋतु देवी व उनके प्रतिनिधि मनोज मौर्य से कराया। विधायक ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ अर्पित करके किया। तत्पश्चात उन्होंने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और निर्माण कार्यों में शिकायत की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष को फोन से दिया। कार्यक्रम में महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, अशोक जायसवाल, संतोष द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष योगेश सिंह, राजकुमार सिंह, राजेंद्र शंकर सिंह पटेल, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह, रितेश राय, विवेक मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# टैक्स पेयर्स को राहत, डिजिटल इंडिया को बढ़ावा : प्रो. शुक्ल

**वाराणसी।** वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन संकाय-काशी विद्यापीठ स्थित वाणिज्य विभाग के प्रो. अजीत कुमार शुक्ल ने कहा कि इस बार का बजट आम आदमी के लिए खास साबित होता नजर आ रहा है। विकास की रफ्तार के साथ सुधारों पर



फोकस किया गया है। वित्त मंत्री ने टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत दी है। डिजिटल इंडिया को बढ़ाने के लिए बजट में विशेष कदम उठाने का प्रावधान किया गया है, जो तकनीकी क्षेत्र में भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में स्थापित करेगा। कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को प्रारंभ करने के लिए प्राथमिकता देने का प्रावधान सराहनीय कदम है। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर बड़े ऐलान किए गए हैं, इससे पूंजीगत व्यय पर जोर दिया गया है। पर्यटन को लेकर बजट में विशेष प्रावधान करने से पर्यटन एवं यात्रा उद्योग का विकास एवं विस्तार होगा। इससे वन डिस्टिक-वन प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट आइटम को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही सात प्राथमिकताएं बजट में निश्चित किए गए हैं, जिसके जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था को सही रास्ते पर ले जाने का प्रयास किया जायेगा। निश्चित रूप से बजट स्वागत योग्य है।

# संत रविदास की भक्ति भाव के रंग चटक



**वाराणसी।** गुरु संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर में गुरु चरणों की रज पाने के लिए सेवादारों के आने का सिलसिला अनवरत जारी है। श्रमसाधक संत रविदास की जन्मस्थली पर भक्ति भाव के रंग अब चटख होने लगे हैं। कहीं अमृतवाणी का पाठ हो रहा है तो कहीं गुरु के मंदिर में सेवा का सिलसिला जारी है। संत रविदास मंदिर से लेकर पंडाल व लंगर हॉल तक सेवादार और संगत के सेवाभाव का नजारा श्रमसाधना को साकार कर रहा है। संत गुरु रविदास की जयंती में शामिल होने के लिए पंजाब हरियाणा के विभिन्न शहरों से सेवादारों व संगत के आने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। मेला क्षेत्र में भीड़भाड़ बढ़ गई, दुकानें खुल गईं और रविदास मंदिर से लेकर लंगर हॉल तक अटूट कतार दिखने लगी है। लंगर शुरू होने के बाद लंगर चखने के लिए लोगों की भीड़ होने लगी है।

**जायजा**

**सेवादारों के जत्थों के आने का सिलसिला जारी**

### तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस कमिश्नर

संत रविदास जयंती में होने वाले भीड़भाड़ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था स्थलीय निरीक्षण करने पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन जिला मजिस्ट्रेट गुरुवार को दोपहर में पहुंचे। सबसे पहले मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के बाद लंगर हाल पंडाल क्षेत्र सत्संग हॉल का निरीक्षण किया। उनके साथ मंदिर ट्रस्ट के निरंजन चीमा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर को जानकारियां दी। पुलिस कमिश्नर के साथ मौजूद डीसीपी काशी एडीसीपी काशी एसीपी भेलूपुर को सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद करने का निर्देश दिया। सुरक्षा को लेकर भीड़ वाले से लेकर मेला क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्गों पर भी फोर्स लगाने के लिए निर्देशित किया। वीआईपी का कार्यक्रम को देखते हुए रूट व्यवस्था क्लियर कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस को जिम्मेदारी दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र में एक कंपनी पीएससी के साथ ही सिविल पुरुष व महिला तैनात किए जाएंगे। एसीपी और एक दर्जन इंस्पेक्टर उप निरीक्षकों की तैनाती की जाएगी मेला क्षेत्र में भीड़भाड़ की निगरानी को लेकर सीपी ने सीसीटीवी कैमरे लगवाने और निगरानी करने का भी निर्देश दिया। पंडाल क्षेत्रों में अग्निशमन यंत्रों के साथ फायर कर्मियों को निर्देशित किया है। रविदास मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने पुलिस आयुक्त से सुरक्षा से जुड़े हर बिंदुओं को लेकर चर्चा किया।

### आज आयेंगे संत निरंजन दास

संत निरंजन दास स्वागत करने के लिए संघर्ष व सेवादार उत्साहित है संत निरंजन दास स्पेशल ट्रेन से शुक्रवार दोपहर को कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगे। जहां उनका स्वागत करने के लिए सेवादार संगत के साथ पहुंचेंगे। जयंती में शामिल होने के लिए लगातार संगत के आने का क्रम जारी है। सेवादार भी तीन हजार के करीब पहुंच चुके हैं। देश विदेश में रहने वाले भक्त जो पिछले 2 सालों में कोरोना की वजह से जयंती में नहीं हो शामिल हो पाए थे। वह भी शामिल होने के लिए सीरगोवर्धनपुर पहुंच रहे हैं। निरंजन दास के सीर गोवर्धनपुर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत भक्त करेंगे।

## मौलिक शिक्षा को वैश्विकता के साथ जोड़ना होगा : न्यायमूर्ति

सेवापुरी। वैश्विक परिवेश बदलने से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करना हमारी बाध्यता है। पाश्चात्य शिक्षा की विविधता ही नवीन शिक्षा नीति को ग्लोबल लेबल पर स्थापित करेगी। इसके लिए हमें मौलिक शिक्षा को वैश्विकता के साथ जोड़ना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति निश्चित रूप से लार्ड मैकाले की पद्धति से बहुत आगे है। यह कहना है भिंड (मध्य प्रदेश) के जिला जज देवेन्द्र प्रसाद मिश्र का। न्यायमूर्ति देवेन्द्र प्रसाद गुरुवार को



सेवापुरी स्थित कालिकाधाम इंटर कालेज के 75 वर्ष पूर्ण होने व विद्यालय के संस्थापक राष्ट्र वीर स्व. निहाला सिंह की 116वीं जयंती के अवसर पर आयोजित प्राचीन छात्र समागम कार्यक्रम को बतौर पूर्व छात्र व मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कालेज से जुड़े संस्मरण को याद करते हुए कहा कि 1981 में साइकिल से नदी पार कर इस कालेज में पढ़ने आता था। मेरी शिक्षा की नींव मजबूत करने में कालिकाधाम इंटर कालेज का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस अवसर पर कालेज के संरक्षक डा. तेग बहादुर सिंह ने बताया कि 1947 में एक मड़ई में शुरू हुए इस विद्यालय के पास आज 68 कमरों का हाल है। आजादी के समय सेवापुरी क्षेत्र विकास में बहुत पीछे था। जिसका प्रमुख कारण था कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का कोई बड़ा संस्थान नहीं था। इसको देखते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रवीर निहाला सिंह ने काशी नरेश के हाथों इस विद्यालय की नींव डलवायी थी। वर्तमान दौर में विद्यालय से पढ़े तीन छात्र विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर आसीन हुए। इसके अलावा विद्यालय से पढ़े छात्र पीसीएस, सिविल सर्विस, चिकित्सक, इंजीनियर व अन्य प्रशासनित पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, प्रबंधक डा. हर्षवर्धन सिंह, स्वाति सिंह, संरक्षक शारदा सिंह, प्रधानाचार्य प्रो. एके सिंह, डा. पारसनाथ सिंह, रमाशंकर राम, सतीश कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पुरातन छात्रों को सम्मानित किया गया।

# नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने वाला बजट

**प्रतिक्रिया**

**शिक्षा को उद्योग और व्यवसाय जगत से जोड़ने पर दिया गया महत्व : प्रो. जैन**

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने आम बजट (2023-24) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निर्धारित लक्ष्यों को साकार करने वाला बजट बताया है। कहा कि नई शिक्षा नीति में युवाओं के कौशल विकास तथा शिक्षा को उद्योग व व्यवसाय जगत से जोड़ने पर महत्व दिया गया है, जिससे युवा भविष्य की चुनौतियों तथा अवसरों के लिए खुद को बेहतर ढंग से तैयार कर पाएं। बजट में की गई घोषणाएं इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण व लाभकारी साबित होंगी। शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटन में वृद्धि की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि इससे शिक्षा व शोध में गुणवत्ता को तेजी मिलेगी। आज दुनिया तेजी से बदल रही है। इसी तरह उद्योग जगत और समाज की अपेक्षाएं व आवश्यकताएं भी अब



पहले से कहीं अलग हैं। ऐसे में हमें शिक्षा क्षेत्र में इन अपेक्षाओं के अनुरूप परिवर्तनकारी पहल करनी होंगी। इन नए पाठ्यक्रमों के बारे में बजट में घोषणा हर्ष का विषय है। उन्होंने बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि एक बड़ी आबादी को गुणवत्तापरक पठन सामग्री उपलब्ध कराने की चुनौती संस्थानों व शैक्षणिक संस्थाओं के समक्ष बनी रहती है।

# मार्कंडेय महादेव मंदिर क्षेत्र होगा और विकसित



**वाराणसी।** कैथी स्थित मार्कंडेय महादेव मंदिर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से वृहद रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए वहां से अवैध अतिक्रमण हटवाएंगे। साथ ही मंदिर के नाम अभिलेखों में दर्ज भूमि चिह्नित कर विकास कार्य की रूपरेखा तय होगी। इस उद्देश्य से गुरुवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने वहां का मौका-मुआयना कर संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिये। उन्होंने मौके पर चल रहे घाट निर्माण समेत पूर्व में निर्मित कराये गये घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य कराने पर बल दिया। इस अवसर पर एसडीएम सदर, डीडी पर्यटन, उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि. के परियोजना प्रबंधक, सिंचाई विभाग के अफसर और राजस्व विभाग के स्टाफ भी थे।























## संक्षेप

### अवैध कब्जे से मुक्त कराएं आबादी की जमीन



**पिंडरा।** बड़ागांव क्षेत्र की कंजड़ बस्ती की सुरक्षित आबादी पर जबरन कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कांग्रेसजनों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पिंडरा तहसील पर धरना दिया। प्रकरण को लेकर उन्होंने नायब तहसीलदार साक्षी राय को ज्ञापन सौंपा। साथ ही आरोप लगाया कि बस्ती में आबादी की जमीन पर गांव का ही एक दबंग जबरन कब्जा कर रहा है। इसकी सूचना पूर्व में डीएम-एसडीएम को दी जा चुकी है लेकिन अबतक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पर नायब तहसीलदार ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। धरने में राजीव कुमार 'राजू राम', बृजेश कुमार जैसल, शिवचंद्र मौर्य, राकेश सिंह 'रिशु', राकेश कनौजिया, विनोद यादव, लक्ष्मीकांत, अनिल कुमार, रवींद्र कुमार, संदीप मौर्य, कामिनी देवी, मीना, सुलोचना, चंदा, बबलू, दिनेश अखिलेश, निखिल आदि रहे।

### विद्यार्थियों को दी मधुमक्खी पालन की जानकारी



**मिर्जामुराद।** कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को उदय प्रताप कॉलेज के कृषि संकाय के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्हें मधुमक्खी पालन के बारे में जानकारी दी गयी। संस्थान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार सिंह ने विषय से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा की। संस्थान के प्रसार वैज्ञानिक ने मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक उपकरणों के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ. अमितेश, डॉ. प्रतीक्षा, डॉ. मनीष पांडेय आदि वैज्ञानिकों ने भी कई बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया।

### पूर्व मंत्री रीबू श्रीवास्तव बनीं प्रदेश अध्यक्ष



वाराणसी। समाजवादी पार्टी महिला सभा का प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री रीबू श्रीवास्तव को बनाया गया है। निवर्तमान जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी संतोष यादव बबलू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शिवपुर निवासिनी पूर्व मंत्री रीबू श्रीवास्तव को नया दायित्व सौंपा गया है। पूर्व मंत्री रीबू को नया दायित्व मिलने की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ नेताओं में हर्ष व्याप्त है।

### आचार्य राजाराम शुक्ल मालवीय भवन के मानित निदेशक बने

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने वैदिक दर्शन विभाग स्थित संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के आचार्य राजाराम शुक्ल को मालवीय भवन का मानित निदेशक बनाया है। जबकि इसी विभाग के आचार्य श्रीकृष्ण त्रिपाठी को मानित सह निदेशक बनाया गया है। कुलपति ने कला संकाय स्थित हिन्दी विभाग के प्रो. राजकुमार को अंतर सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र का समन्वयक नियुक्त किया है।

### रामायण के विविध प्रसंग पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**वाराणसी।** बीएचयू में तीन और चार फरवरी को आयोजित होने वाले रामायण कांक्लेव की कड़ी में गुरुवार को गुरुधाम मंदिर परिसर में विद्यार्थियों के लिए 'रामायण के विविध प्रसंग' विषयक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव कार्यक्रम के संयोजक रहे। इस दौरान सह संयोजक डॉ. सुजीत चौबे, विवेक सिंह, कोमल सिंह, शैज खान, पंच बहादुर, कुमार आनंद पाल, मिथुन पासवान, सरस्वती देवी आदि थीं।

### वरिष्ठ कांग्रेसी हरि प्रसाद नहीं रहे

**वाराणसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी हरि प्रसाद अग्रवाल का गुरुवार को देहावसान हो गया। उनके निधन पर पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हरि प्रसाद अग्रवाल का निधन संगठन की अपूर्णीय क्षति है। वह पार्टी के निष्ठावान सिपाही और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति अडिग थे व समर्पित थे। स्व. अग्रवाल की शवयात्रा में श्री राय समेत महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, राजेंद्र सेठ, अजनी मिश्र, मनीष मोरोलिया, तरंग सेठ, पीयूष कपुरिया, नवीन पटवानी आदि भी रहे।

### राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुनेंगे तीन गांव

**वाराणसी।** सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए वाराणसी से तीन गांवों के नाम भेजे जाएंगे। इसके लिए गांव का चयन करेंगे। पंचायती राज संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार दिये जाते हैं। पुरस्कार के लिए गांव चुनने के लिए नौ थीम तय किये गये हैं। उनमें गरीबी मुक्त एवं बेहतर आजीविका वाली पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल मैत्री पंचायत, पर्याप्त जलयुक्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत आदि थीम शामिल हैं।

### नगर छात्र निकाय का सांस्कृतिक महोत्सव कल से

**वाराणसी।** नगर छात्र निकाय-बीएचयू की तरफ से चार से 21 फरवरी तक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसके तहत सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। मुख्य संरक्षक प्रो. अतुल त्रिपाठी ने बताया कि महोत्सव के दौरान निबन्ध, प्रश्नोत्तरी, काव्यपाठ, वाद-विवाद, पेंटिंग, टेनिस, शतरंज, सुगम संगीत, लोकगीत, वादन प्रतियोगिताओं समेत विभिन्न विधाओं में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### वीडीए ने छह बीघा अवैध प्लाटिंग किया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को नगवां वार्ड में लगभग छह बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही हुई। नगवां वार्ड अंतर्गत कालोनाइजर त्रिभुवन सिंह, अरविंद सिंह और शिवकुमार द्वारा मौजा नुआंव, नगवां के अंतर्गत पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग छह बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान जोनल अधिकारी चंद्रभानु और अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

### काशी विद्यापीठ में छात्रों का धरना जारी

**वाराणसी।** छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर गुरुवार को नौंवे दिन भी काशी विद्यापीठ के पंत प्रशानिक भवन के सामने स्थित गांधी प्रतिमा के पास छात्रों का धरना जारी रहा। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने में छात्रसंघ अध्यक्ष शशिप्रकाश चंदन, महामंत्री साहिल यादव, रोहित मौर्या, राज मौर्या, रजत यादव, दयाशंकर यादव, पूर्व महामंत्री समीर मिश्रा व अंशु मिश्रा आदि शामिल रहे।

### महाविद्यालय का मुख्य गेट बंद कर किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** मैदागिन स्थित हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय का मुख्य गेट बंद कर छात्रों ने महाविद्यालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना था कि छात्रसंघ चुनाव की तिथि जल्द से जल्द घोषित नहीं की गई तो हम सभी बड़ा आंदोलन करने को बाध्या होंगे। इस दौरान रवि गुप्ता, आनंद मौर्या, शिवम पटेल, सुनिधि द्विवेदी, गौरव गुप्ता, शिवम सिंह, मोनु कुमार आदि छात्र मौजूद रहे।

# कबीरवाणी मन, माया, मृत्यु व मोक्ष की समझः विवेक दास

**आयोजन**

### कबीर के विचार,दर्शन व चिंतन पूरे विश्व में आज भी प्रासंगिक

### आचार्य विवेक दास की पुस्तक अनहद अनभौ सांचा का हुआ लोकार्पण

### कबीरमठ में अनुयायियों के बीच मना कबीर परिमहानिर्वाण महोत्सव



कबीरचौरा मठ (मूलगादी) में आचार्य विवेक दास की पुस्तक अनहद अनभौ सांचा का लोकार्पण करते विशिष्टजन

**वाराणसी।** कबीरचौरा मठ (मूलगादी) परिसर में कबीर परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित दो दिवसीय समारोह के समापन पर मूलगादी के आचार्य संत विवेक दास ने कहा कि कबीर साहब का समूचा वाग्यमय मन, माया, मृत्यु और मोक्ष की व्याख्या करता है। इन्हीं तत्वों की समझ कबीरवाणी की सही समझ है। इन्हीं बातों को समझाने वाली आचार्य विवेक दास लिखित पुस्तक अनहद अनभौ सांचा का गुरुवार को लोकार्पण किया गया। इस मौके पर संगोष्ठी भी हुई जिसमें प्रो. दीपक मल्लिक ने कहा कि कबीर के विचारों में राष्ट्रीय एकता के मूल तत्व निहित हैं। उन्होंने समस्त मानवता को संयम, सहयोग व सहिष्णुता की शिक्षा दी। प्रो. सुरेन्द्र प्रताप ने कहा कि कबीर के विचार आज भी पूरे विश्व में प्रासंगिक है और रहेंगे। प्रो. इंदीवर ने कहा कि कबीर सर्वधर्म समन्वयवाद के सबसे बड़े पुरोधा हैं। वे मानवता को विराट से जोड़ने वाले घट-घट व्यापी राम के उपासक हैं। प्रो. निरंजन सहाय ने कहा कि कबीर समझना तलवार की धार पर चलना है। डा. नीलम सिंह ने कहा कि युग की आवश्यकता ने कबीर को जन्म दिया था। संगोष्ठी में प्रो. रामाश्रय प्रसाद, प्रमोद दास, डा. हरीश, डा. भागीरथी, श्याम लाल ने भी विचार व्यक्त किये।

सायंकालीन सत्र में कबीर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। निर्गुण भक्तों ने कबीर के पदों पर भाव नृत्य, भजव व शबद कीर्तन पेश किया। इंदौर से आयी हुई सांस्कृतिक मंडली ने मालवा शैली में निर्गुण पदोंव भजनों का गायन वाद्य यंत्रों के साथ किया।कबीर मठ गोरखपुर के राम प्रसाद ने भजन पेश किया। कवि गोष्ठी में परिवहन अधिकारी कौशलेन्द्र, नीलम सिंह,वारीन्द्र पांडेय ने शिरकत की। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन उमेश कबीर ने दिया।

# काशी के पं. विकास महराज ने सरोद वादन कर जीता दिल



**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी के स्वागत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में बनारस घराने के प्रख्यात सरोद वादक पंडित विकास महाराज ने सरोद वादन पेश कर मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल जीत लिया। पंडित विकास महाराज ने कार्यक्रम की शुरूआत अपने विश्वविख्यात धुन गंगा से किया। तत्पश्चात बनारसी ठुमरी, दादरा एवं प्राचीन रागों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मिस्त्र के राष्ट्रपति समेत वहां मौजूद सभी विशिष्टजनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में पीएम नरेंद्र मोदी एवं मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी ने पं्. विकास महराज का अभिवादन किया। साथ ही बनारस के ऐतिहासिक संगीत परंपरा को जीवंत रखने के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। पीएम ने कहा कि मेरे काशी के कलाकार आये हैं। कार्यक्रम में पं विकास महाराज का स्वागत करते हुए नरेंद्र मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति से परिचय कराते हुए कहा कि ये मेरे काशी के कलाकार हैं। इस आत्मीय व्यक्तव्य पर पंडित विकास महाराज एवं उनके पुत्र प्रभाष महाराज एवं अभिषेक महाराज ने हर हर महादेव के उद्घोष से सभी का स्वागत किया।

**मिस्त्र के राष्ट्रपति सीसी व पीएम मोदी ने की प्रशंसा**

# जिले में शुरू हुआ सक्रिय रोगी खोज अभियान

**कालाजार उन्मूलन**

### सात फरवरी तक चलेगा अभियान, आशा घर-घर जाकर करेंगी स्क्रीनिंग

**वाराणसी।** कालाजार उन्मूलन के लिए सरकार बेहद गंभीर है । इसी क्रम में राष्ट्रीय कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में बुधवार से कालाजार संभावित लक्षण वाले मरीजों को खोजने के लिए एक्टिव केस डिटेक्शन (एसीडी) यानि सक्रिय रोगी खोज अभियान शुरू किया गया । यह अभियान सात फरवरी तक चलेगा जिसमें आशा कार्यकर्ता कालाजार प्रभावित क्षेत्रों सहित सीमावर्ती गाँव में घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग करेंगी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने आशा कार्यकताओं को निर्देशित किया है वह कालाजार प्रभावित इलाकों में घर-घर जाकर सभी सदस्यों की स्क्रीनिंग करें और संभावित व्यक्ति पाये जाने पर ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा प्रभारी को सूचित करें जिससे वहाँ त्वरित कार्रवाई की जा सके। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ एसएस कनौजिया ने बताया कि जनपद में पूर्व से ही संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के जरिये समुदाय को डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया के साथ कालाजार को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) शरद चंद पाण्डेय ने बताया कि जनपद के दो ब्लॉक के दो गाँव कालाजार से प्रभावित हैं । इसमें काशी विद्यापीठ का हरपालपुर और सेवापुरी का अर्जुनपुर गाँव कालाजार प्रभावित है। इनके आसपास के गाँव जैसे काशी विद्यापीठ के केसरीपुर, खुलासपुर, परमानंदपुर, रहीमपुर, कनईसराय और इस्लामपुर तथा सेवापुरी के बसहुनचक, भीषमपुर, मटुला, तख्खू की बौली और ककरहवाँ में स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा । इसके लिए काशी विद्यापीठ में 14 टीमें और सेवापुरी में 6 टीमें तैयार की गईं हैं।

### जी-20 सम्मेलन में स्कूली बच्चों की भी रहेगी भागीदारी

**वाराणसी।** जनपद में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को देखते हुए गुरुवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने शिक्षा विभाग से जुड़े अफसरों के साथ तैयारी बैठक की। मीटिंग में सब रजिस्ट्रार बीएचयू, सब रजिस्ट्रार महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, उच्च शिक्षा अधिकारी, बीएसए समेत सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि बोर्ड की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपने इवेंट की कार्य योजना बनाएं। प्राथमिक विद्यालय, इंटर कॉलेज महाविद्यालय और विश्वविद्यालयों में जी-20 सम्मेलन की थीम पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पेंटिंग-गायन-नृत्य-क्विज-पोस्टर कंपटीशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किया जाय। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आगामी रविवार को सिगरा स्टेडियम में जी-20 के लोगो के आकार की मानव श्रृंखला बनाकर फोटोग्राफी कराएं। जी-20 के प्रतिनिधि मंडल के आगमन पर मानव श्रृंखला बनाने के लिए विद्यालयों को डीआईओएस चिह्नित कर लें। इसके अलावा आगामी 19 फरवरी को साइकिल थलान रेस के लिए मार्ग तय कर लिया जाय।

# ग्राम निधि में कटौती मुद्दे पर आंदोलन को देंगे नई धार

**कवायद**

### राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी ने आज लखनऊ में बुलायी बैठक



जनपद के ग्राम प्रधानों ने गुरुवार को बैठक कर शुक्रवार को लखनऊ में होने वाली मीटिंग को लेकर विचार-विमर्श किया

**वाराणसी।** ग्राम निधि के खाते से अन्य कार्य कराये जाने समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर नाराज सूबे के ग्राम प्रधान अब अपने आंदोलन को नई धार देने की कवायद कर रहे हैं। इसके लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी ने लखनऊ में बैठक बुलायी है। उसमें प्रदेश के सभी जनपदों में स्थित संगठन की इकाइयों के पदाधिकारी हिस्सेदारी करेंगे। इस बारे में गुरुवार को जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने स्थानीय पदाधिकारियों संग तैयारी बैठक की। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी को लखनऊ के कैसरबाग क्षेत्र में प्रस्तावित मीटिंग में आगामी रणनीति को लेकर मंथन होगा। कारण, संगठन के प्रांतीय नेतृत्व ने शासन को बीते 31 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया था उसके बावजूद अबतक संबंधित आला अफसरों ने मुद्दों को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसी कारण लखनऊ में होने वाली बैठक में निर्धारित होने वाली रणनीति के बाद सूबे के जनपदों में आंदोलन को और विस्तार दिया जाएगा। श्री सिंह ने संकेत दिया कि यदि संगठन नेतृत्व मनरेगा आदि योजनाओं का काम में सहयोग न करने का फैसला लेगी तो वह कार्य भी बंद कराएंगे। श्री सिंह की मीटिंग में जिला महामंत्री मधुबन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन सिंह, मुकेश पटेल, राममूरत यादव, राजू तिवारी एवं लालबहादुर पटेल के अलावा विनोद पांडेय, सुनील सिंह, घनश्याम यादव आदि की उपस्थिति रही।

### रेलवे भर्ती में दौड़ लगा रहे चार युवाओं के पैर की हड्डी टूटी

वाराणसी। रेलवे में ग्रुप डी में भर्ती के लिए गुरुवार को लहरतारा रेलवे ग्राउंड में दौड़ में शामिल चार युवकों के पैर की हड्डी टूट गयी। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी को मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें चोलापुर के आयर निवासी राजकुमार 25 वर्ष, गाजीपुर जिले के खानपुर निवासी राजकुमार त्रिपाठी 28, बिजनौर के हल्दौर निवासी अभिनव 26 व सिद्धार्थनगर के बांसी, पटेलनगर निवासी आशीष कुमार सिंह 28 वर्ष शामिल हैं।

### प्रो. ओमप्रकाश भारती ने विभागाध्यक्ष का पद संभाला

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में गुरुवार को प्रो. ओमप्रकाश भारती ने विभागाध्यक्ष का पदभार संभाल लिया। बता दें कि बीते 31 जनवरी को प्रो. आनंद प्रकाश सिंह का कार्यकाल पूरा होने पर उनको यह दायित्व सौंपा गया।



# जिले के 40 हजार से अधिक कृषकों को एक और मौका

**ताकि स्कीम के लाभ से न हों वंचित**

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किश्त लेने को पूर्ण करानी होंगी औपचारिकताएं : एके सिंह

### जनपदस्तर पर और विकास खंडों में नजदीकी डाकघरों में शिविर लगाकर संबंधित खामियां कराएंगे दूर

**वाराणसी।** जनपद के जिन कृषकों का बैंक खाता उनके आधार कार्ड से लिंक नहीं है और उनकी 12वीं किश्त लंबित है, उनके लिए एकबार फिर जिलास्तर पर और संबंधित ब्लॉक के नजदीकी पोस्ट ऑफिस में शिविर लगाया जाएगा। ताकि स्कीम से जुड़े लाभार्थियों की छूटी हुई औपचारिकताएं पूर्ण करायी जा सकें। इन्हीं खामियों के कारण जिले में 40 हजार से अधिक पंजीकृत कृषकों को निर्धारित किश्त का भुगतान नहीं हो पा रहा है।उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किन्हीं कारणों से जिन किसानों का आधार कार्ड बैंक के एनपीसीआई से लिंक नहीं हो पाया है, वह अपना आधार कार्ड और ओटीपी वेरीफिकेशन के उद्देश्य से मोबाइल फोन नंबर के साथ अपने नजदीकी डाकघर के जरिये समस्या का समाधान करा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस में एनपीसीआई लिंक खाता खोलने के लिए किसान न्यूनतम 200 रुपये जमा कर अपना अकाउंट खोल सकते हैं। ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिलने वाली किश्तों का सिलसिला जारी रह सके। श्री सिंह ने बताया कि इस बारे में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए कृषक पोस्ट ऑफिस के शाखा प्रबंधक सुभलेश कुमार सिंह के मोबाइल फोन नंबर 8132953443 या न्याय पंचायत पर तैनात प्राविधिक सहायक (कृषि) से संपर्क पर समस्या का समाधान करा सकते हैं। वर्तमान में गुरुवार शाम तक वाराणसी जनपद में 40 हजार 282 ऐसे किसान हैं जिनकी किश्त इन्हीं खामियों के चलते जारी नहीं हो पा रही है।

## घटिया निर्माण सामग्री के चलते नाली टूटी बाल-बाल बचे लोग

**पिंडरा।** पिंडरा बाजार में जलनिकासी के लिए बन रहे नाली में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग को लेकर लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई न होने का कारण रहा कि पखवाड़े के अंदर बनी नाली गुरुवार को टूट गई। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। घटना गुरुवार की अपराह्न की है। बताया जाता है कि पिंडरा बाजार में एनएचआई के ठीकेदार द्वारा जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा है। पिंडरा बाजार में बेलवा मोड़ पर नाली को ढाल कर निर्माण किया गया था लेकिन अपराह्न में एक ट्रक जब उस मोड़ से जाने लगी एक किनारा लेकर ढलाई बैठ गई। गनीमत रही कि ट्रक तिरछे होकर खड़ी हो गई वरना पलटी खाती तो दुकानों पर बैठे दर्जनो लोग घायल हो जाते।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार आज आयेंगी


**आगमन**

### रविदास जयंती को लेकर रविदास मंदिर राजघाट में होंगी शामिल



**वाराणसी।** गुरु रविदास मंदिर राजघाट में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर में देश भर से रैदासी अनुयायियों के आने का सिलसिला जारी हो गया है। श्रद्धालुओं में महिलाओं के साथ ही पुरुष भी शामिल हैं। इसमें पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, बिहार व अन्य प्रांतों से भी आने वाले अनुयायी ज्यादा हैं। सभी गुरु रविदास मंदिर राजघाट पहुंच कर मत्था टेक रहे हैं। संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में चार दिवसीय आयोजन 3 से प्रारंभ होकर छह फरवरी तक चलेगा। दी रविदास स्मारक सोसायटी व गुरु रविदास मंदिर के महासचिव सतीश कुमार फगुनी राम ने बताया कि तीन फरवरी शुक्रवार को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार काशी आयेंगी। उनके साथ उनके पति मंजुल कुमार व पुत्र डा. अंशुल अविजीत भी रहेंगे। इस दौरान वह रविदास मंदिर में गुरु को चादर चढ़ायेंगी। साथ ही स्व. जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। इस अवसर पर नित्य भजन कीर्तन व लंगर चलेगा। भंडारा पूर्वाह्न 11से सायंकाल छह बजे तक चलेगा। प्रसाद वितरण रोज प्रातः नौ से सायंकाल तक चलेगा।

# गॉलब्लैडर कैंसर पर पुस्तक प्रकाशित



**वाराणसी।** बीएचयू के चिकित्सा विशेषज्ञों ने गॉलब्लैडर कैंसर पर एक पुस्तक संपादित की है। कुलगुरू प्रो. वीके शुक्ल, सर्जिकल ऑकोलॉजी के आचार्य व शल्य चिकित्सक प्रो. मनोज पांडेय तथा जनरल सर्जरी विभाग की शोधकर्ता डॉ. रूही दीक्षित की यह पुस्तक इस बीमारी के उपचार के लिए उपलब्ध मौजूदा विकल्पों पर प्रकाश डालती है। पुस्तक को स्प्रिंगर नेचर-सिंगापुर ने प्रकाशित किया है। पित्ताशय की थैली का कैंसर पैत्तिक प्रणाली का सबसे आम घातक और पाचन तंत्र का पांचवा सबसे ज्यादा पाया जाने वाला कैंसर है। पित्ताशय की थैली का कैंसर पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलता है। यह भारत के उत्तर, उत्तर-पूर्व, मध्य और पूर्वी भारत में अधिक देखने को मिलता है। दक्षिण और पश्चिम भारत में यह अपेक्षाकृत कम है। पुस्तक में इस विषय पर वैश्विक जानकारों के योगदान भी शामिल किये गए हैं। साथ ही साथ पित्ताशय की थैली के कैंसर के चिकित्सीय लक्ष्यों की समझ को बढ़ाने वाली हालिया वैज्ञानिक प्रगति पर प्रासंगिक चर्चा शामिल है। यह पुस्तक पित्ताशय की थैली के कैंसर के लिए चिकित्सीय समझ को बढ़ाने के लिए लाभदायक है, ताकि पारंपरिक कीमोथेरेपी के लाभ को बढ़ाने वाली नवीन पद्धतियों को विकसित करने के अवसर प्रदान किए जा सकें।

# अमृत काल बजट में डाकघर बचत योजनाएं और भी हुई आकर्षक

**गुड न्यूज**

### वित्तीय समावेशन को मिलेगा बढ़ावा, महिलाओं के लिए महिला सम्मान बचत पत्र

### सीनियर सिटीजन, एम.आई. एस. की जमा राशि में बढ़ोत्तरी

**वाराणसी।** अमृत काल में जारी बजट ने डाकघर बचत योजनाओं को और भी आकर्षक बना दिया है। अभी 1 जनवरी से तमाम बचत योजनाओं की वृद्धि की गयी थी। जिसके बाद लोग डाकघर में सुरक्षित निवेश को लेकर उत्साहित हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और मासिक आय योजना में अधिकतम जमा की सीमा को बढ़ाकर और भी आकर्षक बनाया गया है। वर्तमान में सबसे अधिक 8% ब्याज वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में प्राप्त होते हैं। इसकी जमा सीमा को दोगुना कर 15 लाख से 30 लाख कर दिया गया है। वहीं मासिक आय योजना डाकघर की सबसे आकर्षक बचत योजनाओं में है जिस पर पी.पी.एफ की भांति 7.1% ब्याज मिलता है। इसमें निवेश सीमा 4.5 से बढ़ाकर 9 लाख और संयुक्त खाते के लिए 9 लाख से बढ़ाकर 15 लाख कर दिया गया है। श्री यादव ने बताया कि इससे जहां सीनियर सिटीजन को काफी फायदा होगा। वहीं एम.आई.एस में एक मुश्त राशि जमा करने वालों के लिए भी फायदा होगा। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में अभी 31 लाख से अधिक बचत खाते संचालित हैं, इनमें लगभग एक लाख मासिक आय योजना और लगभग 35 हजार वरिष्ठ नागरिक बचत खाते शामिल हैं। डाकघरों में लोग पीढ़ी दर पीढ़ी पैसे निवेश करते हैं, क्योंकि यह निवेश का सबसे सुरक्षित माध्यम है। बताया कि 10 साल तक की बेटियों के लिए डाकघरों में सुकन्या समृद्धि योजना संचालित है, जिस पर 7.6% ब्याज दर है। वहीं इस अमृतकाल बजट में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिला सम्मान बचत पत्र आरम्भ किया गया है जिस पर 7.5% ब्याज मिलेगा, जो कि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के बाद सर्वाधिक ब्याज दर वाली योजना होगी। इस योजना में महिलाएं दो वर्ष के लिए दो लाख रुपये तक जमा कर सकेंगी।



> आज भी डाकघर बचत योजनाएं निवेश का सबसे सुरक्षित और लोकप्रिय माध्यम हैं। वित्तीय समावेशन में इनकी अहम भूमिका है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और मासिक आय योजना की जमा राशि में बढ़ोत्तरी इसे और भी आकर्षक बनाएगी। वहीं, महिला सम्मान बचत पत्र नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी।
>
> **कृष्ण कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र**

(http://upgov.up.nic.in)
(www.idup.gov.in)
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

# एफआईआर की नकल मिलने पर घर से उठा शव

**शोक**

## मृतक की पत्नी की तहरीर पर 14 लोगों पर मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के फेसबुक पर लाइव सुसाइड के बाद अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को समाजवादी पार्टी एवं बिहार के आरजेडी के नेताओं का प्रतिनिधि मंडल गन व्यवसायी नंदलाल के घर पहुंचा और पीड़ित परिवार को सरकार से आर्थिक सहायता देने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उधर, मृतक की पत्नी मोनी देवी ने कुल 14 नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

जब तक एफआईआर की नकल परिजनों को नहीं मिला, तब तक गन व्यवसायी नंदलाल का शव घर पर पड़ा रहा। अपराह्न करीब दो बजे के आस-पास कोतवाल एफआईआर की नकल लेकर जब मृतक के घर पहुंचे, तब जाकर अंतिम संस्कार के लिये शव को उठाया गया। मृतक की पत्नी की तरफ से दी गयी तहरीर पर जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम हुआ है, उनमें हनुमान सिंह, शैलेंद्र सिंह, अजय सिंह, देवनारायण सिंह, सहजानंद सिंह, अनिल चौबे, राहुल चौबे, रोहित चौबे, अखिलेश प्रताप सिंह, आलोक सिंह, सुनील मिश्र, राजू मिश्रा के साथ ही कानपुर की एक फर्म तथा चार-पांच अज्ञात है। मोनी देवी द्वारा दी गयी तहरीर में यह कहा गया है कि हमारे पति नंदलाल गुप्ता फर्म बलिया आर्म्स कारपोरेशन मालगोदाम रोड बलिया के प्रोपराइटर थे। इन लोगों पर ब्याज पर कर्ज लिये थे तथा सारा कर्ज चुका भी दिये थे।

इसी बीच सूदखोरों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए एक फरवरी को बहेरी में स्थित आवासीय भूमि फर्जी तरीके से बिना पैसे दिये रजिस्ट्री करा लिये। उक्त सभी लोग जबरदस्ती मेरे पति से पूरा कर्ज चुकाने के बाद भी पुनः पैसे की मांग कर रहे थे। इसके कारण काफी दिनों से वह मानसिक तनाव और दबाव में चल रहे थे। साथ ही मेरे पति ने कानपुर के एक फर्म को व्यापारिक लेन-देन में लगभग 50 लाख रूपये दिये थे।

उस फर्म से काफी आग्रह करने के बाद भी बकाया वापस नही किया। उक्त सभी कारणों एवं परिस्थितियों की वजह से काफी तनाव में होने के कारण खुद को पिस्टल से मारकर आत्महत्या कर लिये। मेरे पति की आत्महत्या के लिये वर्णित सभी लोग जिम्मेदार है।


मृतक गन व्यवसायी नंदलाल के दरवाजे पर जुटी भीड़


रोते-बिलखते परिजन


पत्रकारों से बात करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह

### पत्नी, मां व बेटी ने सीएम से लगायी गुहार


सुशीला देवी


गुनगुन

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता की पत्नी मोनी देवी व मां सुशीला देवी और 10 वर्षीय बेटी गुनगुन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की मांग की हैं। बेटी गुनगुन ने सीएम योगी से पापा के लिये न्याय की मांग की है। वहीं, पत्नी मोनी देवी ने भी योगी जी से मांग की है कि हमारे सुहाग को उजाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की जाए। मां सुशीला देवी ने कहा कि मेरा बेटा दस दिनों से बहुत परेशान था। मैं बार-बार समझाती थी कि कुछ नहीं होगा, लेकिन दोषियों के दबाव के कारण मेरा बेटा इस दुनिया से विदा हो गया।

### सपा नेताओं ने की मांग


मृतक के दरवाजे पर पहुंचा सपा एवं आरजेडी के नेता

**बलिया।** सपा के निवर्तमान अध्यक्ष राजमंगल यादव, सपा नेता शशिकांत चुतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता, अनिल राय, साथी रामजी गुप्ता, व्यापारी नेता रामजी गुप्त, रामकृष्ण यादव ने योगी सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा दोषियों पर सख्त से सख्त कारवाई की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो सपा चुप नहीं बैठेंगी।

### सूदखोरों के आंतक से व्यापारी त्रस्त

**बलिया।** सूदखोरों के आतंक से बलिया पहले से ही जूझ रहा है, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण मामला दबता गया। गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के लाइव सुसाइड के बाद अब मामला तुल पकड़ता जा रहा है। अब इस मामले को पुलिस गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की तरफ बढ़ रही हैं। सूदखोरों के आतंक से छोटे-बड़े व्यवसायी भी त्रस्त है। कई लोगों ने सूदखोरों के दबाव में आकर अपना सबकुछ बेच दिया। उसके बाद भी वे कर्ज में डूब रहे। किसी का दुकान बिका तो किसी का मकान तो किसी की एजेंसी तो किसी ने अपनी जान दे दी। आज से कुछ साल पहले व्यवसायी गणेश पांडेय बनारस के एक होटल में फांसी पर लटककर अपनी जान दे दी। लगभग वर्ष 2002 में सराफा व्यवसायी अमरनाथ ने सूदखोरों के आतंक से आजीज आकर जहर खाकर अपनी जान दे दी। इसके बाद गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता द्वारा सूदखोरों के दबाव में आकर लाइव सुसाइड चर्चा का विषय बना हुआ है।

### इन धाराओं में हुआ मुकदमा

**बलिया।** मृतक नंदलाल गुप्त की पत्नी की तहरीर पर कोतवाली में दर्ज हुए मुकमदें में संबंधित लोगों पर भारतीय दंड संहिता अधिनियम के तहत 306, 420, 406 और 506 धाराओं के तहत मुकदमा पंजीत किया गया।

### सुसाइड नोट में मिले कुछ नाम

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल के लाइव सुसाइड के बाद सीओ और कोतवाल मौके पर पहुंचे। देर शाम तक गन व्यवसायी की दुकान में घटनास्थल पर पुलिस जांच पड़ताल करती रही। मृतक के पास से सुसाइड नोट भी मिले है। इसमें कुछ लोगों के नाम शामिल है। इसके तहत पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### व्यापारियों ने की घटना की कड़ी निंदा

**बलिया।** आल इंडिया उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला समिति की आपात बैठक गुरुवार को हुई। इसमें गन व्यापारी नंदलाल गुप्त द्वारा सूदखोरों से तंग आकर फेसबुक लाइव पर आत्महत्या करने पर चर्चा की गई। इस दौरान घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि जनपद में सूदखोरों का गैंग काम कर रहा है। इसके शिकार व्यापारी एवं आमजन हो रहे है।यह पहली घटना नहीं है। मांग किया पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपया आर्थिक सहायता के साथ ही दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की जाय। इस अवसर पर रविंद्र गुप्ता, अजय साहू, संतोष सोनी, दुर्गेश सोनी, सत्यनारायण प्रसाद, तारकेश्वर चौरसिया आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता गौरीशंकर प्रसाद ने किया।

कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुकदमा कायम कर जांच पड़ताल में जुट गयी हैं। इसके जांच अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी एसआई सब इंस्पेक्टर है।

### सूदखोरों पर बरती जायेगी सख्तीः दयाशंकर

**बलिया।** गन व्यापारी नन्दलाल गुप्ता के आत्महत्या प्रकरण में व्यापारी का शव मर्चरी से दरवाजे पहुंचने पर कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार का कुशल क्षेम लेने पहुंचे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी परिवारजनों के दर्द को देख कर रोते नजर आए। मीडिया से बातचीत में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्वीकार किया कि बलिया में सुदखोरों का आतंक है। परिवहन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बलिया में ये पहली घटना नहीं है। पहले भी सुदखोरों की वजह से घटनाएं हो चुकी हैं। परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया में सुदखोरों पर सख्ती बरती जाएगी। वही, परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि सूदखोरों को लेकर कानून व्यवस्था को सख्त किया जाएगा, ताकि आगे से इस प्रकार की घटनाएं न हो सकें। मृतक व्यापारी के छोटे भाई ने घटना को हत्या करार देते हुए कहा है कि मृतक नंदलाल सुदखोरों का मूलधन से अधिक पैसा वापस कर चुके थे, तब भी उन्हे हर पांच मिनट पर फोन करके धमकी दी जाती थी। मृतक नंदलाल को सुदखोरों ने मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रखा था। उन्होंने सरकार तथा जिला प्रशासन से न्याय व सुदखोरों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इधर, मृतक की पत्नी ने रोते हुए आरोप लगाया है कि सुदखोरो ने उनके मृतक पति को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। उनकी जमीन (घर) लिखवा लिया और पैसा भी नहीं दिया। उन्होंने सरकार व शासन से न्याय की गुहार लगाई है।

### दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

**बैरिया।** प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता रोशन गुप्त की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन कोटवा परिसर में व्यापारियों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर गन व्यापारी नंदलाल गुप्त को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई। वक्ताओ ने आक्रोश भी व्यक्त किया। प्रस्ताव में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भयमुक्त समाज की स्थापना को लगातार प्रयासरत है, किंतु पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते इस तरह की जघन्य घटनाएं हो रही हैं। कहा कि ग्रामीण बाजार हो या जिला मुख्यालय, हर जगह सूदखोरों का जाल फैला हुआ है। जो लोगों से कर्ज के बदले पांच से 25 फीसदी ब्याज के रूप में प्रतिमाह वसूलते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार जरूरी कार्रवाई करें। अंत में व्यापारियों ने नंदलाल गुप्त के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना किया। इस अवसर पर रियाज अंसारी टिंकू, अनिल शर्मा, शुभम गुप्त, उदय कुमार, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

### मिलीभगत से चल रहा सूदखोरी का धंधाः अमिताभ

**बलिया।** अधिकार सेना ने व्यवसाई नंदलाल गुप्त आत्महत्या प्रकरण को उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की घोर लापरवाही एवं नाकामयाबी बताया है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में यूपी रेगुलेशन आफ मनी लेंडिंग एक्ट 1976 लागू है। इस एक्ट में बिना लाइसेंस सूदखोरी का धंधा करने पर रोक है और अधिकतम ब्याज दर भी निर्धारित है। इसका उल्लंघन किए जाने पर सजा का भी प्रावधान है। इसके बाद भी बलिया सहित पूरे प्रदेश में तमाम लोग बिना लाइसेंस के सूदखोरी का धंधा कर रहे हैं और भारी ब्याज पर पैसा दे रहे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन मिलीभगत के कारण पूरी तरह मौन है। अमिताभ ठाकुर ने इन कानूनों का बलिया सहित पूरे प्रदेश में पूर्ण से पालन कराए जाने की मांग की है। साथ ही नंदलाल गुप्त की घटना में शामिल समस्त लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, चार फरवरी को अमिताभ ठाकुर बलिया आएंगे और नंदलाल गुप्त के घर जाकर परिजनों से मिलेंगे।

## संक्षेप

### जिंदगी की जंग हार गया सुरेन्द्र




**मझौवां।** अपनी परिस्थितियों से लड़ते-लड़ते जिंदगी की जंग हार गया सुरेंद्र। हल्दी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौवां निवासी सुरेंद्र यादव (37) की गुरुवार को पैतृक आवास पर निधन हो गया। इसकी जानकारी होते ही लोग उनके दरवाजे पर पहुंच गये। उनके पिता राजन चौधरी, भाई बाबुल यादव, कृष्णा यादव, रविश यादव, उनकी पत्नी उर्मिला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। माता सुनीता देवी रोते-रोते बेहोश हो जा रही है। उसका अन्तिम संस्कार गंगा घाट पचरुखिया पर किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे भाई बाबुल ने दी।

### प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत हुए व्यासजी गोड़



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की स्वीकृति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बलिया जनपद निवासी पूर्व मंत्री व्यासजी गोड़ को समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया हैं। व्यासजी के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सपा जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजी ने कहा कि इस मनोनयन से जनपद के समाजवादियों में प्रसन्नता हैं। वह एक अति साधारण परिवार से निकले संघर्षशील व्यक्ति हैं। उनका मनोनयन यह संदेश हैं कि जमीनी कार्यकर्ता की अगर कही प्रतिष्ठा है तो वह समाजवादी पार्टी हैं। इस मनोनयन हेतु समाजवादी पार्टी बलिया राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करती हैं।

### सेंट्रल बैंक में सम्मानित किये गये पेंशनर



**बैरिया।** सेंट्रल बैंक आफ इंडिया पेंशनर सम्मान दिवस पर सेंट्रल बैंक शाखा गोपालनगर के प्रवन्धक विक्रान्त विशाल ने बैंक के पेंशनरों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व बैंक में लगा एटीएम का उदघाटन पूर्व क्षेत्रीय प्रवन्धक सीबी मिश्र ने फीता काटकर किया। आर्मी के पूर्व हवलदार शिवजी सिंह, आर्मी के पूर्व नायक हरिहर नाथ यादव ने कहा कि सेंट्रल बैंक से हमे पेंशन लेने में काफी सहूलियत मिलता है। आज बैंक द्वारा हम सम्मानित होकर अपने को गौरवशाली महसूस करते है। अर्द्धसैनिक बल के पूर्व हवलदार एसपी यादव, एयरफोर्स के वारंट आफिसर पद से रिटायर्ड कुंजबिहारी यादव ने सेंट्रल बैंक के शाखा प्रवन्धक को धन्यवाद ज्ञापित किया। शाखा प्रवन्धक विक्रान्त विशाल ने बैंक स्कीम के बारे में जानकारी दी।

### अभिषेक बने भू-वैज्ञानिक, हर्ष



**बैरिया।** क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी उमेश चंद उपाध्याय के पुत्र अभिषेक उपाध्याय का चयन संघ लोक सेवा परीक्षा के तहत भू-वैज्ञानिक के लिए हो गया है। अभिषेक उपाध्याय की इस सफल उड़ान से रामनगर गांव में खुशी का माहौल है। उनकी प्राथमिक शिक्षा धतूरी टोला स्थित शिक्षा निकेतन में हुई थी। इसके बाद अभिषेक उच्च शिक्षा के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी चले गए थे। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त भूवैज्ञानिक परीक्षा-2022 में अभिषेक ने अपना परचम लहराया और पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त कर भू-वैज्ञानिक बन गये। उनकी नियुक्ति भू-वैज्ञानिक के संरक्षण विभाग में बतौर भूभौतिक विद के पद पर हुई है। अभिषेक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता उमेश चंद्र उपाध्याय व स्व. सुधा उपाध्याय तथा गुरु पंडित ब्रह्मानंद मिश्र को दिया है।

### ट्रेन पर चढ़ते समय गिरा वृद्ध, गंभीर

**बैरिया।** ट्रेन पर चढ़ते समय दलछपरा रेलवे स्टेशन पर 65 वर्षीय बुजुर्ग गुरुवार की सुबह गिरकर घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मूनछपरा गांव निवासी राजकिशोर (65) बलिया जाने के लिए दलछपरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने पहुंचे थे। ट्रेन पर चढ़ते समय ट्रेन खुल गई और वह असंतुलित होकर नीचे गिर गए। इससे वह लहूलुहान हो गये। आस-पास के लोगों ने दौड़कर उन्हें उठाया और इलाज के लिए रेवती अस्पताल भेजवाया।

### छेड़खानी का अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** गड़वार पुलिस ने छेड़खानी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को उपनिरीक्षक फूलचन्द्र यादव मय फोर्स द्वारा छेड़खानी करने वाला अभियुक्त उमेश कुमार भारती पुत्र मुनेश्वर राम निवासी ग्राम कुकुरहा, थाना गड़वार को मुखबिर की सूचना के आधार पर बलेसरा हरिजन बस्ती को जाने वाले गेट के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय चालान कर दिया।

### वारंटी गिरफ्तार

**बलिया।** गड़वार पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों व वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को गड़वार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वारंटी अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र श्याम बिहारी निवासी ग्राम गोबिन्दपुर, थाना गड़वार को घर से गिरफ्तार किया है।

### आप के बाद छोड़ी अधिकार सेना, अब आ गये इस दल में



**बलिया।** राजेश कुमार सिंह राष्ट्रीय दल यूनाइटेड में राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किये गये है। इसकी घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल राय ने की है, जबकि इससे पहले राजेश कुमार सिंह आम आदमी पार्टी में थे फिर उसके बाद पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की पार्टी अधिकारी सेना में शामिल हुए। गुरुवार को राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय दल यूनाइटेड में शामिल हो गये। इस अवसर पर जनपदवासियों ने उन्हें बधाई दी है।

# पुरानी पेंशन लागू कराने को होगा संघर्ष

**बोले चेत नारायण सिंह**

### प्रदेश अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

**बलिया।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (चेत नारायण गुट) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कुंवर सिंह इंटर कालेज में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने माला पहनाकर स्वागत करने के साथ ही पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि जनपद के शिक्षक अपनी समस्याओं के प्रति उदासीन न रहे। जनपद में बहुत सारी समस्याएं है, जो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की लापरवाही के कारण लंबित पड़ी है।

कहा कि एनपीएस की धनराशि से लेकर परीक्षा संबंधी मूल्यांकन एवं परीक्षा केन्द्रों के खर्च का पैसा शासन द्वारा जनपद में आ चुका है। बावजूद इसके मात्र 26 प्रतिशत का भुगतान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा हो पाया है, जो अत्यंत ही खेदजनक है। उन्होंने पदाधिकारियों का आह्वान किया कि आप सभी लोग जिला विद्यालय निरीक्षक से संपर्क कर सारे देयकों का भुगतान अविलंब कराये। शिक्षकों का आह्वान किया कि संगठन के प्रयास करने के बावजूद अगर समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो संगठन जो निर्णय लेता है, उसमें आप लोग संगठित होकर संगठन का साथ दें। पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए भी आपकों संघर्ष करने की आवश्यकता है।

इसके लिए संगठन द्वारा बहुत जल्द ही रणनीति तय की जायेगी। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी तिवारी, आनंद मोहन सिंह, रमाशंकर सिंह, सुरेश चंद्र सिंह, पीएन राय, डॉ. नागेन्द्र सिंह, विश्वरंजन सिंह, आशुतोष सिंह, रामप्रकाश राय, संजीव कुमार, मधुसूदन सिंह, डॉ. मनीष सिंह, रिशु प्रजापति आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अरूण कुमार सिंह तथा संचालन संगीता पाल ने किया।

## हिंदू समाज पार्टी ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**सिकंदरपुर।** हिंदू समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव को दो सूत्रीय मांग पत्र सौपा। आरोप लगाया कि क्षेत्र में नदी के किनारे वाले गांवों के पास से गोकशी का धंधा जोरों पर हो रहा है। रात के समय पुलिस की मिलीभगत से यह धंधा चल रहा है। इसको तत्काल प्रभाव से रोका जाए। अन्यथा हिंदू समाज पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। कठौडा, लीलकर, सीसोटार इत्यादि तटवर्ती क्षेत्र से नदी उस पार आए दिन सैकड़ों गौ माताएं तथा बछड़े विहार प्रांत में मध्य रात्रि में भेजी जा रही हैं। वही, रामचरित मानस का अपमान करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या के ऊपर उचित कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाय। इस अवसर पर भागवत शरण दुबे, प्रेमशंकर राय, सुमित सिंह, ओम नारायण, गोलू कुमार, अरुण राय, राजेश राय, अंकुर मिश्रा, शिवम वर्मा, नीतेश राय आदि मौजूद रहे।

# बजट से कोई संतुष्ट तो कोई असंतुष्ट

**बलिया।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया गया। इस बजट में कुछ चीजों पर टैक्स को बढ़ा दिया गया, जबकि कुछ पर टैक्स कम कर दिया गया। इस पर बलिया से जुड़े व्यापारियों व कर्मचारियों ने अलग-अलग राय दी है।


प्रदीप श्रीवास्तव


सुनील सिंह


कौशल उपाध्याय


आलोक सिंह

मैं बजट से संतुष्ट हूं। यह बजट सबके हित में है। इस बजट से सबको सहूलियत मिलेगी।
**प्रदीप श्रीवास्तव, अध्यक्ष ईंट निर्माता संघ बलिया**

यह बजट व्यापारियों के हित में है। व्यापारियों को टैक्स में छूट मिली है। बजट की मैं प्रशंसा करता हूं।
**सुनील सिंह, कपड़ा व्यवसायी**

कर्मचारियों के हित में नहीं है यह बजट। मैं इस बजट से संतुष्ट नहीं हूं। जो उम्मीद थी, उस उम्मीद के तहत यह बजट नहीं है।
**कौशल उपाध्याय, राज्य कर्मचारी**

आम बजट से मिलेगी सबको राहत। इस बजट से पूरा होगा हर वर्ग का सपना। यह बजट सबके लिए राहत प्रदान करेगा। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।
**आलोक सिंह, ब्लाक प्रमुख सीयर**

मैं बजट से संतुष्ट नहीं हूं। इस बजट से सोने-चांदी के व्यापारियों को कोई सहूलियत नहीं मिली है। इस बजट में सोने-चांदी से जुड़े व्यापारियों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए था। **-सुनील सर्राफ, सर्राफा व्यवसायी**



# संत विश्वदास के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

## उपस्थित लोगों ने लिया उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प


संत विश्वनाथ दास की प्रतिमा को नमन करते पुनीत पाठक


संत विश्वनाथ दास के चित्र पर माल्यार्पण करते नीरज सिंह गुड्डू व अन्य

जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** क्षेत्र के मालवीय कहे जाने वाले संत विश्वनाथ दास की 103वीं जयंती गायघाट स्थित पीडी इण्टर कालेज तथा संत विश्वनाथ दास बालिका विद्यालय पचरुखा में अलग-अलग मनाई गयी। पीडी इण्टर कालेज के प्रबंधक पुनीत पाठक के नेतृत्व में आगन्तुकों ने हनुमानगढ़ी मठिया के नीचे स्थित स्व. विश्वनाथ दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। पीडी इंटर कालेज के प्रांगण में वक्ताओं ने स्व. दास के कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनको क्षेत्र का मालवीय बताया तथा उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प जताया। इस दौरान कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख पद्मदेव पाठक, उमाशंकर पाठक, राघवेन्द्र सिंह, डा. शत्रुघ्न पाण्डेय, श्रीराम मिश्र, अरुण कुमार तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, वीरेश तिवारी, लल्लन पाण्डेय आदि मौजूद रहे। उधर, सन्त विश्वनाथ दास बालिका विद्यालय में भी छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए जाने के बाद वक्ताओं ने स्व. संत विश्वनाथ दास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सपा नेता रणजीत चौधरी, नीरज सिंह गुड्डू, हीरालाल वर्मा, अमित पाण्डेय पप्पू, प्रमोद उपाध्याय, मुन्ना रावत, सदानंद पाण्डेय, सुरेंद्र साहनी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता व्यास जी सिंह आचार्य तथा संचालन बिहारी पाण्डेय ने किया।

## कल से शुरू होगा राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट

**बलिया।** सेनानी शिवपूजन सिंह की स्मृति में चार फरवरी से मिनी स्टेडियम सुखपुरा में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट की तैयारी अब अंतिम चरण में है। स्टेडियम की साफ-सफाई, मैदान पर पानी का छिड़काव, खिलाड़ियों को ठहरने सहित अन्य आवश्यक प्रबंध कर दिए गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को किसी असुविधा का सामना करना ना पड़े। आयोजक उमेश सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मऊ एवं देवरिया की टीमों के अलावा पश्चिम बंगाल, मुंबई एवं नेपाल की टीमों के भाग लेने की स्वीकृति मिल चुकी है। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें भाग लेंगी। अपने पहले मैच के बाद ही विजेता टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। इसी क्रम में भारत सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत खेलों सुखपुरा योजना में कस्बे के होनहार किशोर खिलाड़ियों को खेल सामग्री के अलावा, जर्सी आदि उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा, ताकि भविष्य में वह कस्बे व क्षेत्र का नाम रोशन करे सकें।

# मंत्री ने किया निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण

## 3.60 करोड़ की लागत से एएफसी इंडिया करा रही निर्माण कार्य

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को बसंतपुर में निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य करा रही फर्म एएफसी इंडिया के कार्यकारी अधिकारी अविनाश सिंह से प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी ली। निर्देश दिया कि प्लांट का निर्माण पूरा होने की जो समय सीमा है, उसी के अंदर कार्य पूर्ण हो जाए।

परिवहन मंत्री ने कहा कि नगर क्षेत्र के कूड़े का समुचित निस्तारण बलिया की गंभीर समस्या थी। इसको देखते हुए प्लांट के निर्माण में जो भी बाधाएं थी, उसे दूर करा कर नए सिरे से प्लांट को शुरू कराने की पहल की गई। प्लांट के निर्माण की गति पर मंत्री ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जल्द ही बलिया नगर का कूड़ा यहां वैज्ञानिक तरीके निस्तारित होगा। बता दें कि बसंतपुर में निर्माणाधीन यह कूड़ा निस्तारण केंद्र फिलहाल 50 टन क्षमता का बनाया जा रहा है। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर इसकी क्षमता 100 टन तक बढ़ाई जा सकेगी। तीन करोड़ साठ लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस प्लांट को एएफसी इंडिया फर्म इसे 7 नवम्बर, 2022 से बना रही है और महज तीन महीने में ही 70 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण कर चुकी है। फर्म के प्रतिनिधि ने 15 मार्च से पहले पूरा कर लेने की बात कही।


निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केन्द्र का निरीक्षण करते मंत्री दयाशंकर सिंह

### प्लांट के बगल की जमीन को लेकर दिए सुझाव

**बलिया।** निर्माणाधीन कूड़ा निस्तारण केंद्र के बगल में खाली जमीन को लेकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जानकारी ली। बताया गया कि यह जमीन सेनेटरी लैंड फील्ड (एसएलएफ) के लिए है, लेकिन इसके बाद भी कुछ जमीन बचेगी। इस पर मंत्री ने सुझाव दिया कि जनपद के मंदिरों में चढ़ने वाले फूल आदि के रूप में जो निकल रहा है, उससे अगरबत्ती व अन्य उपयोगी सामग्री बनाने के लिए इस जमीन का सदुपयोग किया जा सकता है। इसके लिए अगर पहल हो तो लोगों के लिए रोजगारपरक भी होगा।

# प्रधानों ने सीएम योगी को याद दिलाया वादा



**बलिया।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस दौरान प्रधानों ने कहा कि रमाबाई अम्बेडकर मैदान में 28 अक्टूबर को 40,000 से अधिक प्रधानों की महारैली के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखा गया था, जिसके क्रम में प्रधानों को लखनऊबुलाकर मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न घोषणाएं की गयी थीं। इस पर लोकहित में तत्काल अमल किया जाना आवश्यक है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी ने कहा कि सहायक सचिव कम डाटा एंट्री आपरेटर, शौचालय केयरटेकर एवं प्रधान के मानदेय की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा अलग से करने का वादा मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। वहीं, रजिस्टर्ड डिप्लोमा होल्डर अथवा जनपद में नियुक्त किसी भी तकनीकी सहायक से स्टीमेट बनवाने की छूट का प्राविधान करने, जिले के प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों की सहभागिता में पंचायतों से जुड़ी समस्याओं के समाधान करने, जिला योजना समिति में प्रधानों को प्रतिनिधित्व देने, मनरेगा द्वारा संपादित कार्यों का भुगतान 15वां वित्त आयोग के धन से होने वाले भुगतान की तरह प्रधान और सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से ग्राम स्तर पर ही किए जाने का प्राविधान का आश्वासन दिया। इससे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। घनश्याम यादव पूर्वी उप्र अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 1993 में पारित 73वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत 29 विषय व उनसे जुड़े अधिकार, कोष, कार्य और पंचायत कर्मियों को पंचायतों को सौंपकर सत्ता विकेंद्रीकरण की आदर्श व्यवस्था लागू की जाए। नयी नगर पंचायतों के सृजन तथा विस्तारीकरण के नाम पर पांच वर्ष के लिए निर्वाचित प्रधानों को अपदस्थ किया जाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। राज्य वित्त आयोग व प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाए।

# गरीबों को कम कीमत पर किराये का मकान देने की तैयारी

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** प्रदेश सरकार गरीबों, मजदूरों को कम कीमत पर किराए के मकान उपलब्ध कराने की तैयारी में है। अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कप्लेक्स के तहत बने मकान यदि आवंटित नहीं हुए हैं तो उन्हें जरूरतमंदों को किराए पर देने की तैयारी की जा रही है। शासन की ओर से डूडा कार्यालय से खाली चल रहे आवासों को रिपोर्ट मांगी गयी है।

उपजिलाधिकारी/पीओ डूडा एके मिश्रा ने बताया कि किफायती रेंटल आवास एवं कप्लेक्स योजना को मंजूरी देने का प्रस्ताव है। इसे दो माडल में लागू करने की तैयारी है। पहले माडल के अनुसार अफोर्डेबल हाउसिंग योजना के तहत विभिन्न योजनाओं में बने गैर आवंटित मकानों को किराए पर दिया जाएगा। दूसरे माडल में बिल्डरों से आवास बनवाकर किराए पर दिया जाएगा।

पहल

## शासन ने डूडा से खाली आवासों के संबंध में मांगी रिपोर्ट

### शासन से मांगी गई है रिपोर्ट

**बलिया।** इस संबंध में पीओ डूडा/ उप जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि अभी रिक्तआवासों को किराए पर देने का प्रस्ताव है। इसके लिए शासन की ओर से रिपोर्ट मांगी गई है। इसे तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो जीओ जारी होगा। इसके बाद इस पर कार्रवाई शुरू होगी।

पहले 25 साल के लिए मकानों को किराए पर देने का अनुबंध किया जाएगा। बिल्डर अपनी जमीन पर किफायती रेंटल आवास एवं कप्लेक्स योजना के तहत आवास बनाकर यदि किराए पर देते हैं तो उन्हें सरकार फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) और जीएसटी सहित अन्य कई तरह की छूट देगी। इसके लिए सरकार अलग से दिशा-निर्देश भी जारी करेगी। साथ ही परियोजना को विकसित करने के लिए प्रस्ताव स्थानीय निकाय द्वारा आवास बंधु को उपलब्ध कराया जाएगा। आवास बंधु तकनीकी परीक्षण के उपरांत प्रस्ताव को केंद्र सरकार व राज्य सरकार की स्वीकृति के उपरांत नोडल विभाग सूडा को भेजेगा। इस योजना के तहत प्रवासी एवं गरीब मजदूर, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर शिक्षण संस्थाओं, सत्कार कार्यों से जुड़े लोग, पर्यटक एवं छात्र को योजना का लाभ दिया जाएगा। एससी, एसटी एवं पिछड़ा वर्ग, विकलांगों और कामकाजी महिलाओं, दिव्यांगों व अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।

## संक्षेप

### कांग्रेस नेता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल



**बैरिया/लालगंज।** कांग्रेस के नेता रहे उमाशंकर मिश्र नेता जी की 22वीं पुण्यतिथि गुरुवार को सादगी के साथ मनायी गई। इस दौरान जहां वक्ताओं ने नेता जी जीवन पर प्रकाश डाला, वहीं जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उमाशंकर मिश्र नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कांग्रेस नेता विनोद सिंह ने कहा कि जनहित के कार्य होते रहेंगे। चाहे सरकार किसी की हो, उसे कराया जाएगा और वह काम होकर रहेगा। चट्टी-चौराहा एवं चाय-पान की दुकान पर अक्सर कहा जाता कि कांग्रेस कमजोर है, जबकि दूसरी पार्टियों के साथ ऐसा नही होता। यह सुन एवं देखकर सुकून मिलता है। कहा कि स्व. मिश्र आजीवन कांग्रेस के लिए कार्य किये। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके पुत्र अशोक मिश्र बोकारो (झारखंड) में कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री के पद पर आज भी कार्य कर रहे है। यह दर्शाता है कि परिवार कांग्रेस के लिए बहुत उपयोगी है। ब्राहमण सभा के जिलाध्यक्ष सीबी मिश्र ने कहा कि जब समाज में कुछ किया जाता है तो समाज अपने हिसाब से उनको नाम दे देता है। उसी में से स्व. मिश्र जी थे। उन्हें लोगों ने नेता जी का नाम दिया है। उप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी पीयूष मिश्र ने कहा कि स्व. मिश्र आजीवन कांग्रेस को आगे बढ़ाने का कार्य किये है। इन्ही जैसे लोगों की मेहनत की वजह से कांग्रेस का अस्तित्व बचा हुआ है। कहा कि आने वाला वक्त कांग्रेस का ही है। स्व. मिश्र के पुत्र अशोक मिश्र ने जरुरतमन्दों में कंबल वितरण किया। इस अवसर पर पप्पू सिंह, जयप्रकाश तिवारी, अवधेश मिश्र, रघुनाथ मिश्र, पवन कुंवर, सुरेन्द्र मिश्र जी आदि उपस्थित रहे।

### विश्व वेटलैण्ड दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बलिया।** उप्र पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विश्व वेटलैण्ड दिवस पर बसंतपुर स्थित सुरहा ताल में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वन्य जीव संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित फेस्टिवल कार्यक्रम में ज्ञानपीठिका स्कूल जीराबस्ती के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। ज्ञानपीठिका के बच्चों ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर चित्रकला एवं प्रकृति बनाम विकास विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेकर वन्य जीव संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानपीठिका स्कूल के बच्चों ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का गीत के माध्यम से स्वागत करके किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिग्यांशु राय, ज्ञानेश्वर, प्रियांशी यादव, अनन्या, आर्या सिंह, शिवांग श्रीवास्तव, अतुल पांडेय, चित्रकला प्रतियोगिता में सुप्रिया पांडेय, रिया यादव, शिवांगी यादव, रिया सिंह, प्रियदर्शनी, पल्लवी, आकृति चौबे, सौम्या शर्मा, कृष्णा वर्मा, यशिता, ऋचा तिवारी, आरएन गुप्ता, नवेली, अनामिका सिंह आदि ने सहभाग किया। इसी क्रम में प्रकृति एवं पक्षी महोत्सव पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में निधि यादव, अस्तिका सिंह, मंशा यादव, जिग्यांशु राय, अनुष्का सिंह, आरोही वर्मा, अंश सिंह, अंकुर पांडेय, रश्मि श्रीवास्तव, शिवांगी, अनेकता आदि ने भाग लिया। सुरहा ताल में आयोजित कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण कुमार वर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग वीके आनंद, ज्ञानपीठिका स्कूल की निदेशक रीना सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजधारी ने किया।

### सुरेमनपुर स्टेशन पर बेहतर होगी यात्री सुविधाएं

**बैरिया।** बलिया-छपरा रेलखंड के सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के दिन अब बहुरने वाले है। रेलवे को प्रतिदिन लाखों रुपए आय देने के बाद भी सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन सुविधाओं से उपेक्षित है। इससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है। पेयजल, सफाई, विकलांगों के लिए व्यवस्था, रोशनी सहित कई समस्याओं का दंश यात्रियों को झेलना पड़ता है। बार-बार आग्रह के बावजूद भी रेलवे के अधिकारी यहां की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। ऐसे में सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन का अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में चयन यहां के लोगों के लिए काफी सुखद व सुविधाजनक प्रमाणित होगी। नए रेल बजट में बलिया के साथ-साथ सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन के रूप में चयनित किया गया है। रेलवे के अधिकारियों की माने तो इस योजना के तहत सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर वह सभी सुविधाएं मुहैया होंगी, जो महानगरों के रेलवे स्टेशनों पर होती हैं। प्लेटफार्म के ऊपर कोच डिस्प्ले, पूछताछ काउंटर, बेहतर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, सुरक्षा सब कुछ बेहतर होगा। हालांकि इसकी अनौपचारिक जानकारी पिछले पखवारे डीआरएम वाराणसी ने सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों को दिया था, किंतु बजट में भारत सरकार की स्वीकृति के बाद यहां के लोगों में खुशी का माहौल है।

# आमजन को साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

बोले योगेन्द्र प्रसाद

## वीडियो काल उठाते समय बरतें सावधानी



**बांसडीह।** गंभीर अपराध की श्रेणी में विश्व में दहशत फैलाने वाले साइबर क्राइम को लेकर पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। तेजी से पैर पसार रहे साइबर अपराध को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को जागरुक करते हुए सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जा रही है।

गुरुवार को साइबर अपराध से लोगों की सुरक्षा एवं सहायता को लेकर बांसडीह कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा जागरुकता अभियान का आयोजन किया। इसके अंतर्गत क्षेत्र के कई स्थानों पर लोगों को साइबर अपराध क्या है और इससे कैसे बचा जाए? इनकी जानकारी दी गई। लोगों को जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाली वीडियो काल को रिसीव न करें। वीडियो काल उठाते समय सावधानी बरतें। अनजान व्यक्ति द्वारा पूछे गए किसी भी प्रकार का वन टाइम पासवर्ड ना बताए। अनजान व्यक्ति द्वारा फोन पर सरकारी या गैर सरकारी योजना के लिए गोपनीय जानकारी न साझा करे। किसी को भी आधार कार्ड का नंबर, बैंक पासवर्ड, एटीएम पिन इत्यादि किसी से भी साझा ना करें। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद सिंह, हेकां. दिनेश यादव, कां. अजय पाल, का. शशांक यादव, मकां. शीलू वर्मा, नेहा इत्यादि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** जय प्रकाश नारायण पंक्षी बिहार सुरहाताल बसन्तपुर बलिया में वाचटावर के पास वन विभाग बलिया द्वारा अन्तरराष्ट्रीय आद्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पर्यावरण एवं वन मंत्री राजधारी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं आस-पास ग्रामिणों द्वारा बर्ड वाचिंग कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। सर्वप्रथम बर्ड वाचिंग कार्यक्रम के बाद क्रमशः चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में सफल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा प्रमाण पत्र भी दिया गया। सर्वप्रथम जनपद के प्राख्यात भूगोलविद गणेश शंकर पाठक द्वारा आर्द्रभूमि के महत्व एवं संरक्षण के बारे में विस्तार से अपना मत रखा गया। जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक डी०पी० तिवारी द्वारा सुरहाताल एवं आर्द्रभूमि के बारे में विधिवत रूप से बताया गया, तत्पश्चात मंत्री द्वारा आर्द्रभूमि तथा प्रकृति के सम्भन्ध में बताते हुए यह बताया गया कि किस प्रकार से सनातन धर्म में प्राचीन काल से ही प्रकृति की पूजा की जाती रही है। हमारे विद्वान पूर्वज प्राचीनकाल से ही पीपल, बरगद, तुलसी, शमी आदि पौधों का पूजा किया करते थे। तत्पश्चात कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे पूर्व वन मंत्री राजधारी सिंह द्वारा आर्द्रभूमि के सम्बन्ध में अपना विचार व्यक्त करते हुए बताया गया कि प्रकृति का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य हैं। हमें हमेशा प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहना चाहिये। अन्त में कार्यक्रम का समापन करते हुये प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग बलिया, वी0के0 आनन्द द्वारा बताया गया कि यह आर्द्रभूमि उसी प्रकार कार्य करती है, जैसे की जीव के शरीर में कीडनी, जिस प्रकार से कीडनी शरीर में खराब तत्वों को छानकर बाहर कर देती है, उसी प्रकार आर्द्रभूमि भी भू-गर्भ जल को छानकर स्वच्छ करती है। कार्यक्रम का संचालन इफ्तिखार खान, अध्यापक राजकीय इण्टर कालेज बलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शंकरनाथ सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी बलिया, राजेश कुमार श्रीवास्तव क्षेत्रीय वन अधिकारी बैरिया, सुरेन्द्र प्रतास सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी मनियर भूपेन्द्र तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह, मंजीत सिंह, कृष्ण कुमार सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संचालक ने चोरी की झूठी अफवाह फैलाकर महिला मित्र को दिया पैसा

## पुलिस को दी सूचना, बाइक की डिकी तोड़ उचक्कों ने उड़ा दिए 1.97 लाख

ठगी

### पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में सच आया सामने

जनसंदेश न्यूज



*इस मामले में एडिशनल एसपी त्रिभुवननाथ त्रिपाठी का कहना है कि घटना झूठी है, ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने राशि महिला मित्र और दूसरे मित्र को दे दी है।*

**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोपागंज भातकोल बाजार स्थित एक बैंक परिसर के पास बुधवार की दोपहर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की बाइक की डिक्की तोड़कर उचक्कों ने दो लाख की नकदी उड़ा दी। लेकिन पुलिस की जांच में सामने आया कि संचालक ने उचक्कागिरी की झूठी कहानी गढ़ रुपये महिला मित्र को दे दिए हैं। कोपाकोहना निवासी यशवंत मौर्या कोपागंज नगर पचायत के दोस्तपुरा मुहल्ले अपने घर में ही यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा संचालित करता है। बुधवार की दोपहर करीब दो बजे वह 1 लाख 97 हजार रुपये लेकर भातकोल स्थित बैंक की शाखा में जमा कराने पहुंचा। वहां पहुंच वह शोर मचाने लगा कि उसकी बाइक की डिकी तोड़कर उचक्के उसका धन लूट ले गए। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, बाइक की डिकी भी टूटी मिली। उसने बताया कि वह लोगों से जमा धन को जमा कराने आया था। इस बीच बैंक से तीन हजार और निकालकर कुल दो लाख जमा करना चाहता था। वह तीन हजार निकालकर जब बैंक से करीब 20 मिनट बाद बाहर निकला तो बाइक की डिकी का लॉक टूटा पड़ा है। उसने इसकी सूचना कोपागंज पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। शका होने पर पुलिस ने यशवंत से पूछताछ की तो पता चला कि उसने बैंक में केवल तीन हजार रुपये जमा किए। अपने पिता से लिए रुपये उसने अपनी महिला मित्र और दोस्तों को दे दिए

# मारपीट कर नगदी सहित मोबाइल लूटकर फरार हुए चार बदमाश

जनसंदेश न्यूज

दबंगई

## अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के कुथीर्जाफरपुर निवासी आयुष सिंह कोपागंज थाने लिखित तहरीर दे बताया कि फैजुल्लाहपुर के पास बुधवार की देर रात करीब 10 बजे दो बाइक सवार चार बदमाशों ने मारपीट कर नगदी सहित मोबाइल व अन्य सामान लूट कर फरार हो गए।

सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी अमित मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। आयुष सिंह घोसी के मझवारा स्थित हीरो मोटर कंपनी में गाड़ी फाइनेंस का काम करता है। देर रात पैसा कलेक्ट करने के बाद वह अपने घर आ रहा था। अभी वह फैजुल्लाहपुर के पास पहुंचा था कि सड़क पर बांस लगाकर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। वह अभी कुछ समझ पाता कि बदमाशों ने उसके हाथ और सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। इससे वह घायल हो गया। बदमाशों ने 10 हजार नकदी, 30 हजार कीमत की मोबाइल और पांच हजार की घड़ी लूट लिए। इसी दौरान कोपागंज की तरफ से गौहरपुर निवासी कीमत सिंह अपने चार पहिया वाहन से आ रहे थे। वाहन की रोशनी देख बदमाश वहां से फरार हो गए। घायल आयुष ने कीमत सिंह को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद कीमत सिंह की मोबाइल से ही डायल 112 को सूचना देकर स्वजन को इसकी जानकारी दी। देर रात पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर सामान बरामदगी की गुहार लगाई। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, जल्द ही मामले का पदार्फाश किया जाएगा।

# फाइलेरिया दवा के सेवन को दिलाया संकल्प

बैठक

## रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में किया गया जागरूक



### साल में एक बार करें दवा का सेवन

**बलिया।** जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने कहा कि आमतौर पर शुरुआती दिनों में फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। इसके लक्षण आने में 10 से 15 साल लग जाते है। इसमें पैरों और हाथों में सूजन, हाथी पांव और हाइड्रोसिल (अंडकोषों की सूजन) आने लगती हैं। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है, बल्कि इससे मरीज की मानसिक और सामाजिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होता है। मच्छर गंदगी में पैदा होते हैं। इसलिए इस रोग से बचना है तो आस-पास सफाई रखना जरूरी है। दूषित पानी, कूड़ा जमा न होने दें। जमे पानी पर कैरोसीन तेल छिड़क कर मच्छरों को पनपने से रोकें। सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने अपील किया कि साल में एक बार फाइलेरिया की दवा का सेवन करें, जिससे बीमारी से बचाव हो सके।

**बलिया।** जिले में फाइलेरिया से बचाव और इसमें सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर अनेक प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव की अध्यक्षता में सरस्वती शिशु मंदिर जगदीशपुर शहरी क्षेत्र में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक को एमडीए अभियान के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन तथा फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पीसीआई संस्था के जिला समन्वयक संजय सिंह ने फाइलेरिया दवा सेवन का संकल्प दिलाया। इस दौरान बायो लाजिस्ट हेमंत कुमार एवं फाइलेरिया निरीक्षक शशि कुमार सिंह टीम के साथ उपस्थित रहे एवं प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित किये। इसी कड़ी में दुबहड़ ब्लाक में स्थित महावीर नर्सिंग स्कूल में प्रशिक्षणरत जीएनएम, एएनएम एवं स्टाफ को जिला मलेरिया अधिकारी, पीसीआई के अर्पित कुमार श्रीवास्तव ने एमडीए अभियान एवं फाइलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में जागरूक किया। मलेरिया निरीक्षक सुशील कुमार यादव एवं वरुण कुमार यादव ने कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवा के सेवन के प्रति जागरूक किया।

# केंद्र सरकार के बजट में महिलाओं के लिये कुछ भी नहीं

बजट पर प्रतिक्रिया

## आम बजट सिर्फ नाम का है आम जनता के लिये बजट में जुमलों के सिवाय कुछ भी नही

जनसंदेश न्यूज





**कोपागंज, मऊ।** आम बजट में प्रतिक्रिया देते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा गीता राजभर ने कहा कि इस बजट से महिलाएं काफी हताश एवं निराश है। आम बजट में महिलाओं को हर बार की तरह इस बार भी निराशा ही मिला। 2014 में 100 दिन में महंगाई कम करने की बात नरेन्द्र मोदी ने कहे थे महिलाओं को समझ नहीं आ रहा है कि नरेन्द्र मोदी के गिनती में 100 दिन आएंगे या नहीं। आम बजट पर महंगाई से निजात मिलेगा आश लगाये महिलाएं बैठी थी लेकिन बेलगाम महंगाई पर वित्त मंत्री भी चुप्पी साध ली है। आम बजट सिर्फ नाम का रह गया है। 9.6 करोड़ लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन देने की इस बजट में बात कही जा रही है लेकिन इस बात का जिक्र नही किया गया कि मोदी सरकार के गलत नीति के कारण गैस सिलेंडर के दाम 1200 रुपये हो गये है। दैनिक जीवन के आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ती जा रही है। गीता राजभर ने कहा कि निर्मला सीतारमण का पांचवां बजट था और ये बजट बीजेपी की अंतिम बजट होगी आधी आबादी महिलाओं का बजट में अनदेखी किया गया है। महिला सुरक्षा के नाम पर बजट में कुछ नही। इस बजट से हर वर्ग निराश है। बजट के नाम से जनता के साथ धोखा है।वही कांग्रेस पार्टी की प्रवक्ता पूजा राय ने कहाकि न किसान, न नौजवान, न जवान इस बजट में किसी के लिए नहीं है कोई प्रावधान, अमृतकाल में अमृत के लिए तरस रहा आम इंसान और पूजीपतियों की लूट हुई है।

आसान देश के 70 से 80 करोड़ अन्नदाताओं के इंतजार के बाद भी एमएसपी दोगुनी ना होने और हर साल बेरोजगार नौजवानों को 2 करोड़ रोजगार देने की कोई योजना न देना देश के लोगों के साथ रहने का झूठा दिखावा कर उनकी छाती पर मूंग दलने जैसा है। ये लोग 50 एयरपोर्ट बना रहे हैं और बनने के बाद किसको देंगे यह आपको भी पता है हमको भी पता है तो इस बजट को आप किसी तरह से भी घुमा फिराकर देखें यह अडानी बचाओ योजना का बजट है।


### बटुक भैरव की पूजा से मिलती है तीनों तापों से मुक्ति

**मऊ।** जनपद के नगर क्षेत्र स्थित श्री राम जानकी मंदिर पावर हाउस के वार्षिक महोत्सव के क्रम में वाराणसी से आए पंडित मनोज शास्त्री के आचार्य में दूसरे दिन गुरूवार को मंदिर में गौरी गणेश, सांगो पांग पूजा की गई। वही पंडित मनोज शास्त्री ने आज के अजमान रहे सुनील दुबे, आनंद प्रताप दोनों ही सपरिवार के साथ बटुक भैरव एवं गौरी गणेश जी की पूजा अर्चना कराई गई। पूजा पर बैठे यजमानों ने गौरी गणेश एवं भगवान बटुक भैरव जी की फूल माला, धूप अगरबत्ती के साथ भोग आरती कर उनकी विधिवत पूजा अर्चना की गई। बताते चलें कि आज की पूजा में पंडित मनोज शास्त्री ने गौरी गणेश की पूजा के बाद क्षेत्रपाल पीठ का निर्माण करके क्षेत्रपाल पीठ पर भगवान बटुक भैरव का आह्वाहन, स्थापन किया गया और भगवान बटुक भैरव का अंग आवरण पूजन किया गया, साथ में श्री राधा कृष्ण का अंग आवरण पूजन के साथ भगवान बटुक भैरव को अष्टद्रव्य से बलिदान दिया गया। भगवान बटुक भैरव को अष्ट द्रव्य से बलि देने से भगवान बटुक भैरव अति शीघ्र प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। भगवान बटुक भैरव की पूजन करने से आदि दैविक आदि भौतिक एवं आध्यात्मिक तीनों तापों से मुक्ति मिलती है।

# मध्यम, गरीब वर्ग को मरणासन्न अवस्था में ले जाएगा ये बजट

जनसंदेश न्यूज





**कोपागंज, मऊ।** कांग्रेस पार्टी के नेता धर्मेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार के वित्त बजट को मध्यम व गरीब वर्ग के लिए कंटक की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि, इस बजट में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों को एमएमपी और उनकी आय दोगुनी करने सहित कई जरुरतों को वित्त मंत्री निर्मला सितारमण ने नजर अंदाज कर देश को बदहाल स्थिति की ओर मोड़ दिया है। कांग्रेस पार्टी के धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि-घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्यान्न में बढ़ती महंगाई में किसी तरह की राहत बजट में शामिल नहीं है। रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत जरुरतों के लिए जूझने वाले मध्यमवर्गीय और गरीब वर्ग को यूं ही उनके हाल पर छोड़ दिया गया है, उनकी आर्थिक प्रगति और खर्च में राहत के लिए मोदी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए हैं। उन्होंने कहा कि-देश का अन्नदाता परेशान है। कई मांगों को लेकर देश किसानों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन देख चुका है, जो हालात इस सरकार ने किसानों के लिए पैदा किए हैं वैसा पहले कभी नहीं हुआ। इस बजट में एमएसपी और किसानों की आय दोगुनी करने के मामले में सरकार ने क्या किया कुछ नहीं। किसानों को जिस तरह बजट से बाहर किया गया है वे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सपा नगर अध्यक्ष हबीब ने कहा कि ने बजट पर कहा है, ह्भाजपा अपने बजट का दशक पूरा कर रही है पर जब जनता को पहले कुछ न दिया तो अब क्या देगी। भाजपाई बजट में बुनकरों के पक्ष में कुछ भी नहीं है। 2023 का बजट पूजी पतियों के लिए है साथ ही महंगाई व बेरोजगारी को और बढ़ाता है। किसान, मजदूर, युवा, महिला, नौकरीपेशा, व्यापारी वर्ग में इससे आशा नहीं, निराशा बढ़ती है क्योंकि ये चंद बड़े लोगों को ही लाभ पहुँचाने के लिए बनता है।

# चोरी के चार हजार रुपये के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान कुसुम्हा नहर पुलिया के पास से संदीप ओझा पुत्र सूर्य प्रकाश ओझा निवासी टिहा मुहम्मदपुर थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर के कब्जे से चोरी के 04 हजार रुपए व चोरी करने मे प्रयुक्त सामान (पिलाश, रिंच, रम्मा व अन्य सामान) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त चोरी की सूचना थाना स्थानीय पर वादी संजय मद्धेशिया निवासी गोठा थाना दोहरीघाट द्वारा दी गयी थी जिनके न रहने पर घर से रुपए व अन्य सामान चोरी हुवा था।

इस सूचना पर थाना स्थानीय पर अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 282/22 धारा 547,380 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# सात फरवरी को होगा सीएम सामूहिक विवाह

**जनसंदेश न्यूज**



**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत एक वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन सात फरवरी एवं नौ मार्च को निर्धारित किया। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्या तथा विधवा/परित्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र होंगे। इस आशय की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने दी है। आगे बताया कि इच्छुक पात्र जोडे. अपना रजिस्ट्रेशन संबंधित विकास खण्डों,नगर पालिका परिषद,नगर पंचायत में आवेदन, रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। पात्रता की शर्ते कन्या के अभिभावक उ.प्र के मूल निवासी हो, कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हो, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय रू. 2.00 लाख के अन्तर्गत हो, विवाह हेतु कन्या की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल, शैक्षिणिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड, आधार कार्ड मान्य होगा। इस योजना के अन्तर्गत परिवारों के कन्या का विवाह/विधवा/परित्यक्ता/ तलाकशुदा, जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुनर्विवाह कराया जाना है।

# भाजपा नेता प्रभुनाथ चौहान को मनोज सिन्हा ने दी श्रद्धांजलि

## जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल का जगह-जगह समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

**जनसंदेश न्यूज**



समर्थकों के बीच घिरे उप राज्यपाल मनोज सिन्हा।

**गाजीपुर।** जम्मू कश्मीर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा जिले में एक दिवसीय के दौरे के तहत गुरूवार को अपने लोगो के बीच पहुंचे। उन्होंने भाजपा देवकली मंडल के पुर्व मंडल अध्यक्ष तेरसू यादव के 90 वर्षीय पिता क्षेत्र के जाने माने पहलवान बिहारी यादव के निधन पर उनके घर महमुदपुर हथिनी पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए।

इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने सहयोगी प्रभुनाथ चौहान के निधनोपरांत उनके घर दुल्लहपुर जाकर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को ढ़ाढस बधाया। वहीं मुस्तफाबाद गांव निवासी भाजपा नेता मनोज सिंह के घर उनके माँ शान्ति देवी के निधन पर उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा बस्तपुर ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार सिंह के पिता निधन पर उनके घर अपनी संवेदना व्यक्त कर वाराणसी एअरपोर्ट के लिए निकल लिए। इस दौरान उप राज्यपाल के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,डा संगीता बलवंत, कालीचरण राजभर, सरोज कुशवाहा,कृष्ण बिहारी राय,ब्लाक प्रमुख अवधेश राय,राहुल राय, संतोष यादव,योगेन्द्र सिंह,मशाला सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह ,विनोद अग्रवाल, प्रवीण सिंह,ओमप्रकाश राय,सुनिल सिंह, दयाशंकर पांडेय, अखिलेश सिंह, श्यामराज तिवारी, संकठा प्रसाद मिश्रा,अच्छेलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# करोड़ों की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कामयाबी**

### सत्तर हजार नगद और दो वाहन बरामद

**जनसंदेश न्यूज**



पुलिस टीम के गिरफ्त में हेरोइन तस्कर एवं बरामद वाहन।

**गाजीपुर।** पुलिस ने शातिर हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से एक करोड़ 20 लाख की हेरोइन बरामद की है। इसके साथ ही 70 हजार रूपए और एक स्कार्पियों तथा एक टाटा जेस्टा गाड़ी भी कब्जे में लिया है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि जिले में अपराधिक गतिविधियों और माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शादियाबाद प्रभारी निरीक्षक घनानन्द त्रिपाठी प स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय और सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली की कुछ हेरोईन तस्कर, हेरोईन सप्लायर से हेरोईन लेने के लिये बेसो नदी पुल युसुफपुर पर पहुंचने वाले है। यदि जल्दी किया जाए तो तस्कर माल के साथ पकड़े जा सकते है। पुलिस ने बेसो नदी पुल युसुफपुर के दोनो तरफ घेराबन्दी कर दी। कुछ समय बाद बेसो नदी पुल पर अम्बेडकर मोड की तरफ से तथा चौरा की तरफ से एक-एक चार पहिया वाहन आये और पुल पर खड़ा कर आपस मे कुछ लेन देन करते हुए बातचीत करने लगे। पुलिस टीम दोनो तरफ से एक घेरकर बात कर रहे दोनो व्यक्तियो के पास जैसे ही पहुँचे कि दोनो व्यक्ति चौरा की ओर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने तस्करों को घेरकर पुल से करीब 10-15 कदम दूरी पर ग्राम चौरा की ओर जाते जाते पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्करों के पास से 1200 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत 01 करोड़ 20 लाख है। इसके साथ ही 70,000 रुपया नकद, स्कार्पियों और टाटा जेस्टा गाड़ी बरामद हुई।

### मीडिया का बोर्ड लगाकर चलता था हेरोइन तस्कर

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि अभियुक्त सुभाष यादव अपनी गाड़ी पर पूर्वांचल न्यूज का पोस्टर लगा मीडिया की गाड़ी बताकर उसमें हेरोइन की तस्करी का कार्य काफी समय पूर्व से करता है। उस पर पहले से ही थाना करण्डा में गैंगस्टर का अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त रामजी भी पूर्व में थाना जमानियां से मादक पदार्थ तस्करी में जेल जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्तों पर जिले के विभिन्न थानों पर पहले से ही कई मुकदमें दर्ज है।





प्रेस के फर्जीआई कार्ड पर चस्पा तस्कर की फोटो।

### बिहार और गाजीपुर के तस्करों का गठजोड़

गिरफ्तार तस्कर रामजी सिंह पुत्र निर्मल सिंह बिहार राज्य के बक्सर जिले के ब्रम्हपुर पश्चिम टोला का निवासी है। उसके कब्जे से एक स्कॉर्पियो सफेद जिसमें 500 ग्राम हेरोइन व 50 हजार नगद बरामद किया गया। दूसरा तस्कर सुभाष यादव पुत्र स्व. शेषनाथ यादव गाजीपुर जिले के देवकली गांव का निवासी है। इसके कब्जे से एक चार पहिया टाटा जेस्ट में 700 ग्राम हेरोइन व 100-100 रुपये की दो गड्डी कुल 20000 रुपया बरामद हुआ।

### पीपा पुल निर्माण में अधिकारी बरत रहे लापरवाही

**भांवरकोल।** पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक राय के अध्यक्षता में वीरपुर आवास पर कांग्रेस जनों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बारा वीरपुर निकट फिरोजपुर गंगा घाट पर पीपा पुल निर्माण कार्य इस बार विलंब होने से लोगों की कठिनाइयों में पर चर्चा का विषय रहा। बैठक में अशोक राय ने कहा कि अगर भाजपा की सरकार इस साल पीपा पुल लगाने में लापरवाही कर रही है। जिससे लोगों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मोहम्मद याहिया खान ने उत्तर प्रदेश सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद जी से दोबारा पत्र लिखकर मांग किया है। बारा वीरपुर निकट फिरोजपुर गंगा घाट पर पीपा पुल इस वर्ष काफी विलंब जिससे का आने जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नाव का सहारा लेना पड़ता है। डीएम कसे से शिकायत करने के बावजूद भी पीपा पुल की स्थिति जस की तस बनी है। बैठक में पूर्व प्रधान इंदु राय, श्रीराम प्रकाश कुशवाहा , संजय राय, सच्चिदानन्द ठाकर, इरफान खान आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अशोक राय एवं संचालन संजय राय ने किया।

# सरकार की कौशल योजना वास्तव में सार्थक : डीएम

## पीरनगर स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरित



पीरनगर स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरित करती डीएम आर्यका अखौरी।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन द्वारा जनपद के पीरनगर स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के जिला समन्वयक मुकेश कुमार थे। जिनका ससम्मान स्वागत संस्था की वाईस चेयरपर्सन विनीता सिंह ने किया। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन द्वारा जनपद में संचालित सभी केंद्र प्रबंधकों ने भी पुष्प देकर अतिथिगण का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि व जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के जिला समन्वयक मुकेश कुमार द्वारा समस्त केंद्र के काउंटर का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया एवं संचालित कोर्स के विषय व प्रशिक्षण से सम्बन्धित सभी जानकारी प्राप्त की। द्वितीय चरण में कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी तथा वेलनेस सेक्टर के अंतर्गत प्रशिक्षणरत अभ्यर्थियों द्वारा सम्बन्धित विषय के लाइव कार्य का निरीक्षण व अवलोकन कर योजना से होने वाले लाभ के बारे बातचीत की, तदोपरांत तीसरे चरण में अपरेल व हेंडीक्राफ्ट सेक्टर में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों से बातचीत की। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन के वाईस चेयरपर्सन ने कहा कि मिशन निदेशक अंदर वामसी के कुशल कार्यप्रणाली में उच्चतम स्तर का रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर युवा वर्ग आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में समस्त प्रशिक्षण केंद्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित पहले तीन प्रशिक्षण केन्द्रों में से नंदगंज प्रशिक्षण केंद्र को प्रथम स्थान, पीर नगर प्रशिक्षण केंद्र को द्वीतीय स्थान तथा सुहवल प्रशिक्षण केंद्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण केंद्र को पुरस्कृत करने के उपरांत मुख्य अतिथि ने प्रत्येक केंद्र में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन-तीन अभ्यर्थियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रतिदिन 13 किलोमीटर की दूरी तय प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली अभ्यर्थी पिंकी कुमारी को संस्था द्वारा उपलब्ध साइकिल पुरस्कार स्वरुप दिया गया। जिलाधिकारी ने सम्बोधन में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आईटी एजुकेशन संस्था द्वारा प्रदान किये जा रहे कौशल प्रशिक्षण व अभ्यर्थियों से मिली जानकारी इस बात को प्रमाणित करता है कि सरकार द्वारा संचालित कौशल योजनाएं वास्तव में सार्थक साबित हो रही हैं एवं कौशल से जुड़े समस्त अधिकारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का इमानदारी से निर्वहन कर रहे है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के एमआईएस प्रबन्धक विकास यादव, राहुल यादव, भारत कुशवाहा, रोहित जयसवाल, आकांक्षा श्रीवास्तव, अनित, स्मृता, संजू, नसरीन, नाजिश, पल्लवी, सबाना, सरोज, नितीश, अंजुम, सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### आठ घंटा बाधित रहेगी बिजली सप्लाई

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत विद्युत वितरण खंड तृतीय मुहम्मदाबाद की विद्युत आपूर्ति सुबह रोस्टिंग के बाद से आठ घंटे बंद रहेगी। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण खंड तृतीय सत्यम त्रिपाठी ने बताया कि 33 / 11 केवी उपकेंद्र तहसील मुहम्मदाबाद की विद्युत आपूर्ति लगभग आठ घंटे बंद रहेगी। विद्युत आपूर्ति सुबह रोस्टिंग के बाद से बंद हो जाएगी। रोस्टिंग का 2 घंटा इसी समय के 8 घंटे से जुड़ा है। विद्युत आपूर्ति के बंद होने का कारण 33/11 केवी उपकेंद्र पुराना मुहम्मदाबाद के स्वतंत्र पोषक (1) का अनुरक्षण का कार्य होना है।कार्य पूर्ण होने के पश्चात विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रहीं दुकानें

**मरदह।** डीएम के सख्त निदेशों के बावजूद भी नगर में साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई है।बंदी के दिन भी व्यापारी अपनी दुकान खोले रहते हैं। इस ओर श्रम विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।शहर के बाजारों में गुरुवार के दिन साप्ताहिक बंदी का अवकाश घोषित किया हुआ है।डीएम ने साप्ताहिक बंदी का शक्ति के साथ पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हुए हैं।इसके बावजूद भी यहां कुछ व्यापारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। वृहस्पतिवार को साप्ताहिक बंदी के दिन भी कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकान खोली जहां बेरोकटोक ग्राहकों को सामान दिया जा रहा है।इस ओर श्रम विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बाजार में दुकानों पर कार्य करने वाले श्रमिकों को अवकाश नहीं मिल पा रहा है।दुकानदारों के द्वारा सुबह से ही दुकानें अन्य दिनों की तरह की खोलीगई।बाजार में खाने पीने की दुकानें,रेडीमेड कपड़ों की दुकान,जनरल स्टोर,जुता चप्पल,मोबाइल सहित अन्य प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह ही खुले रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारियों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पालन करना व्यापारियों के लिए जरूरी है।चेकिंग के दौरान जो भी दुकानदार प्रतिष्ठान खुले मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# पचीस लाख 14 हजार की बेनामी अंचल संपत्ति कुर्क

**जनसंदेश न्यूज**

**जमानियां।** स्थानीय नगर स्थित कानूनगो मोहल्ला (कसाई मोहल्ला) निवासी मुतुर्जा कुरैसी द्वारा अवैध कमाई कर अपनी पत्नी मुन्नी बेगम के नाम से 25 लाख 14 हजार की बेनामी अचल सम्पत्ति को बुधवार को कुर्क किया गया।

जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर एक फरवरी 2023 को मुकदमा अपराध संख्या 284/ 22 धारा 3 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 से सम्बंधित आदेश का पालन करते हुए मुतुर्जा कुरैशी पुत्र सलीम कुरैशी द्वारा अर्जित की गई अपनी पत्नी मुन्नी बेगम के नाम से मौजा लोदीपुर संख्या व अराजी संख्या 43 रकबा 0,044 हेक्टेयर में से 126,66 वर्ग मीटर भूमि 17/ 3/2017 को अचल सम्पति क्रय किया। इस भूमि पर निर्माण भवन की कुर्क की कार्यवाही किया गया। इस दौरान मौजूद पुलिस कर्मियों ने घर में रह रही सभी महिलाओं को जरूरत की सामान लेकर निकल जाने के लिए निर्देशित किया गया। महिलाओं के घर से निकलने के बाद तहसीलदार ने तालबंदी कर कुर्क की कार्यवाही किया। ज्ञात हो कि बीते एक जुलाई को भारी मात्रा में गोवंश बरामद हुए थे। पशु तस्करी के मामलें वांछित करीब दो माह से फरार चल रहे ग्यारह गैंगेस्टर के आरोपियों के खिलाफ एसीजेएम न्यायालय द्वारा नोटिस जारी कर पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सख्त निर्देश दिया गया था। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक वंदना सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ उक्त मोहल्ले में फरार सभी ग्यारह आरोपियों की तलाशी ली गई।

उनके न मिलने पर पुलिस ने डुगडुगी पिटवा उन्हें पुलिस या न्यायालय के समक्ष जल्द हाजिर होने के लिए निर्देश दिया। साथ ही सभी आरोपियों के घरों पर कुर्की की नोटिस चस्पा कर उनके परिजनों को तामिला करा दिया। पुलिस के इस कार्रवाई के बाद आरोपियों के परिजनों सहित उनके शरणदाताओं में पुलिसियां कार्रवाई का भय सताने लगा है।

पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के जरिए चेताया कि अगर तय समय पर आरोपी हाजिर नहीं हुए तो न्यायालय के आदेश पर कुर्की की अगली कार्रवाई तय है। पुलिस के अनुसार इस पूरे वाकये में कोतवाली में 41 महिला व पुरूष के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इनमें से 30 को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर उनका चालान कर चुकी है। मगर 11 आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किए जाने के बाद से फरार चल रहे हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भारत भार्गव, तहसीलदार लालजी विश्वकर्मा, सीओ विजय आन्नद शाही, सुहवल इंजार्च तारावती देवी, दिग्विजयनाथ तिवारी, सुबाष, क्रांति प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध के पदचिह्नों पर चलकर देश का होगा उत्थान

## सम्राट अशोक क्लब के तत्वावधान में मना लटिया महोत्सव

**जनसंदेश न्यूज**





लटिया महोत्सव में बोलते मुख्यअतिथि धम्म गुरु भिक्खु धम्मदीप।

**जमानियाँ।** क्षेत्र के ग्राम लटिया में गुरुवार को सम्राट अशोक क्लब की ओर से 27वीं संगीति के अवसर पर लटिया महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें दूर-दराज से आए लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि कोरिया इंडिया फ्रेंडशिप रिलेशन एसोसिएशन के चेयरमैन पूज्य धम्म गुरु भिक्खु धम्मदीप ने लटिया लाट पर पंचशील दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना कर किया। मुख्य अतिथि धम्म गुरु भिक्खु धम्मदीप ने कहा कि भारतवर्ष ने कोरिया को 2000 वर्ष पहले बहुत बड़ा उपहार दिया था।

उस उपहार में साकेत नगर की राजकुमारी कोरिया गई थी और वहां के राजकुमार से उन्होंने अपना विवाह किया। उनके साथ उनके भाई जो भी खुद ही एक भिक्खु थे वहां गए और उन्हीं के माध्यम से बुद्ध का धम्म कोरिया पहुंचा। इस बात के कर्ज के बदले हम भारतवर्ष को संपन्न व धम्म के मार्ग पर चलते हुए सुखी बनाना चाहता हूं। यहां सुख समृद्धि देखना चाहता हूं, इसके लिए सबसे अच्छा जो उपाय है वह है भगवान बुद्ध द्वारा बताई गई साधना है। पूर्व निदेशक यूजीसी मानव संसाधन केंद्र बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी प्रो. प्रवेश कुमार श्रीवास्तव ने सम्राट अशोक महान के अभिलेखों और उनमें लोक कल्याणकारी बातों का तथा उनके द्वारा किए गए पूरे विश्व की मानवता के लिए जो कार्य किए गए हैं उन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उन्होंने अपनी बात रखी।

सम्राट अशोक क्लब के मुख्य वक्ता भीष्म कुमार मौर्य ने अपने वक्तव्य में बताया कि सम्राट अशोक महान ने अपनी लोक कल्याणकारी नीतियों को लोहे की कलम से पत्थर रूपी कागज पर इस प्रकार लिखवाया कि उसे पानी न गला सके न ही आग जला सके न ही कोई उसे मिटा सके और वह संदेश जनता के लिए कल्याणकारी और करुणा से भरा हुआ है। लटिया महोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष धनंजय मौर्य ने सभी अतिथियों व कार्यक्रम में आए हुए लोगों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। सात राज्य में पद यात्रा व 14 प्रदेश में साइकिल करने वाले नूरपुर-गोहदा ग्राम निवासी विश्वजीत सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रकाश मौर्य, एसडीएम भारत भार्गव, तहसीलदार लाल जी विश्वकर्मा, सीओ विजय आनन्द शाही, कोतवाल बन्दना सिंह, गिरजा देवी, शाक्य महतिम सिंह मौर्य, हरिश्चन्द्र मौर्य, अरविन्द कुमार मौर्य, संतोष कुशवाहा, माया सिंह, राजू कुशवाहा, मोनू कुशवाहा, पिन्टू मौर्या आदि हजारों लोग मौजूद रहे। क्लब के राष्ट्रीय महाप्रबंधक डॉ आरपी मौर्यङ्क राष्ट्रीय महासचिव शत्रुघ्न सिंह शाक्यङ्क हरि राम मौर्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दीनानाथ मौय एवं संचालन प्रवीण कुमार ने किया।

## संक्षेप

### विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**गाजीपुर।** सम्पूर्ण प्रदेश में मनाये जा रहे नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल के तहत मंगलवार को विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वर्ल्ड वेटलैण्ड डे) के अवसर पर जनपद में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग के द्वारा जन जागरूकता का कार्यक्रम सम्पूर्ण जनपद में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यतः पुरैनाताल महाहर धाम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि पक्षी विशेषज्ञ डा. दिवाकर मिश्रा एवं डा. सर्वेश कुमार सिंह, प्रवक्ता महिला पीजी कालेज रहे। कार्यक्रम में रामचन्द्र मेमोरियल इण्टर कालेज, सरायमुबारक के विभिन्न वर्गों में लगभग 250 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदीप कुमार प्रभागीय निदेशक द्वारा स्वागत भाषण से किया गया। जिसमें उनके द्वारा विश्व वेटलैण्ड दिवस मनाये जाने के कारण एवं उसकी गहत्ता बताई गई। कार्यक्रम में उपस्थित पक्षी विशेषज्ञों द्वारा बर्ड वाचिंग के दौरान स्कूली बच्चों को वेटलैण्ड में पाये जाने वाले पक्षियों के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली,वाद-विवाद, चित्रकला का आयोजन किया गया एवं विजेता छात्रों को पुरस्कृति किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक यादव, उप प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, एनजीओ एवं मरदह रेंज के स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

### सीडीपीओ की खराब प्रगति पर सीडीओ खफा



**गाजीपुर।** जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में पिछली बैठक में दिये गये निदेशों के समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान पोषण टैज्कर पर आधार, वजन, गृह भ्रमण, तथा केन्द्र संचालन की स्थिति की जानकारी ली तथा सैम/मैन बच्चों के सन्दर्भ में एनआरसी में भर्ती हुए बच्चों की संख्या पूछा तथा आधार बेस्ड डेस्क टाप तथा टेबलेट पर किये गये कार्य की स्थिति, ऑगनबाड़ी केन्द्रों की जियों टैगिंग की स्थिति एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों का विद्युतीकरण हेतु प्राप्त बजट पर हुये कार्यवाही की समीक्षा एवं जनपद में संचालित किराये के भवनों हेतु प्रस्ताव की मॉग पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के पोषण टैज्कर पर गृह भ्रमण 60 प्रतिशत से अधिक तथा वजन 80 प्रतिशत होने पर आगनबाड़ी कार्यत्रियों को मानदेय सम्बन्धी प्रोत्साहन राशि प्राप्त होता है। जिसपर उन्होने अधिक से अधिक मानक को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने होम विजिट के समीक्षा के दौरान बिरनो सीडीपीओ के द्वारा होम विजिट में प्रगति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकरी,समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### रैली निकालते एनसीसी कैडेट




**गहमर।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय मुगलसराय के तत्वावधान में 91यूपी बटालियन गहमर इंटर कालेज के एनसीसी कैडेटों ने पुनीत सागर अभियान के तहत कमान अधिकारी (सीओ) प्रभात कुमार मिश्रा के आदेश पर एनसीसी लेफ्टिनेंट विजय यादव के नेतृत्व में अभियान चलाया गया।अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर पुनीत सागर अभियान का आरंभ राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा गंगा किनारे, तालाब किनारे, नहर व झील आदि जलीय संरचनाओं की स्वच्छता के लिए किया गया है। प्रधानाचार्य मारकंडेय यादव ने इस तरह की गतिविधियों के संचालन के लिए कैडेटों और एएनओ के प्रयास की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि जलस्रोतों को साफ-सुथरा रखने के लिए कैडेटों के यह प्रयास आम लोगों को प्रेरणा मिलेगी। क्योंकि कॉलेज के एनसीसी कैडेट हमेशा सामाजिक और राष्ट्रीय हित के लिए खड़े रहते हैं। एएनओ विजय यादव ने बताया कि गंगा नदी तट से कचरा एकत्र का मुख्य उद्देश्य हमारे जल निकायों को प्लास्टिक और कचरा मुक्त बनाना है। बताया कि आज के स्वच्छता अभियान के तहत कॉलेज के कुल 122 कैडेट एवं 2 पूर्व कैडेटों ने लगभग 30 किलोग्राम कचरा और प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विजय यादव, मनोज कुमार, सोनू यादव, नीलम पांडे, विनीता कुमारी, काजल शर्मा, मनीष राजभर, देविका भारती, चंचल कुमारी आदि मौजूद रहे।

### यूपी-बिहार बार्डर पर लगा सौर ऊर्जा



**बारा।** यूपी-बिहार सीमा पर सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। कर्मनाशा पुल पर स्थित पुलिस चेकपोस्ट बारा पर बिजली की सुविधा नहीं है। रात के अंधेरे में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे अपराधी बेरोक-टोक एक से दूसरे राज्य में चले जाते हैं। अब बार्डर पर स्थित चेकपोस्ट सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगाने लगा है, वहीं बार्डर की निगहबानी तीसरी आंख से होगी। इससे आपराधिक व तस्करी गतिविधियों पर रोक लगेगी। उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने सुरक्षा व्यवस्था व संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बिहार सीमा पर स्थित बारा पुलिस चेकपोस्ट पर सीसी कैमरा और लाइट लगाने का निर्देश दिया है। उनके निदेशों के पालन में सोलर लाइट लगा दिया गया है। सीसी कैमरा लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक गहमर को निर्देश दिया गया है।

### युद्धस्तर पर सोनवल स्टेशन पर केबल वायरिंग का काम



**सुहवल।** सोनवल बन रहा नया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर प्रकाश के लिए करीब अस्सी लाख की लागत से 110 एलईडी बल्ब लगाए जाने के लिए पोल लगाने के साथ ही केबल वायरिंग का काम युद्धस्तर पर जारी है,वर्तमान समय में यह कार्य करीब चालीस फीसदी हो चुका है। महकमें के द्वारा मार्च में सम्भावित ट्रायल को देखते हुए उसका पूरा जोर एक नंबर प्लेटफार्म को हर हाल में पूरी तरह से तैयार कर लेने का है। इसके अलावा प्लेटफार्म के मुख्य इमारत के सामने करीब पच्चीस लाख की लागत बनने वाला बडा शेलटर बनकर तैयार हो चुका है,अन्य छोटे छोटे शेल्टरो का निर्माण जारी है। इस संबंध में आरवीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने बताया कि लाईटें लगाने व स्टेशन के अन्य काम काफी तेजी से चल रहा है। उम्मीद है फरवरी माह तक पूरा कर लिया जायेगा।

### आशा बहुओं में स्मार्टफोन वितरित

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा के अंतर्गत कार्यरत 239 आशा बहुओं को सर्वे सहित सभी कार्य ऑनलाइन करने के लिए अधीक्षक चिकित्साधिकारी द्वारा स्मार्टफोन वितरित किया गया ।बता दें कि आशा बहुओं को गांव में रहते हुए सर्वे सहित कार्यों को करने के लिए कई प्रकार के रजिस्टर से छुटकारा मिल सकेगा । अब मात्र एक स्मार्टफोन के द्वारा सभी कार्यों को कर सकेगी। स्मार्टफोन मिलने के बाद आशा बहुओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा का अधीक्षक चिकित्साधिकारी डा. धनजंय आनंद ने बताया कि सभी विभागों के कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है ऐसे में जो आशा बहुएं भी रजिस्टर के द्वारा सर्वे सहित सभी कार्य करती थी अब वह भी सर्वे सहित अन्य कार्य ऑनलाइन ही किया जाएगा। इस मौके पर डा. हारून, सुदामा राम ,अमित गुप्ता, आशुतोष तिवारी, पुर्नवासी राम, अमित सिंह, मुकेश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

### डायट मेंटर ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**सादात।** डायट सैदपुर के प्रवक्ता (डायट मेन्टर ) डा. मंजर कमाल और नवल गुप्ता ने सादात ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जगदीशपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के सभी अभिलेख, एमडीएम, छात्र उपस्थिति, अध्यापक उपस्थिति सहित सभी अभिलेखों का निरीक्षण किया। बच्चों की उपस्थिति 62 प्रतिशत पायी गयी। कक्षा में शिक्षकों का शिक्षण कार्य संतोष जनक पाया। निरीक्षण के दौरान डायट मेन्टर डॉ. मंजर कमाल ने अभिलेखों का अभिलेखिकरण सही ढंग से करने, शिक्षण कार्य योजना बनाने ,शिक्षक डायरी एवं पीटीएम रजिस्टर सहित सभी रजिस्टर को नियमित रूप से भरने तथा शिक्षण कार्य शिक्षक संदर्शिका के अनुसार करने के लिए निर्देशित किया।

## जनसंपादकीय

# रेल सफर सुहावना करने का वादा

**आर.के. सिन्हा**



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 45 लाख करोड़ का 2023-24 का बजट तो यही संकेत दे रहा है कि अब आपका रेलवे का सफर और सुहावना होने जा रहा है। यानी आपको रेल में यात्रा करने में आनंद आएगा। यह इसलिए संभव होगा क्योंकि सरकार रेलवे का कायाकल्प करने के प्रति दृढ़ संकल्प दिखा रही है। रेलवे का चौतरफा विकास करने का सिलसिला तो लगातार चल ही रहा है। इसे और गति देने के इरादे से ही केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2023-24 के बजट में रेलवे के लिए 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसके अतिरिक्त 75 हजार करोड़ रुपया नई परियोजनाओं को लागू करने पर खर्च किए जाने का प्रस्ताव अलग से है। पिछले साल 2022-23 में रेलवे के विकास के लिए 1.4 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया गया था। यानि अब यह लगभग दुगुना हो गया क

रेलवे को दिल खोलकर धन मिलने जा रहा है। रेलवे को मुसाफिरों को आरामदेह सफर का सुख देने के साथ अपनी नई परियोजनाओं पर भी ईमानदरी से काम करना होगा। रेलवे लगातार अपने काम में सुधार कर भी रहा है। पर अभी तो उसे बहुत आगे जाना है। अभी भी मंजिल बहुत दूर ही दिख रही है। हाँ यह जरूर है कि जब दो लाख चालीस हजार करोड़ और 75,000 करोड़ एक वर्ष में खर्च होंगें तो देशभर में भरी संख्या में रोजगार पैदा होंगें क

इस बीच, जहां तक देश के रेलवे स्टेशनों का सवाल है तो फिलहाल इस दृष्टि से 47 रेलवे स्टेशनों के लिए निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है, जबकि 32 स्टेशनों पर काम भी शुरू हो गया है। सरकार ने 200 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है। स्टेशनों पर ओवरहेड स्पेस बनाए जाएंगे, जिसमें बच्चों के लिए मनोरंजन सुविधाओं के अलावा वेटिंग लाउंज और फूड कोर्ट सहित तमाम विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी। रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय उत्पादों की बिक्री के लिए भी एक सस्ता पर लोक लुभावन मंच भी प्रदान करने जा रहे हैं। एक अच्छी बात यह भी है कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उत्पादन भी अब भारत में ही हो रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुछ समय पहले बता?ा था कि 400 वंदे भारत ट्रेनों में से 100 का निर्माण तो लातूर, मराठावाड़ा में कोच फैक्ट्री में ही किया जाएगा जिससे इस पिछड़े इलाके में रोजगार की संभावनाओं में भारी वृद्धि होगी ।

दरअसल, इस 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए रेलवे का विकास और भारतीय रेलवे में तेजी से सुधार बहुत जरूरी है। इसलिए ही केंद्र सरकार भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के? लिए रिकॉर्ड निवेश कर रही है। फिलहाल भारतीय रेलवे के कायाकल्प करने का राष्ट्र व्यापी अभियान चल रहा है। अब वंदे भारत, तेजस, हमसफर जैसी आधुनिक ट्रेनें देश में बन रही हैं। सुरक्षित, आधुनिक कोचों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हो रही है। रेलवे स्टेशनों को भी एयरपोर्टों की तरह ही सुन्दर ढंग से विकसित किया जा रहा है। भारत जैसे युवा देश के लिए भारतीय रेल भी युवा अवतार लेने जा रही है और इसमें निश्चित तौर पर 475 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनों की बड़ी भूमिका होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट में रेलवे की विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था की है । इसके चलते रेल पटरियों का भी तेजी से विस्तार होगा। इस लिहाज से दो स्तरों पर काम होना चाहिए। पहला, नई-नई जगहों में रेल लाइनें बिछाई जाएं जहां पर रेलवे ने अब तक दस्तक ही नहीं दी है। और दूसरा यह कि विस्तार यह सोचकर किया जाये कि अब देश के रेल नेटवर्क को आपको दो की बजाय तीन-चार या पांच पटरियों पर दौड़ाना होगा। तब ही देश का रेल यातायात सुगम होगा। देश के सभी मुख्य रेल मार्गों पर कम से कम चार-पांच रेल ट्रैक तो बनने ही चाहिए। तभी रेल यात्रियों और मॉल परिवहन की भारी बोझ को सहने में सक्षम होगा। इस प्रकार, दो-दो सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों के आवागमन के लिये ट्रैक पांचवा इमरजेंसी ट्रैक सेना, पुलिस बल, राहत कार्य के लिए विशेष ट्रेनों आदि के लिए।

मैं बीते दिनों नई दिल्ली, हजरत निजामउद्दीन,अमृतसर,आगरा,सवाई माधोपुर, देहरादून, हरिद्वार वगैरह अनेकों रेलवे स्टेशनों में गया। वहां नजर आई झाडू लेकर घूमने वालों की जगह आधुनिक मशीनों पर सवार नवयुवक- नवयुवतियां सफाई करते दिखे कसब में अद्भुत सुधार दिखाई दिया। ये काफी आधुनिक लगे। इनमें वाशरूम बेहतर और साफ थे। इनमें गुजरे सालों की तरह अराजकता और अव्यवस्था नहीं थी। सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर । पर कई जगहों पर रेलवे ट्रैक के साथ-साथ रेलवे की संपति पर अतिक्रमण भी दिखाई देता रहा। रेलवे को इस तरफ भी सख्ती से ध्यान देना होगा ताकि उसकी संपत्ति पर कोई अवैध कब्जे ना हों। उसे अपने लापरवाह और भ्रष्ट कर्मियों को दंडिता करना होगा जिनकी काहिली के कारण रेलवे की संपत्ति पर कब्जे हो जाते हैं। रेलवे की संपत्ति पर जगह-जगह धार्मिक स्थल तक बने हुए हैं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर भी आपको एक मस्जिद बनी हुई मिलेगी जो पिछली सरकारों के अल्पसंख्यक तुष्टीकरण नीति का जीता जागता सबूत है ।

रेलवे अपनी तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं को तब ही लागू करने में सफल होगा अगर वह अपने यहां काम की संस्कृति में बड़े ही व्यापक स्तर पर सुधार करेगा। रेलवे में अब भी निठल्ले और कामचोर कर्मियों की एक फौज है। यही रेलवे के साथ एक बड़ी समस्या है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार चाहती है कि जल्द से जल्द काम हों और नई परियोजनाओं पर समय से अमल किया जाए। पर यह तब ही मुमकिन होगा जब रेलवे में सब मिलकर काम करेंगे। रेलवे के हर विभाग को तेजी से काम करने के लिए तैयार करना होगा ताकि परियोजनाओं पर तेजी से अमल किया जा सके। निकम्मे कर्मियों को दंड मिलना ही चाहिए। हालाँकि, भारतीय रेल से जुड़े ज्यादातर कर्मी अभी भी अनुशासित और कर्तव्य परायण हैं कलेकिन, राजनीतिक पैरबियों और घूसखोरी के बलपर जो रेलवे में नौकरी पा गये वे तो अपनी अकड़ दिखायेंगे ही कउनकी अकड़ पर लगाम कसके ठीक करना तो होगा ही न ?

रेलवे को अब एक और काम करना होगा। देश के स्वाधीनता आंदोलन और उसके बाद की ऐतिहासिक घटनाओं से कई स्टेशनों का इनसे गहरा नाता है। रेलवे को उन स्टेशनों के बाहर शिलापट्ट लगवाने चाहिए ताकि नई पीढ़ी को पता चल सके कि ये क्यों विशेष हैं। उदाहरण के रूप में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को ही लें। इसका अपना अलग गौरवशाली इतिहास रहा है। महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के अस्थि कलश लेकर स्पेशल रेल गाडियां यहीं से प्रयाग के लिए रवाना हुई थीं। यहीं से देश के पहले राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद की पटना के लिए ट्रेन से ही विदाई हुई थी। अगर रेलवे इन सब घटनाओं को रेलवे स्टेशन की किसी जगह पर शिलालेख पर लिखवा दे तो एक बेहतर काम होगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को देश का सबसे बिजी और कमाऊ रेलवे स्टेशन माना जाता है। हजारों- लाखों लोगों को रोजी देने वाला यह स्टेशन ऐसा है जिस पर भारत के बड़े से बड़े व्यक्ति के पांव पड़े हैं।

रेलवे के साथ कई चुनौतियां भी हैं। उसे उन मुसाफिरों को फिर से अपने पास लाना है जो अब हवाई सफर पर निकलने लगे हैं। अगर रेलवे में चालू रफ्तार से विकास होता रहा तो हवाई सफर से अपने गंतव्य पर जाने वाले फिर से इसके साथ यात्रा करने लगेंगे कम से कम तब जबकि उनके पास भागाभागी वाली स्थिति न हो।


वैसे दशकों बाद यह पहला बजट ऐसा आया है जिसमें समाज के हर वर्ग के लिये कुछ न कुछ है ही कमध्यम वर्ग को 6 लाख की जगह 7 लाख तक टैक्स की छूट, तो महिलाओं और बुजुर्गों को बचत पर ज्यादा व्याज, कृषकों को सस्ते ऋण तो नव उद्योगों को प्रोत्साहन की योजनायें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# कश्मीर का यह चेहरा क्यों नहीं दिखता?

## समय- संदर्भ

**अमरीक सिंह**



अगस्त 2019 में भारत के गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में अचानक घोषणा कर दी कि जम्मू-कश्मीर में धारा-370 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। यह एकतरफा फैसला था। तत्काल इस पर कोई बहस नहीं हुई और उस दिन जम्मू-कश्मीर अचानक तीन खित्तों में विभाजित हो गया। जम्मू और कश्मीर को अलग-अलग राज्य का दर्जा देते हुए लद्दाख को भी तीसरे राज्य के तौर पर वजूद में लाया गया। यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पुराना स्वप्न था लेकिन कश्मीर घाटी के लोगों के लिए दुःस्वप्न! उनसे उनके मूल अधिकार छीन लिए गए और पूछा तक नहीं गया। महीनों कश्मीर कर्फ्यू की जद में रहा और भुखमरी के आलम में। वहां जाने वाली सारी रसद, जो पंजाब से होकर जाती थी, रोक ली गई। अभिव्यक्ति की आजादी तो क्या तमाम मौलिक अधिकारों पर ऐसा शिकंजा कस दिया गया कि एकबारगी कश्मीर, कश्मीरी और कश्मीरियत--दिल्ली से शासन व्यवस्था की कमान संभाल रहे लोगों ने सिरे से लापता कर दी। इसे यह पत्रकार इसलिए करीब से जानता है कि तब के माहौल को खुद अपनी आंखों से देखा था। चौतरफा फैला सन्नाटा और सिर्फ फौजी गाड़ियों एवं बूटों की आवाज से सन्नाटा टूटता था। परिंदे तक मानों आजादी का मतलब भूल गए थे। अगस्त और सितंबर में जो मंजर था; उसे बिसराया नहीं जा सकता। कर्फ्यू में कोई ढील नहीं और लोगों के पास खाने को कुछ नहीं। रसद तो वाया पंजाब जाती थी, पठानकोट से आगे कश्मीर को जाते तमाम रास्ते बंद कर दिए गए थे गोया जम्मू और कश्मीर इस देश का अंग ही न हों। घाटी में आलम यह था कि मरे हुए लोगों को घरों में ही दफन करना पड़ रहा था। आखिरी रस्मो के लिए मौलवी नहीं आते थे। सड़क पर आवाजाही का मतलब मौत भी हो सकता था और लंबे अरसे की जेल भी। खैर, यह तब की बात है। सवाल है कि अब कश्मीर के हालात क्या हैं? खासतौर से श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल गांधी के तिरंगा लहराने के बाद! फोन-वार्ता में घाटी के कुछ लोग बताते हैं कि राहुल गांधी की कश्मीर और श्रीनगर यात्रा में किसी भारतीय राजनीतिक शख्सियत के लिए अगस्त 2019 के बाद पहली बार लोग घरों से निकले। बाखुशी। उम्मीदों के उत्साह से लबरेज होकर। अल्ताफ आतिश जालंधर स्थित एक बड़े विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र हैं और साहित्य में उनकी खास रूचि है। वह पठानकोट से ही 'भारत जोड़ो यात्रा' के हमसफर हो गए थे और श्रीनगर तक साथ चले। वह बताते हैं, 'राहुल गांधी की यात्रा ने कश्मीरियों में बहुत बड़ी उम्मीद की लौ जगाई है और बहुतेरे कश्मीरी मानते हैं कि वही आस की आखिरी उम्मीद हैं। अखबारों में आपको अलग कश्मीर नजर आता है। हकीकत से परे। केंद्र से जब किसी का घाटी में दौरा होता है तो चौतरफा कर्फ्यू लगा दिया जाता है। जो लोग कश्मीरी बाशिंदे बताकर केंद्र सरकार के शक्तिशाली नुमाइंदों के आगे खड़े किए जाते हैं वे दरअसल सरकारी एजेंसियों के ही कारकुन होते हैं। मीडिया को खुशहाल कश्मीर की जो तस्वीर और हंसते हुए चेहरे दिखाए जाते हैं--वह सब फर्जी है। हकीकत है कि कश्मीरी आज भी नारकीय जिंदगी जीने को मजबूर हैं और अघोषित कैद में रहने को।₹ आतिश बताते हैं कि राहुल से पहले दिल्ली से आए किसी भी नेता ने ईद पर भी भूल कर किसी कश्मीरी को गले नहीं लगाया लेकिन राहुल गांधी बेशुमार बुजुर्गों से लेकर बच्चों तक गले लग कर मिले। गले लगने वालों की आंखें नम थीं। अल्ताफ ने यह मंजर खुद अपनी आंखों से देखा और इस पत्रकार को बताया। खुद राहुल गांधी ने क्या कहा, दोहराना जरूरी है। राहुल गांधी ने वहां प्रेसवार्ता में कहा कि वह अपनी जम्मू और कश्मीर की यात्रा में ऐसे किसी शख्स से नहीं मिले जो खुश था। यहां का हर व्यक्ति मायूस है।'

श्रीनगर के एक चिकित्सक कहते हैं कि धारा-370 निरस्त होने के बाद यहां का कोई भी व्यक्ति सरकार के विरोध में कुछ बोलता है या उसकी नीतियों पर एतराज जाहिर करता है तो उस पर पब्लिक सिक्योरिटी ऐक्ट लगा दिया जाता है। सरकार का खुफिया तंत्र यहां पहले से कहीं ज्यादा सक्रिय है। वह कहते हैं कि किसी अनजान आदमी से मिलिए तो मिलने वाले दोनों लोगों को लगता है कि कहीं सामने वाला खुफिया एजेंट न हो। अविश्वास की ऐसी खाई कश्मीर के इतिहास में पहली बार देखने को मिल रही है। वह वक्त ज्यादा दूर नहीं जब पड़ोसी; पड़ोसी पर ही शक करेगा! रिश्तेदार तक बेयकीनी के दायरे में आ जाएंगे।

30 जनवरी को बीबीसी से बातचीत में 'केंद्र के प्रतिनिधि' राज्यपाल मनोज सिन्हा कहते हैं कि, 'देश की संसद के बने कई कानून जम्मू-कश्मीर में लागू नहीं होते थे, अब 890 ऐसे कानून हैं जो जम्मू-कश्मीर में लागू हो गए हैं। जैसे शिक्षा का अधिकार और जम्मू-कश्मीर का पूरे देश के साथ एकीकृत होना...।' राज्यपाल का कथन कितना हास्यास्पद है! अनुच्छेद-370 रद्द होने से पहले क्या वहां के बच्चे स्कूल या कॉलेज नहीं जाते थे? जम्मू और कश्मीर के जो युवा दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए आते थे, वे क्या प्राथमिक शिक्षा के लिहाज से अनपढ़ थे? जालंधर के एक नामी शिक्षण संस्थान के मुख्य प्रबंधक ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि उनके यहां सन 2010 से लेकर अब तक 7000 कश्मीरी युवक और युवतियां उच्च शिक्षा हासिल करके बड़ी-बड़ी नौकरियों पर हैं। कश्मीर से आईएएस और आईपीएस तक हुए हैं। राज्य प्रशासनिक सेवाओं में भी कश्मीरियों की तादाद अच्छी-खासी है। ऐसे में केंद्र किस आधार पर शिक्षा व्यवस्था में 'सुधार' की बात कर रहा है?

अब जरा कश्मीर के एक बीएड अध्यापक की बात सुनिए। वह भी पब्लिक सिक्योरिटी ऐक्ट यानी पीएसए से बेतहाशा खौफजदा हैं। श्रीनगर के पास के एक स्कूल में उनकी ड्यूटी है। जिस स्कूल में वह पढ़ाते हैं वहां दिन में बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं और रात को सुरक्षाकर्मी विश्राम के लिए! कक्षाओं में पड़ा उनका सामान और तनी पर लटकतीं वर्दियां बच्चों के दिलो-दिमाग में खौफ भरती हैं। कुछ साल पहले यह आलम नहीं था। उनका कहना था कि घाटी के आधे से ज्यादा स्कूलों में आपको यही आलम मिलेगा। बच्चे मानसिक रोगी हो रहे हैं और युवा भी अवसाद का जबरदस्त शिकार हैं। ऐसा नहीं है कि अगस्त 2019 से पहले कश्मीर खामोश था लेकिन इस कदर असामान्य नहीं था। वहां के सूत्र बताते हैं कि बड़ी तादाद में किशोर और युवा विभिन्न नशों का शिकार हो रहे हैं। अफीम और हीरोइन वहां आम पाई जाती है। पंजाब में जिसे 'चिट्टा' कहते हैं, वह भी। गौरतलब तथ्य है कि तमाम नशे शेष देश की बनिस्बत कश्मीर में बहुत सस्ते मिलते हैं। उपलब्ध भी आसानी से हो जाते हैं। क्यों? इसका पुख्ता जवाब किसी के पास नहीं। पंजाब में कश्मीर से आई नशों की खेप कई बार पकड़ी गई लेकिन जम्मू और कश्मीर में कभी कोई नशा तस्कर गिरफ्त में आया हो, यह खबर शायद आपने नहीं देखी-सुनी होगी। सरहद पर सख्त पहरा है तो आखिर मौत का यह है जखीरा आ कहां से रहा है? नशों के फैलते नर्क और उनके सौदागरों की बाबत शासन-व्यवस्था का कोई अंग कभी नहीं बोलता। इस पर रिपोर्ट भी नहीं होती। कश्मीर के एक वरिष्ठ पत्रकार का कहना है कि यह सौ फीसदी सच है कि अब घाटी में हथियारों से ज्यादा नशों का दबदबा है लेकिन मुख्यधारा का मीडिया इसे कवर नहीं करता। हमारी कलमों पर पहरेदारी है। इससे ज्यादा क्या कहा जाए कि किसी 'साजिश' के तहत नशों में डूबे कश्मीर को न देखा जाता है और न दिखाया जाता है।

यकीनन कश्मीर नई अंधी सुरंग की ओर बढ़ता जा रहा है। खासकर युवा वर्ग। बेरोजगारी और अवसाद तो मुख्य वजहें हैं ही। कदम-दर-कदम अपमानित होने की भावना भी इससे वाबस्ता है। कश्मीरी नौजवान किससे 'अपमानित' हो रहे हैं, यह जगजाहिर है। थोड़ी छानबीन करने के बाद पता चलेगा कि पंजाब के नशा मुक्ति केंद्रों में कश्मीरी युवाओं के प्रतिशत में 2019 के बाद कितना ज्यादा इजाफा हुआ है। खासकर स्वयंसेवी संगठनों और राज्य सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्रों में। जालंधर स्थित एक बड़े अस्पताल के डीएडिक्शन विभाग के प्रभारी डॉक्टर कहते हैं कि हम अपने यहां दाखिल किसी भी मरीज का, चाहे वह कहीं का भी हो, रिकॉर्ड शेयर नहीं करते। उन्हीं डॉक्टर से पता चलता है कि बड़ी तादाद में कश्मीरी युवाओं के अभिभावक उन्हें जैसे-जैसे नशा मुक्ति केंद्र में लाते हैं और उनका इलाज शुरू होता है। कई ऐसे हैं जो इलाज के बाद चले गए लेकिन वापिस आए क्योंकि नशे ने उन्हें फिर अपनी जद में ले लिया था। केंद्र का दावा है कि कश्मीर में खूब विकास हो रहा है लेकिन 'विकास' का एक चेहरा यह भी है! राहुल गांधी ने भी साफ शब्दों में कहा था कि उन्हें कश्मीर में विकास नाम की चिड़िया कहीं नहीं दिखी। राहुल गांधी ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि कश्मीर में बेइंतहा बेरोजगारी है, बिजली और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं और आजिज लोगों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं। हुकूमत बहरी है। राहुल के शब्दों पर गौर कीजिए कि, 'मुझे लगा कि जो कुछ भी जम्मू और कश्मीर में हो रहा है, इसे लेकर कोई भी एक्साइटेड नहीं है।'



जम्मू विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान की पूर्व प्रोफेसर रेखा चौधरी कहती हैं कि घाटी का युवा निराशा के दौर में है। आम आदमी भी। राहुल गांधी के आने से कुछ माहौल तो जरूर बना क्योंकि इससे पहले राजनीतिक गतिविधियां नहीं हो रही थीं। श्रीनगर स्थित रियासत के प्रमुख राजनीतिक विश्लेषक बशीर मंजर के अनुसार, 'घाटी में निराश लोगों को राहुल गांधी में एक उम्मीद नजर आई है। जबसे अनुच्छेद-370 हटा, सियासी गतिविधियां ठप हो गईं। तमाम नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था या फिर घरों में कैद। अधिकांश को छोड़ तो दिया गया लेकिन शून्य बरकरार रहा।' बशीर मंजर आगे कहते हैं, 'अवाम का कोई प्रतिनिधि नहीं है। हुकूमत नौकरशाह चला रहे हैं। उनका आम लोगों से कोई संपर्क ही नहीं है। बेतहाशा परेशानी के आलम में अगर कोई राष्ट्रीय स्तर का राजनीतिक रहनुमा आकर उनके साथ संवाद रचाता है तो उनमें उम्मीद जगना स्वाभाविक है कि कोई हमारी भी बात करने लगा है। सियासी तौर पर 2019 के बाद कश्मीरी आवाम लावारिस हो गया था।'

बहरहाल, राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा ने बेशक जो उम्मीद जगाई अथवा जताई हो लेकिन सूरत-ए-हाल यह है कि कश्मीर में हालात उतने सुखद कतई नहीं हैं, जिनकी बाबत सरकार के लोग दावा करते हैं। अपने अंतर्विरोध में डूबी केंद्र सरकार कश्मीर के प्रति रत्ती भर भी ईमानदार, कम से कम घाटी में तो दिखाई नहीं देती। ऐसा वहां के लोगों का मानना है। नहीं तो क्या वजह है कि जब अमित शाह, अजीत डोभाल या राज्यपाल मनोज सिन्हा जब लाल चौक की ओर जाते हैं तो कर्फ्यू लगा दिया जाता है या फिर खुद ही लोग घरों से बाहर नहीं निकलते। निकलें तो कैसे? हर दहलीज पर संगीनों का पहरा है! सत्यपाल मलिक जब राज्यपाल थे तो न्यूनतम ही सही, लोगों की थोड़ी-बहुत सुनवाई हो जाती थी। लेकिन यह सिलसिला अब बंद है। जब तमाम बड़े-छोटे कश्मीरी आतंकवादी धर पकड़े गए या मार दिए गए तो फिर भी कश्मीर सामान्य क्यों नहीं है? हुर्रियत नेता गिलानी फौत हो गए और यासीन मलिक तिहाड़ में उम्र भर के लिए बंद हैं। बेशुमार अन्य कश्मीरी अतिवादी भी बाहर की जेलों में सलाखों के पीछे हैं तो फिर...?

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# मोदी जी के अमृतकालीन बजट में है क्या

## प्रसंगवश

**एच.एल. दुसाध**



मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश हो चुका है. इसके पेश होने के एक दिन पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी ने दावा किया था कि वित्त मंत्री सीतारमण की ओर से एक फरवरी, 2023 को पेश होने वाले बजट पर सिर्फ भारत ही नहीं,बल्कि पूरे विश्व की नजर है.इसके जरिये डांवाडोल वैश्विक आर्थिक हालात में जिस तरह से भारत से उम्मीद लगायी गयी है,उसे पूरा करने की कोशिश की जाएगी.मोदी के इस बयान के कुछ देर बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को पहली बार संबोधित करते हुए बजट को लेकर संकेत देते हुए कहा था, 'हमें वर्ष 2047 तक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना है ,जो अतीत के गौरव से जुड़ा हो और जिसमे आधुनिकता का स्वर्णिम अध्याय हो.ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर हो और जो मानवीय दायित्वों को पूरा करने में समर्थ हो.' तो 2047 तक राष्ट्रपति के सपनो के भारत निर्माण वाला बजट निर्धारित तिथि पर पेश हो गया जिस पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है,' अमृतकाल का पहला बजट विकसित भारत के लिए सशक्त आधारशिला का निर्माण करेगा .यह गरीबों, मध्यम वर्ग और किसानों सहित एक महत्वाकांक्षी समाज के स्वपनों को पूरा करेगा. मैं ऐतिहासिक बजट के निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को बधाई देता हूँ.' प्रधानमंत्री के सुर में सुर मिलाते हुए देश में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अमित शाह ने भी दावा किया है ' यह सर्वसमावेशी और दूरदर्शी है,जो अमृतकाल की मजबूत आधारशिला रखेगा.'

किन्तु 2024 में प्रधानमन्त्री पद के संभावित दावेदार राहुल गाँधी का कहना है कि 'अमृत काल' बजट में नौकरियों पैदा करने के लिए कोई विजन नहीं, मंहगाई से निपटने का कोई योजना नहीं ,असमानता को दूर करने का कोई इरादा नहीं है. यह बजट साबित करता है भारत के भविष्य के निर्माण के लिए कोई रोड मैप नहीं है'. वहीं वंचितों की सबसे बड़ी आवाज बसपाध्यक्ष मायावती के अनुसार,' पहले की तरह पिछले नौ वर्षों में भी बजट आते-जाते रहे जिसमें घोषणाओं , वादों ,दावों की बरसात की जाती रही.लेकिन, वे सब बेमानी हो गए जब मध्यम वर्ग मंहगाई, गरीबी व बेरोजगारी की मार के कारण निम्न मध्यम वर्ग बन गया. इस वर्ष का बजट भी अलग नहीं है.'

क्या है भारत की वर्तमान अप्रिय स्थिति? ऑक्सफैम की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार जहाँ टॉप की 10 प्रतिशत आबादी का 72 प्रतिशत धन-दौलत पर कब्जा हो चुका है, वहीं नीचे की 50 प्रश आबादी महज 3प्रश धन पर जीवन निर्वाह करने के लिए विवश है. 2006 से वर्ल्ड इकॅनोमिक फोरम की ओर से प्रकाशित हो रही 'ग्लोबल जेंडर गैप' की 2021 की रिपोर्ट के हिसाब से भारत महिला सशक्तिकरण के मोर्चे पर अपने प्रतिवेशी मुल्कों : बांग्लादेश, नेपाल, भूटान , म्यांमार, श्रीलंका इत्यादि से पीछे चला गया है तथा यहाँ की आधी आबादी अर्थात 65 करोड़ से अधिक महिलाओ को आर्थिक रूप से पुरुषों के बराबर आने में 257 साल लगने हैं. जुलाई 2022 के तीसरे सप्ताह में 'वर्ल्ड पावर्टी क्लॉक' से पता चल चुका है कि भारत नाइजेरिया के 8,30,05,482 के मुकाबले 8,30,68,597 गरीब पैदा कर 'वर्ल्ड पावर्टी कैपिटल' अर्थात विश्व गरीबी की राजधानी बन चुका है. पिछले वर्ष जब मोदी 15 अगस्त को देश को आजादी का अमृत महोत्सव में डूबोने का उपक्रम चला रहे थे ,उन्ही दिनों शिक्षा के क्षेत्र में एक अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट प्रकाशित हुई,जिससे पता चला था कि भारत घटिया शिक्षा के मामले में मलावी नामक एक छोटे से देश के बाद विश्व में दूसरे स्थान पर काबिज हो गया है. इस अप्रिय स्थिति के आईने में यदि बजट का आंकलन किया जाय तो मोदी, शाह,नड्डा, सीतारमण के दावे पर करुणा ही होगी. लेकिन इस बजट पर मोदी- शाह की हाँ में हाँ मिलाते हुए प्रभुवर्ग के आर्थिक विश्लेषक नाच रहे हैं. मोदी सरकार का भोंपू बन चुके ये बुद्धिजीवी, अर्थशास्त्री बजट का तो जयगान कर ही रहे हैं : सबसे बड़ी बात यह है कि वे बहुत दावे से एक स्वर में कहे जा रहे हैं कि 'बहुत दिनों से अटकलें लगायी जा रही थीं कि सामने नौ राज्यों का चुनाव है और फिर अगले साल लोकसभा का चुनाव है अतः अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम बजट को मोदी विकास के बजाय बजट को लोक लुभावन बनायेंगे. लेकिन प्रधानमंत्री की सोच अटल है और वे बजट को लोकलुभावन के बजाय विकास केन्द्रित बना दिए हैं.' लेकिन सब समय मोदी की छवि बनाने में मशगूल इन दानिशमंद लोगों ने आयकर और विनिवेश पर सरकार की सोच में आये बदलाव को ठीक से समझने का प्रयास ही नहीं किया . अगर करते तो पता चलता मोदी जनता के ताकत की अनदेखी न कर सरेंडर की मुद्रा में आ गए हैं.


जनता की ताकत का कोई जवाब नहीं, इसलिए हर शासक को उसकी भावना का आदर करना पड़ता है हैः चाहे वह मोदी जैसा क्रूर व देश विरोधी तानाशाह ही क्यों न हो। और लोकतंत्र में जनता को अपनी ताकत दिखाने का अवसर मिलता है चुनावों में : खासकर आम चुनावों में! मोदी सरकार ने आगामी दिनों होने वाले नौ राज्यों और लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखा है इसलिए 2023- 24 का जो आम बजट पेश हुआ है, उसमें आगामी चुनावों में जनाक्रोश से बचने का भाव ही परिलक्षित हुआ है, जिसका सबसे बड़ा असर आयकर और खासकर विनिवेश के क्षेत्र में पड़ा है. सात लाख तक के आय पर कोई टैक्स नहीं, यह बजट के लोक लुभावन होने का बड़ा प्रमाण है. नयी आयकर नीति के फलस्वरूप सरकार पर 37,000 करोड़ का आर्थिक बोझ पड़ेगा, सरकार कर्मचारी वर्ग अर्थात बहुजनों को प्लीज करने के लिए यह बोझ उठाएगी. किन्तु सबसे बड़ा सरेंडर सरकार ने विनिवेश के मोर्चे पर किया है. वाया निजी क्षेत्र सारा कुछ सवर्णों के हाथों में सौपने पर आमादा मोदी सरकार 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही विनिवेश का बड़ा-बड़ा लक्ष्य निर्धारित करती रही. यह बात और है कि वह हर साल अपने लक्ष्य से खासा दूर रह गयी.बावजूद इसके 2019-20 में 105,000 करोड़ रुपये, 2020-21 में 210,000 करोड़ रुपये और 2021-22 में 175,000 करोड़ रुपये के विनिवेश का लक्ष्य रखा. किन्तु उसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपना लक्ष्य छोटा करना शुरू किया किया,जिसका असर पिछले साल के बजट से दिखना शुरू हुआ. 2022-23 में में मोदी सरकार छः अंकों के बजाय पांच अंको में लक्ष्य निर्धारित करते हुए 65,000 करोड़ रखा . अब उसने वित्त वर्ष 2023- 24 के लिए विनिवेश का लक्ष्य सिर्फ 51,000 करोड़ रखा है. विनिवेश पर यह सारा खेल आगामी चुनावों,खासकर लोकसभा चुनाव में बहुजन मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए खेला गया है. लेकिन बहुजन मतदाताओं को इसके भुलावे में नहीं आना चाहिए. 2024 का चुनाव जीतते ही मोदी सरकार पिछले दो वित्त वर्ष में हुए विनिवेश के कम लक्ष्य की भरपाई के लिए सीधे लक्ष्य को छः अंको में पहुचाते हुए 2 लाख करोड़ कर सकती है.क्योंकि इसे 2025 में संघ 100 जयंती वर्ष में हिन्दू राष्ट्र घोषित करते हुए गैर- सवर्णों को उस स्टेज में पहुचाना है,जिसका निर्देश हिन्दू धर्म- शास्त्र देते हैं.ऐसे में हिन्दू राष्ट्र का सपना तभी पूरा हो सकता है, जब देश के अथोर्पार्जन के समस्त अवसर और सपदा- संसाधन शत प्रतिशत सवर्णों के हाथ में में जाए.इसके लिए सर्वोत्तम उपाय है विनिवेश के लक्ष्य को एक्सट्रीम पर पहुचाना! इस बात को ध्यान में रखते हुए संघ प्रशिक्षित पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बाकायदे विनिवेश मंत्रालय खोलकर देश बेचना शुरू किया. बाद में डॉ.मनमोहन सरकार(2004-2014 ) ने 2004 से 2014 के दौरान विनिवेश के जरिये देश की संपत्ति-कंपनियों को निजी हाथ में देने के वाजपेयी सरकार के एजेंडे पर काफी हद तक विराम लगा दिया. इस प्रक्रिया में विनिवेश की गाड़ी थम सी गयी. लेकिन उसके बाद सत्ता में आई मोदी सरकार ने 2015 में नीति के तौर पर खुले तौर पर निजीकरण की घोषणा की. सरकार ने खुले आम घोषणा कर दी कि सरकार का काम बिजिनेस करना नहीं है. उसके बाद सरकार युद्ध पर विनिवेश के जरिये देश निजी क्षेत्र के हाथों में देने में मुस्तैद हो गयी ! बहरहाल विनिवेश के जरिये सारा कुछ सवर्णों के हाथ में देने जुनून के साथ जुटी मोदी सरकार भले ही आगामी चुनावों को देखते हुए नए बजट में विनिवेश का लक्ष्य न्यूनतम स्तर पर पहुचाने की घोषणा कर दी हो,पर 2024 में सत्ता में वापसी के बाद यह लक्ष्य सालाना दो लाख करोड़ से उपर जा सकता है. ऐसे में बहुजनों को मोदी सरकार के कार्यकाल में विनिवेश के न्यूनतम लक्ष्य के भुलावे में नहीं आना चाहिए!

बहरहाल जब 2024को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार जब विनिवेश के मुद्दे पर रणनीतिक बदलाव ला सकती है, तब विपक्ष को भी इस पर अपनी नई रणनीति अख्तियार करने का मन बनाना चाहिए. इसके तहत विपक्ष को दो संदेश देना चाहिए. पहला, सत्ता में आने पर बेची गई सरकारी परिसंपत्तियों और कंपनियों की समीक्षा कराएंगे और यदि प्रायोजन पड़ा तो हम फिर से इनका राष्ट्रीयकरण करेंगे.

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं.संपर्कः 9654816191)**

## व्यंग्य

# ब से बजट ब से बहस



**अशोक गौतम**

लो जी! जनता के दरबार में बजट फिर पेश हो गया।बजट पेश होते ही दावों दिखावों का बाजार अब कुछ दिन गरम रहेगा। टीवी पर ये वे अपने अपने दावे पेश करेंगे। गरमागरम बहस होगी। कोई इसे ऐतिहासिक बताएगा तो कोई उपहासिक। कोई इसे सालाना बताएगा तो कोई पाक्षिक!

पर मध्यमवर्गीय व्यक्ति को न इतिहास का पता है न उपहास का । उसे तिलस्मी विकास दर से भी कोई लेना देना नहीं! विकास दर तो उनकी जादूगरी है। उसे इनकम टैक्स की बदलती स्लैब से भी कोई सरोकार नहीं। वह तो बारहों महीने रोता हुआ वर्तमान में जीता है। उसे तो बस इतना पता है कि जो नमक महीना पहले बीस का आता था अब तीस रुपए किलो हो गया है। आटा जो पहले तीस रुपए किलो मिलता था, वह चालीस हो गया है। सब्जियों के दाम पहले उसके सिर को छू रहे थे अब आसमान छू रहे हैं। पानी मिला दूध जो पिछले महीने पचास रुपए था, दूधवाला कह गया है की अगले हफ्ते से वह पचपन रुपए किलो हो जाएगा। मन है तो अभी बता दो वर्ना... अखबारों की विकास दर में हुई बढ़ोतरी के बीच अब सवाल ये कि कल से परिवार के हर सदस्य के पेट को रस्सी से और कितना बांधा जाए?

इसलिए वह बजट पर कोई बहस नहीं कर रहा। वह मौन है। खामोश है। दूसरे जो वह बहस करना भी चाहे तो उसे बहस करनी आती भी नहीं। उसे पता है कि जो वह घर के बजट तक को लेकर भी बहस करेगा तो मुंह की खाएगा। घर का एक सदस्य भी उसकी बहस के समर्थन में खड़ा न होगा। और तब उसे अपने से अपना समर्थन वापस लेने में ही अपनी भलाई लगेगी।

उसे घर के सदस्यों को रोटी, कपड़े, किराए का मकान जुगाड़ने से फुर्सत मिले फिर तो वह आम बजट पर बहस करे। उसके पास बजट पर बहस से भी जरूरी अनेकों मुद्दे बहस करने के लिए फटी जेबों में ठसाठस भरे पड़े हैं जिनमें पैसों के सिवाय और सबकुछ मजे से टिका रहता है। उसे घरेलू मुद्दों से ठसाठस भरी फटी जेबों से फुर्सत मिले तब तो बजट पर बहस की बारी आए। अभी तो घर में बड़े की फीस के मुद्दे को लेकर बहस होनी है। बहुत कहा था कि बेटेजी! प्राइवेट बीए कर लो। पर नहीं, कॉलेज में जाकर ही बीए करना चाहता था। कहता था, घर में एक्सपोजर नहीं मिलेगा। वह एक्सपोजर चाहता है।

आज बहस का मुद्दा ये है कि अबकी बार पिछले महीने की तरह दो किलो दाल इस महीने पूरा महीना क्यों नहीं चली?

आम बजट पर बहस के बदले अभी बहस का मुद्दा ये है कि तथाकथित सौ ग्राम घी अबके कौन चाट गया? जबकि सेहत में तो किसीकी कोई इजाफा नहीं हुआ।

आम बजट पर बहस के बदले अभी बहस का मुद्दा ये है कि कल से चावल कितने कम पड़ेंगे ताकि बचे चावल पूरा महीना चलें।

उसके बाद छोटे की नई किताबों के मुद्दे पर बहस की बारी है। उसे भी बहुत कहा था कि सेकेंड हैंड किताबें ले आ कबाड़ी की दुकान से। पढ़ना ही तो है। पर नहीं, उसे रिवाइज्ड अडिशन चाहिए जिसमें नई लेटेस्ट जानकारी हो। उसे कौन समझाए कि नई जानकरी को पैसे भी तो चाहिएं बाप की जेब में। उसके बाद मुनिया के स्कूल की ड्रेस के मुद्दे पर बहस होगी। उसे कितनी बार कहा था कि याद रखना! अब नई ड्रेस अगली क्लास में होने पर ही मिलेगी। पर पता नहीं कहां अपनी सहेलियों के साथ खेलती उसे फाड़ आई।

उसके बाद ये जो घर का मुखिया घरवाली से बिन पूछे उधार में अपने लिए नए जूते लाया है, बहस में वह मुद्दा रखा जाएगा। क्या जरूरत थी अभी नए जूते लाने की ? घर में दसियों पुरानी चीजें पड़ी हैं जिनको जूतों से पहले बदलना जरूरी है। साहब के पुराने जूतों में सोल भी तो डलवाए जा सकते थे। पर नहीं,घर के मुखिया हो तो जो मन चाहे करो। अरे घर के मुखिया ही तो हो। कोई देश के प्रधानमंत्री तो नहीं हो। ये तो कोई बात नहीं होती कि किसीके पास दो साल पुरानी फटी चप्पल और कोई उधार में नए जूते ले आए। महीनों घर से बाहर जाने का नहीं होता तो क्या फटे चप्पल द्वार पर सजाए रखें? घर का बाप है तो क्या हुआ? देखो बापजी! लोकतंत्र में हर वोट की कीमत बराबर होती है। बीड़ी से बीड़ी जला आम बजट से भी अति संवेदनशील, ज्वलनशील बहस के मुद्दों से बहुत दिनों तक नहीं बचा जा सकता क्यों बिरादर!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# किसान नेताओं ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नाराजगी**

**जमकर की नारेबाजी, डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** किसान हितों को लेकर संघर्षरत किसान नेता इम्तेयाज बेग के नेतृत्व में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को गुरूवार को सौंपा गया। इसके पहले किसान नेताओं द्वारा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी किया।

उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहा कि सरकार किसानों और गरीब, मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में भी किसानों हितों और महंगाई पर कोई काम नही करने का आरोप लगाया और बजट को झुनझुना बताया। श्री बेग ने कहा कि 27 जनवरी को ही गन्ना का मूल्य तय करने की बात कहीं गई लेकिन आज तक घोषित नहीं किया जा सका। किसानों को लेकर सरकार जितना उदासीन है उतना ही पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए गंभीर नजर आती है। प्रदेश अध्यक्ष ने एमएसपी पर सभी फसलों की कानूनी गारंटी के लिए, किसानों के उचित प्रतिनिधित्व के साथ, केंद्र सरकार के बादे के अनुसार एसकेएम के प्रतिनिधियों को शामिल कर, एमएसपी पर एक नई समिति का पुनर्गठन करने और प्रत्येक वृद्ध किसानों को दस हजार रूपए मासिक पेंशन दिए जाने की मांग की।



सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान नेता।

कमला राय व जीयालाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार अविलंब गन्ने के मूल्य 450 रुपया प्रति कुंतल की घोषणा करे। उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार पिछले वर्ष के गन्ने के बकाए का भुगतान ब्याज सहित सुनिश्चित किया जाय, इस वर्ष किसानों के द्वारा मिलों को दिए गए गन्ने के बकाया का तत्काल भुगतान शुरू कराया जाए, गन्ने से बनने वाले उप उत्पाद जैसे इथेनॉल, अल्कोहल, बिजली, बगास आदि के मुनाफ में गन्ना किसानों की हिस्सेदारी सुनिश्चित किए जाने की मांग दोहराई है। इस अवसर पर बशीर मास्टर, विश्राम चैहान, राजेन्द्र, खरपत्तू राजभर, रामचन्द्रर, गुलाब, जानकारी नाथ, दयाराम सहित आदि किसान नेता मौजूद रहे।

# सातवीं की छात्रा से छेड़खानी

## एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि 13 वर्षीय पुत्री सातवीं की छात्रा के साथ दो युवकों द्वारा जबरन छेड़खानी किया गया। जीयनपुर पुलिस ने लैंगिक अपराध से बालक संरक्षण अधिनियम व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करते हुए एक को गिरफ्तार कर लिया।



गुरुवार को जीयनपुर कोतवाली पर एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार की देर रात 13 वर्षीय पुत्री जो कक्षा सातवीं की छात्रा है घर से लघुशंका करने के लिए निकली। गांव के संदीप पुत्र इंद्रजीत, रामजन्म पुत्र चंद्रधारी जबरन उसे घसीट कर अंधेरे में ले गए और उसके कपड़े फाड़ दिए व थप्पड़ मारा जिसके उपरांत उसकी पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर माता व उसके दो पुत्र पहुंच गए। जहां से संदीप पुत्र इंद्रजीत फरार हो गया वहीं रामजन्म पुत्र चंद्रधारी को परिजनों ने पकड़ लिया। 112 नंबर पुलिस को काल किया। पहुंची पुलिस को रामजन्म को सुपुर्द कर दिया। वहीं उनके परिजनों ने गाली गलौज कर धमकी देने का आरोप लगाया। गुरुवार की सुबह थाने पर पहुंची महिला की तहरीर पर जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने दोनों आरोपियों पर लैंगिक अपराध से बालक संरक्षण अधिनियम व छेड़खानी का मुकदमा पंजीकृत कर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# पेड़ से टकरायी बाइक चालक की मौत

## साथी घायल, हायर सेंटर भर्ती

**जनसंदेश न्यूज**

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** सिधारी थाना क्षेत्र के गोकुलपुर ईटभट्ठा के समीप गुरुवार को अनियंत्रित बाइक के पेड़ से टकराने से बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पीछे बैठा साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल को हायरसेंटर भर्ती कराया।


मृतक गोलू यादव (फाइल फोटो)।

रानीकीसराय थाना क्षेत्र के सहिगड़ा गांव निवासी गोलू यादव 18 वर्ष ऊजीगोदाम निवासी अपने मित्र मुकेश विश्वकर्मा 19 वर्ष के साथ बाइक से ऊजीगोदाम चैराहे पर पहुंचे और यहां से दोनो बाइक से आजमगढ़ जाने के लिए निकले। छतवारा मेहनगर मार्ग स्थित गोकुलपुर ऊचागाव स्थित ईटभट्ठा के समीप बाइक अनियंत्रित हो गयी और पटरी के किनारे लगे पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चला रहे गोलू का सिर फट गया। जबकि पीछे बैठा मुकेश भी लहूलुहान हो गया। दुर्घटना के बाद आस पास के नागरिक दौड़ पड़े और सूचना पुलिस को दी। घटना स्थल पर ही गोलू ने दम तोड दिया। सूचना मिलते ही रानीकीसराय थाना पुलिस पहुंची जहां घटना स्थल सिधारी थाना क्षेत्र में होने पर सूचना सिधारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए घायल मुकेश को हायरसेंटर में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया।

# अभियान चलाकर की गयी राजस्व वसूली

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार लगातार विद्युत विभाग और व्यापार कर, तथा बैंकों के बकाया बड़े बकायेदारों के खिलाफ मुहिम चला कर राजस्व जमा किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार सदर उमाशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में धर्मेंद्र कुमार सिंह नायब तहसीलदार की टीम ने कई बड़े बकायेदारों के यहां पहुंच कर वसूली किया। तहसीलदार सदर उमाशंकर त्रिपाठी ने नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसमें राकेश सिंह पुत्र नंदपाल सिंह, निवासी बेलनाडीह तहसील सदर से 50,000 बिजली बिल की वसूली की गई। शिव फीलिंग सठियांव से 5 लाख व्यापार कर विद्युत की बकाया वसूली की। इसी क्रम में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का दो लाख का बकाया की वसूली की गई। तहसीलदार सदर उमाशंकर ने बताया कि कुछ बड़े बकायेदार अपने से आकर बिल जमा कर रहे हैं। यह कार्रवाई निरंतर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चलती रहेगी।

# जामा मस्जिद रास्ते को लेकर कमेटी के सदस्यों की बैठक

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के देवगांव स्थित जामा मस्जिद के रास्ता को लेकर गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें थाने से होकर जाने वाले रास्ते के बंद होने और नये मार्ग से बन रहे रास्ते आदि पर चर्चा की गई।

गौरतलब हो कि एक रास्ता थाने के गेट से जामा मस्जिद देवगांव तक जाता था, लेकिन जब उस तरफ थाने का नया भवन बन गया और कोई कागजी रास्ता न होने पर उसे बंद कर दिया गया तो कमेटी की ओर से एसडीएम सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी को दिये गये प्रार्थना पत्र पर बुधवार को एसडीएम के नेतृत्व में आजमगढ़ वाराणसी रोड से एक मार्ग चिन्हित किया गया। गुरुवार को कमेटी ने इस नए मार्ग पर मिट्टी डालकर मार्ग को बनवाना शुरू कर दिया। सभी सदस्यों की उपस्थिति में इस पर चर्चा की गई। इससे पहले 28 जनवरी को रास्ता बंद होने से लोगों में काफी बेचैनी देखी जा रही थी, लेकिन पुलिस ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पुरब की ओर से आजमगढ़ वाराणसी मार्ग से जामा मस्जिद को रास्ता दिया जाएगा। मंगलवार को जब कई लेखपाल नाप किए तो कुछ लोग इससे संतुष्ट नहीं हुए क्योंकि उन्हें डर था कि उनकी जमीन कम हो रही है। इसके बाद बुधवार को एसडीएम एसएन त्रिपाठी के नेतृत्व में सीओ लालगंज मनोज कुमार रघुंवंशी, नायब तहसीलदार पंकज कुमार शाही, कोतवाल देवगांव गजानंद चैबे आदि की उपस्थिति में दोबारा राजस्व कर्मियों द्वारा मापी कराकर उस पर रास्ता निर्माण कराने के लिए जमीन उपलब्ध करायी गयी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही कमेटी में कुछ नए लोगों की नियुक्ति पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर कमेटी के मुहम्मद इस्लाम, मुमताज अहमद, शादाब अहमद, हाफिज अरशद, जावेद आलम, अबुल कलाम, तबजील अहमद सहित हाफिज अबु जफर, शौकत अली, मुहम्मद खालिद, सालेहीन प्रधान, अतीक अहमद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष मकसूद अहमद ने की।



# कांग्रेसियों ने पद यात्रा कर किया जागरूक

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शीला भारती के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के क्रम में महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण के उपरांत यात्रा को आजमगढ़ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कांग्रेस का झंडा दिखा कर रवाना किया। पदयात्रा कलेक्ट्रेट पहुंच कर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद समाप्त हुयी।

जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पूरे देश में प्रेम सौहार्द का संदेश पहुंचा है। जिस तरह से सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है यह एक चिंता का विषय है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में कांग्रेसजन केंद्र की बीजेपी सरकार के वादाखिलाफी और तानाशाही रवैये के खिलाफ जनता को जागरूक करने का काम कर रहे हैं और आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारे का संदेश दे रहे हैं। इस अभियान के तहत राहुल गांधी का संदेश जन जन तक पहुंचाने का लक्ष्य है। शीला भारती ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के बाद उत्साहित कार्यकर्ता हाथ से हाथ जोड़ कर आपसी प्रेम सद्भाव भाईचारे का संदेश देने के साथ बीजेपी सरकार के नाकामी के कारण देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी को लेकर सीधा जनसंवाद कर रहे हैं।


पदयात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता।

इस बढ़ती महंगाई में गृहणियों को घर चलाना मुश्किल हो गया है। सरकार की विफलताओं को जन जन तक पहुंचाने के साथ 2024 में बीजेपी सरकार को हटाने के लिये संकल्पित हैं।

कार्यक्रम को लालती देवी, अजीत कुमार राय, राना खातून, सीमा भारती, अंजली पाण्डेय, प्रेमा चैहान, मंजुलता आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विनीत रंजन, श्याम सिंह, सोनू प्रजापति, सुषमा भारती, गीता भारती, मंजू यादव, संतरा देवी, सोनी कपूर बेबी, संगीता, नीतू, समा, पूजा, रीता, बविता आदि उपस्थित रहीं।

# मिलेट दिवस आज, होटल संचालकों संग होगी बैठक

**आजमगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिल कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी एवं समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें शासन की मंशा के अनुरूप मिलेट डे 2023, आजमगढ़ में मनाया जाना है। इस हेतु 3 फरवरी को अपराह्न 2.20 बजे समस्त होटल एवं रेस्टोरेंट्स व्यवसायियों की एक बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आहूत की गयी है, जिसमे व्यवसायियों से मिलेट (पहला मोटा अनाज जिनमें ज्वार और बाजरा आते हैं। दूसरा, लघु अनाज जिनमें बहुत छोटे दाने वाले मोटे अनाज जैसे रागी, कंगनी, कोदो, चीना, सांबा और कुटकी आदि आते हैं।) से बनाने वाले व्यंजन तथा उक्त दिवस को मानाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। उक्त बैठक में मेले का स्थान व दिनांक निर्धारित किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जनपद के समस्त होटल एवं रेस्टोरेंट्स व्यवसायियों का आह्वाहन किया गया है कि मिलेट दिवस मेला को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करते हुए मेले को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

# अनियमितता पर तीन खाद दुकानदारों का लाइसेंस निरस्त

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जिला कृषि अधिकारी डॉ.गगनदीप सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद में स्थान फरिहा में रैक पॉइंट के संचालन होने के उपरांत इफको यूरिया 2653 मेट्रिक टन की प्रथम रैक प्राप्त हुई है। वर्तमान में फरिहा रैक पॉइंट प्रारंभ होने के बाद अब जनपद को किसी भी प्रकार से उर्वरक आपूर्ति में विलंब नहीं होगा तथा उर्वरक आपूर्ति अनवरत जारी रहेगी।

गुरूवार को प्राप्त शिकायत पर 3 खाद के दुकानदारो का लाइसेंस निलंबित किया गया। इसमें मित्ता प्रसाद एवं अनिल कुमार, आजमगढ़ का लाइसेंस इसलिए निलंबित किया जा रहा है क्योंकि इन्होंने निलंबित फुटकर उर्वरक विक्रेता को यूरिया आपूर्ति किया है। सिंह उर्वरक भंडार गोपालगंज का लाइसेंस निलंबित होने के बाद भी इनके द्वारा यूरिया आपूर्ति मित्ता प्रसाद एवं अनिल कुमार से प्राप्त की गई इसलिए इनको कठोर चेतावनी निर्गत की जा रही है। एग्री क्लिनिक बसई का लाइसेंस इसलिए निलंबित किया जा रहा है क्योंकि इन्होंने मिता प्रसाद एवं अनिल कुमार थोक विक्रेता के साथ गैरकानूनी तरीके से शामिल होकर सिंह उर्वरक भंडार गोपालगंज को यूरिया आपूर्ति कराने के कारण।

जनपद के समस्त खाद के दुकानदारों को निर्देशित किया कि कोई भी दुकानदार निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री न करे तथा सभी दुकानदार अपने-अपने पॉइंट ऑफ सेल मशीन को चेक कर ले, यदि उनके पॉइंट ऑफ सेल मशीन में किसी भी प्रकार का यूरिया का स्टॉक उपलब्ध है तो उसको नियमानुसार खारिज करते रहें अन्यथा संबंधित दुकानदार का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी दुकानदारों को निर्देशित किया कि खाद पॉइंट ऑफ सेल (पोस) मशीन से ही बिक्री किया जाए तथा स्टॉक रजिस्टर एवं विक्री रजिस्टर प्रतिदिन पूर्ण किया जाए। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अपूर्ण होने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध लाइसेंस निलंबित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलेगा अभियान

**जनसंदेश न्यूज**

**मुहिम**

**47.13 लाख आबादी को दवा खिलाने का रखा गया है लक्ष्य**

**आजमगढ़।** फाइलेरिया आईडीए अभियान आगामी 10 फरवरी से 27 फरवरी की द्वितीय जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जनपद में 2 साल से उपर 47.13 लाख आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें पूरे जनपद में 4009 टीमें, 669 सुपरवाइजरों की टीम गठित की गयी है।

अभियान की सफलता हेतु आशा एवं आंगनवाड़ी की टीमें घर-घर दस्तक देंगी। अभियान की सफलता के सन्दर्भ में बताया कि सभी ब्लाकों में तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है तथा फाइलेरिया के नियन्त्रण हेतु टीमें घर-घर जाकर जन समुदाय को उम्र के अनुसार एक गोली अल्वेण्डाजॉल 400 एमजी तथा डीईसी 100 एमजी तथा आइवरमेक्टिन लम्बाई के अनुसार दवा का सेवन करायेंगी। उन्होंने बताया कि 0-2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला एवं गम्भीर बिमारी से ग्रसित व्यक्ति को दवा का सेवन नहीं कराना है। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा नोडल अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एके चैधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.संजय गुप्ता, डा.उमाशरण पाण्डेय, डा.वाई प्रसाद, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक मण्डलीय जिला चिकित्सालय, जिला मलेरिया अधिकारी एवं प्रभारी फाइलेरिया नियन्त्रण इकाई आजमगढ़ के समस्त कर्मचारी, पाथ संस्था के डा.विजय कुमार एवं डा.वेद प्रकाश सिंह के अलावा पीसीआई के जिला समन्वयक प्रदीप कुमार मिश्र एवं अन्य अन्तर्विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं समस्त अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम, बीपीएम एवं अन्य सहयोगी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता में अव्वल खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** नेहरू युवा केंद्र आजमगढ़ द्वारा जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सुखदेव पहलवान स्टेडियम में किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग में भाग लिया, जिसमें मार्टिनगंज की टीम प्रथम, बिलरियागंज द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग में मुहम्मदपुर की टीम प्रथम, वॉलीबॉल कोयलसा प्रथम, अतरौलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में मृत्युंजय निषाद ठेकमा प्रथम, गोविंद पाल बिलरियागंज द्वितीय, अमन सरोज मेंहनगर तृतीय, बालिका वर्ग में किरण वर्मा कोयलसा प्रथम, अर्चना यादव मुहम्मदपुर द्वितीय, रोजी ठेकमा तृतीय, 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में राहुल कनौजिया बिलरियागंज प्रथम, आयुष सिंह मुहम्मदपुर द्वितीय, अजय शर्मा अतरौलिया तृतीय, 100 मीटर बालिका वर्ग में सुषमा कुमारी ठेकमा प्रथम, रमा सिंह द्वितीय, खुशी यादव तृतीय, लंबी कूद बालक वर्ग में अखिलेश गौड़ प्रथम, प्रदीप निषाद द्वितीय, शिवम यादव तृतीय, लंबी कूद बालिका वर्ग में सुषमा कुमारी प्रथम, रोजी द्वितीय, अर्चना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


मेडल के साथ पुरस्कृत खिलाड़ी।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारीएके पांडेय द्वारा सभी विजेताओं को शील्ड मेटल टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया। समाजसेवी करन कुमार एडवोकेट ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा ग्रामीण स्तर पर युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बहुत अच्छी पहल है। इस अवसर पर रामफल यादव, मुसाफिर यादव, सोहराब, अजय मिश्रा, डॉ.राधेश्याम, प्रणव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बिना अनुमति के नहीं किया जायेगा भूमि का अधिग्रहणः डीएम



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मंदुरी हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के विरोध में धरने पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा एवं प्रभावित हो रहे परिवारों के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने किसानों एवं प्रभावित हो रहे परिवारों को आश्वस्त किया कि किसी की भी जमीन बगैर अनुमति के अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो जमीन नहीं देना चाहते हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार की जबरदस्ती नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों की मांग को शासन को अवगत कराया दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि बगैर अनुमति के किसी की भी जमीन अधिग्रहण न किया जाय। उन्होंने कहा कि आप लोग सरकारी काम में अवरोध उत्पन्न न करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों के लोकतांत्रिक मांगों को स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोगों से अनुरोध है कि अपना धरना समाप्त करें एवं अपने-अपने कार्यों को संचालित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसान नेताओं एवं आये हुए अन्य ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को भी सुना। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने गुरूवार को महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेन्सी आर्कन पॉवर इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश दिया कि प्रशासनिक भवन व पुस्तकालय तथा शैक्षणिक भवन एक और 2 के निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जल राजन चैधरी सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी एजेन्सी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भिक्षाटन कर कैंसर पीड़ित को दिया 36261 रुपये



**आजमगढ़।** सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव की पहल पर भिक्षाटन के चैथे दिन ब्लड कैंसर पीड़ित मासूम पवन राजभर के जिंदगी की सलामती के लिए विकास खंड तरवां क्षेत्र के कंचनपुर बाजार वासियों ने भिक्षाटन कर 36261 रुपया की धनराशि इकट्ठा किया। कंचनपुर बाजार के व्यवसायी रामबदन यादव ने मासूम पवन की माता सुशीला देवी को उक्त धनराशि सौंपा। समाजसेवी रामकुंवर यादव ने कहा कि ब्लड कैंसर पीड़ित गरीब असहाय पवन के जीवन बचाने के लिए समाज के सभी प्रबुद्ध वर्ग को आगे आने की जरुरत है। रामकुंवर यादव ने मासूम पवन राजभर को आज वाराणसी के होमी भाभा कैंसर अस्पताल में भर्ती करायेंगे। भिक्षाटन के समय हरी राजभर, सभाजीत सिंह, पूर्व प्रधान विरेन्द्र यादव, प्रधान सुनील यादव, डब्बु चैहान, मिस्त्री गोलू यादव, विशाल प्रताप यादव, दिनेश यादव, सुरेश राजभर, अजीत यादव, कृष्णा यादव (बाडू), प्रहलाद यादव आदि उपस्थित थे।

### पशुशाला में लगी आग, 20 मवेशियों की झुलस कर मौत



**आजमगढ़।** महराजगंज थाना क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम गांव में बुधवार की रात अज्ञात कारणों से पशुशाला में आग लग गयी। आगलगी में पशुशाला के अंदर बंधे 20 मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई। इस घटना में लाखों की क्षति बतायी जा रही है। नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम (औघड़गंज) गांव निवासी इंद्रदेव यादव की छप्पर से बनी पशुशाला घर के बगल में स्थित है। रोज की भांति बुधवार की रात पशुशाला में छह भैंस, चार पड़िया तथा दस बकरियां बांधी गई थीं। देर रात अचानक पशुशाला से उठ रही आग की लपटों को देख परिजन शोर मचाने लगे। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन विफल रहे। घटना की जानकारी अग्नि शमन विभाग को दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक पशुशाला में बंधे मवेशी झुलसकर दम तोड़ चुके थे। गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के उपरांत मृत मवेशियों को जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। पीड़ित पशु मालिक ने सगड़ी तहसील प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### खेल हो या जीवन, हर जगह अनुशासन की जरूरत



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन बूढ़नपुर तहसील सचिव राहुल मौर्य ने भगतपुर में ग्रामसभा विशाल क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। तहसील सचिव राहुल मौर्य ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए हार जीत प्रतियोगिता में चलती रहती है। कभी हारते हैं तो कभी जीतते हैं। क्रिकेट से संघर्ष करने की सीख मिलती है, और शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजक समिति की सराहना की और कहा कि खेल हो या जीवन, हर जगह अनुशासन और कठिन साधना की जरूरत होती है। इस मौके पर आयोजक हर्ष सिंह, मंदीप गौड़, अजय गौड़, सौरभ सिंह, रजनीश सिंह,रणजीत यादव, श्रीचंद्र गुप्ता, मृतुन्जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अध्यापक पर हमला करने वाले गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना पवई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अध्यापक पर हमला करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। बीते 26 जनवरी को प्रदीप कुमार सिंह पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी ग्राम राजापुर सुवंशा जिला आजमगढ़ ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि प्रतिवादी 2 बाइक सवार छः व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा बिना कारण के ही रास्ते में वादी को घेरकर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। विवेचना में प्रकाश में आये अभियुक्त सोनू शर्मा पुत्र चन्द्रभान शर्मा निवासी बागबहार थाना पवई व अमन यादव पुत्र धर्मेन्द्र यादव बागबहार थाना पवई जनपद को बागबहार नहर पुलिया से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### वृहद रोजगार मेला आज

**आजमगढ़।** सहायक निदेशक (सेवायोजन) राममूर्ति ने बताया है कि 3 फरवरी को वृहद रोजगार मेला का आयोजन तहसील मार्टीनगंज मे क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, अनिल राजभर प्रतिभाग करेंगे। जिसमें लगभग 15 से अधिक प्राइवेट कम्पनीयां प्रतिभाग कर रही है। जिनके द्वारा आईटीआई योग्यताधारी, हाईस्कूल, इण्टर मीडिएट एवं उच्च योग्यताधारी बेरोजगारों का चयन किया जायेगा। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) सेवायोजन पोर्टल पर क्लिक कर प्राइवेट कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आईडी का प्रयोग कर आन-लाईन रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अन्य बेरोजगार अभ्यर्थी मेले में अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र आदि अन्य दस्तावेज के साथ सीधे प्रतिभाग कर सकते हैं। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं है।

# छानबे विधायक राहुल कोल का मुंबई में निधन


राहुल प्रकाश की फाइल फोटो


सांसद के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे लोग

**शोक**

### दूसरी बार अपनादल से चुने गए थे विधायक
### करीब 3 साल कैंसर से लड़ा जंग, अंततः हार गए
### पिता पकौड़ी कोल सोनभद्र से हैं सांसद

**मड़िहान।** छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल का आज गुरुवार को पूर्वांहन मुंबई में इलाज के दौरान निधन हो गया । कैंसर की बीमारी से पीड़ित होने के कारण उनका ईलाज चल रहा था। उनके आवास पर 14 जनवरी को पहुंची अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने मुलाकात की थी। छानबे सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र से अपना दल के दूसरी बार विधायक चुने गए थे। उनके निधन पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, प्रवक्ता राजेश पटेल आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया हैं। बतादें कि जिले की सुरक्षित सीट छानबे विधानसभा से अपनादल एस पार्टी के टिकट पर सन 2017 विधानसभा चुनाव लड़े और भारी अंतर के साथ जीत दर्ज कर पहली बार विधायक चुनें गये। पांच वर्ष कार्यकाल पूरे होने के बाद सन 2022 में अपनादल एस पार्टी के टिकट पर दूसरी बार विधायक चुने गये। जनवरी 2022 से कैंसर की बीमारी से पीड़ित रहे जिनका इलाज मुंबई में चल रहा था। छानबे विधायक का जन्म 4 अगस्त सन 1983 को हुई थी। हाईस्कूल बापू उपरौध इण्टर कालेज लालगंज, इण्टर मीडिएट बीएलजे इण्टर कालेज मीरजापुर, ग्रेजुएशन केबी पीजी कालेज मीरजापुर व एलएलबी चौहनिया वाराणसी से शिक्षा ग्रहण था। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहें। पिता पकौड़ी लाल कोल वर्तमान में सोनभद्र सुरक्षित सीट से दूसरी बार सांसद है। पत्नी राजगढ़ जिलापंचायत सदस्य है। भाई जगप्रकाश कोल की पत्नी गरिमा सिंह ब्लाक प्रमुख पटेहरा है। मृतक विधायक राहुल कोल की शादी सन 2006 में प्रयागराज जनपद के नैनी में रिंकी सिंह के साथ हुई थी। विधायक को एक बेटा व दो बेटी है। बेटा सम्राट सिंह 11 वर्ष क्लास 4 का छात्र है व दो बेटी अंशिका सिंह 7 का छात्रा व आस्था सिंह 12 वर्ष 5 की छात्रा है। मृतक विधायक का शव विमान द्वारा मुम्बई से लाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक विधायक का शव उनके निवास पर नहीं पहुँचा था। घटना के बाद विधायक के निवास पर मड़िहान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, लालगंज एसडीएम ज्वांइट मजिस्ट्रेट नवनीत सेहरा पहुँचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। घटना की सूचना पर जनपद के नेताओं व अधिकारियों द्वारा दुःख व्यक्त किया गया।

### राजनीतिक दलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने व्यक्त किया शोक संवेदना

**लालगंज।** विधायक राहुल प्रकाश कोल की लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास होने पर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी, भाजपा विधानसभा पंचायत पूर्व प्रभारी जय प्रकाश उपाध्याय, पूर्व भाजपा अध्यक्ष लालमणि पांडे, अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, लाल बहादुर सिंह, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक कृष्णकांत दुबे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हुबलाल दुबे, बसपा के वरिष्ठ नेता धनेश्वर गौतम, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पन्नालाल सिंह, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण दूबे, पूर्व प्रमुख जय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख नरेंद्र गिरी, प्रमुख जयंत कुमार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि विधानसभा की अपूरणीय क्षति हुई।

### मृतक विधायक के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची सिराथू विधायक

**मड़िहान।** क्षेत्र के पटेहरा कलां विधायक के निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने सिराथू विधायक पल्लवी पटेल पहुंची जहां विधायक ने लगभग एक घण्टे तक विधायक के घर पर रूककर चचेरे भाई दिलीप कोल से जानकारी प्राप्त कर शोक संवेदना व्यक्त की।

## वन विभाग की जमीन पर कब्जा, गरजा बुलडोजर


अवैध कब्जे को ध्वस्त करती वन विभाग की टीम

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव में वन विभाग के करीब 32 बीघा जमीन पर किए गए कब्जे पर बने कमरे को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। इस मौके पर वन विभाग और पुलिस के लोग मौजूद रहे। कब्जा धारकों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। इसमें फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में सेवानिवृत कानूनगो को भी जेल भेजा जा चुका है। सरकारी जमीन पर कब्जा की शिकायत गांव के ही युवक ने जिलाधिकारी से की थी।

जिस पर कब्जा धारकों ने उसे गैपुरा बाजार से लौटते समय बाइक सवार युवक पर जानलेवा हमला कर पिटाई की थी। तहरीर मिलने के बाद सक्रिय पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया था। जिला प्रशासन से की गई शिकायत की जांच आरंभ हुई। जिसमें आरोप सही पाया गया। जिस पर पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वन विभाग के करीब 30 बीघा जमीन जिसकी कीमत करोड़ों में है। जिस पर कब्जा बनाए रखने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराया गया।

जिसमें मदद करने वाले वाराणसी के सेवानिवृत्त हो चुके कानूनगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गुरुवार को वन विभाग के जमीन पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने कब्जा कर बनवाये गए कमरे को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया।

## वाहन चेकिंग के दौरान 11 किग्रा गांजा बरामद


अवैध गांजा का खुलासा करते एसपी

**कामयाबी**

### पुलिस ने एक आरोपी सहित स्कूटी वाहन किया जब्त

**मीरजापुर।** जनपद में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए प्रभावी कदम उठाने के लिए आदेश दिए गए हैं। जिसमें थाना प्रभारी राजगढ़ राणा प्रताप यादव के द्वारा पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान स्कूटी सवार रमेश सिंह पुत्र स्व मानवेन्द्र सिंह निवासी मझिगवां थाना ड्रमंडगंज मीरजापुर को पकड़ लिया गया। स्कूटी पर बैग में रखे हुए कुल 11.300 किग्रा अवैध गांजा जिसकी कीमत 2 लाख 40000 रुपए बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी राणा प्रताप यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल दिया गया। वहीं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को सीज कर दिया गया।

पुलिस टीम के द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने दस हजार रूपए से पुरस्कृत कर पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया गया।

# जनपद में नकली शादी असली लूट, दो गिरफ्तार

**खुलासा**

### दूसरी शादी करने वाली महिला समेत गैंग के दो पकड़े गए
### दूल्हा लौटा बैरंग, दुल्हन गई जेल


फर्जी शादी का खुलासा करते एसपी

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने विवाह के नाम पर लोगों को लूटने वाले गैंग के महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। जिसका खुलासा एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में किया। लुटेरा गैंग को आगरा निवासी पीड़ित धनी राम की शिकायत पर पकड़ा गया।

गिरफ्तार महिला विवाहिता होने के बाद भी वारदात को अंजाम देने के लिए उसने 29 जनवरी को विवाह किया। विदाई के दौरान रेलवे स्टेशन से फरार हो गई थी। पुलिस लाइन में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने गुरुवार को विवाह के नाम पर लूटने वाले गैंग का खुलासा किया। बताया कि 2 दिन पूर्व कटरा कोतवाली में आगरा खनौली थाना क्षेत्र के भवानी नगला निवासी धनीराम पुत्र मोहन सिंह ने विवाह के बाद अपनी पत्नी की रेलवे स्टेशन से गायब हो जाने की सूचना दी। उसका विवाह 29 जनवरी को कराया गया। इसके लिए उससे 1.10 लाख लिया गया। विवाह कराया गया। विवाह के बाद विदाई के लिए वह लोग रेलवे स्टेशन आये। इसी दौरान नव विवाहिता पूजा सामान सहित फरार हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू किया। जांच के दौरान इस बात का पता चला की शादी के नाम पर लोगों को लूटने वाला गैंग सक्रिय हैं। पुलिस ने पूजा उर्फ लीलावती पत्नी सुदामा कैथी राबर्टसगंज और प्रदीप कुमार पुत्र फूलचंद लुरकुटिया मड़िहान को गिरफ्तार किया।

पूजा के पास से 5 हजार रुपया बरामद किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि यह गैंग लोगों को विवाह कराने के नाम पर बुलाता हैं। गैर जनपद में विवाह करता है। विवाह में होने वाले खर्च के लिए लड़के से ही खर्च के लिए रुपए लेता था। विवाह हो जाने के बाद झांसा देकर निकल जाते थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गैंग के अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। पकड़ी गई महिला पहले से शादीशुदा होने के बावजूद वारदात को अंजाम देने के लिए विवाह किया था।

## संक्षेप

### नाबालिग के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल मीरजापुर पर 27 दिसम्बर 2022 को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी करने व जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना विन्ध्याचल पर धारा 354, 504, 506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट व 3(1)द ध व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट बनाम रवि कुमार पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। गुरूवार को उ.नि. रविकान्त मिश्रा चौकी प्रभारी गैपुरा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद आरोपी रविकुमार बिन्द पुत्र घनश्याम बिन्द निवासी महुआडाढ़ थाना विन्ध्याचल मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

### भेड़ों को जहर देकर मारने का लगाया आरोप, दी तहरीर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गजरिया गांव निवासी पशुपालक कृष्ण बहादुर पाल ने गांव निवासी एक व्यक्ति पर विवाद को लेकर हाते के भीतर मौजूद डेढ़ सौ भेड़ में एक भेड़ को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दी गई तहरीर में पशुपालक ने आरोप लगाया कि बीते बुधवार को तीन बजे दिन में गांव निवासी एक व्यक्ति ने विवाद किया था और कहा कि तुम्हे बर्बाद कर देंगे। आरोप लगाया कि बुधवार की रात में हाते में पहुंचकर उसी व्यक्ति ने भेड़ को जहर दे दिया जिससे एक भेड़ की मौत हो गई। भेड़ के पास जहर की पुड़िया मिली है। पशुपालक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि पशुपालक की तहरीर पर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### सामान्य निकाय के निर्वाचन हेतु अभिलेख 6 फरवरी तक कराएं उपलब्ध

**मीरजापुर।** जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी/सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि कार्यालय मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उ.प्र.राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग, लखनऊ द्वारा सहकारिता, आवास, मत्स्य, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, खादी तथा ग्रामोद्योग, दुग्ध, रेशम तथा उद्योग विभाग की निर्वाचन योग्य समस्त प्रारम्भिक सहकारी समितियों (सहकारिता विभाग के सहकारी संघ एव क्रय विक्रय को छोड़कर) के सामान्य निकाय के गठन हेतु प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु 06.03.2023, प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु 18.03.2023 एवं सभापति, उपसभापति तथा अन्य समितियों को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु 19.03.2023 की तिथियां नियत की गयी है। निर्वाचन कार्यक्रम 27.02.2023 से प्रारम्भ है। अतः उक्त विभाग से सम्बन्धित योग्य समस्त प्रारम्भिक सहकारी समितियां निर्वाचन कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेख 06.02.2023 तक प्रत्येक दशा में इस कार्यालय में उपलब्ध करायें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वीप्स का दिया गया प्रशिक्षण

**हलिया।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया में बृहस्पतिवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किशोरियों व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर वीकली आयरन फोलिक एसिड सप्लीमेंट (वीप्स) व आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 10 फरवरी के तहत कृमि नाशक दवा के बारे में डॉ. रीना पटेल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. रीना पटेल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वीप्स के बारे में जानकारी देते हुए आयरन और फोलिक एसिड दवाओं के सेवन के तरीके बारे में जानकारी दी। बताया कि किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं में होने वाली आयरन व फोलिक एसिड की कमी को दूर करने के लिए दवाओं की जानकारी दी। कहा कि किशोरियों में आयरन की कमी दूर करने के लिए सप्ताह में आयरन की एक गोली किशोरियों को खिलाना है। कांउसलर सुचेता विश्वकर्मा ने बताया कि किशोरियों को आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देकर उन्हें आयरन की गोलियां खाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान डॉ. सुरेश कनौजिया, बीसीपीएम अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यसमिति व डाटा प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर की जिला कार्यसमिति एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला कटरा बाजीराव स्थित एक लान के सभागार कक्ष में तीन सत्रों में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह आये अतिथियों व जिला कार्यसमिति सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने पिछले दो माह का एवं आगामी तीन माह के सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से बताया एवं बजट 2023-24 हितकारी बजट की सराहना की। साथ में राष्ट्रीय कार्यसमिति में पास किये गये राजनीतिक प्रस्ताव का जिला कार्यसमिति ने अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि आगामी सभी कार्यक्रमों को कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचायें जो हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाएं दी जा रही।

### 10वीं की छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की हाई स्कूल की छात्रा को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रानीबाग चौराहे से बरामद कर मेडिकल व आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजा दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 10 की किशोरी 23 जनवरी को अपने घर से सुबह दस बजे विद्यालय पढ़ने गई थी जो शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने उसी रात किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना पुलिस को थी। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किशोरी की खोजबीन में जुट गई थी। गुरुवार को चौकी प्रभारी नरायनपुर रणविजय सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की रानी बाग चौराहे पर अपहृत छात्रा कहीं जाने के फिराक में चौराहे पर खड़ी है। जिसमें चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर किशोरी को बरामद कर मेडिकल मुआयना के लिए भेज दिया।

### आत्म निर्भर भारत अभियान थीम प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**मीरजापुर।** आजादी के अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में जनपद मीरजापुर में खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान वोकल फार लोकल थीम पर आधारित दस दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन कल 3 फरवरी 2023 को दोपहर एक बजे जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ध्यान चन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रदर्शनी में जनपद के ग्रामोद्योग संबंधित विभिन्न उद्यमियों के द्वारा उत्पादित सामानों के स्टाल लगाईं जाएगी, इसके अलावा इस पास के दुकानदारों द्वारा भी खादी उत्पाद सामानों के स्टाल लगायी जाएगी।

### पत्रकार को पितृ शोक

**मीरजापुर।** जिले के जिगना से जनसंदेश टाइम्स के संवाददाता विभूति नारायण सिंह उर्फ बबलू सिंह के पिता जीत बहादुर सिंह 90 अवकाश प्राप्त शिक्षक की आकस्मिक मृत्यु हो गई। लंबी बीमारी के बाद पिता की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। जनसंदेश कार्यालय पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति को लेकर भगवान से प्रार्थना किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में ब्यूरो चीफ संजय दुबे, नितिन अवस्थी, प्रभात मिश्रा, नितीश पाठक, दीपचन्द, संतोष मिश्रा व मुकेश पाण्डेय, आलोक मिश्र आदि पत्रकार रहे।

# ग्रामीणों का बैकुंठपुर में धरना प्रदर्शन, लगाई न्याय की गुहार

**मांग**

### बाजार के सम्भ्रांत लोगों पर हरिजन एक्ट लगवाने की देते है धमकी
### भू माफियाओं का दबदबा


प्रदर्शन करते ग्रामीण

**अदलहट।** पुलिस चौकी नरायनपुर अंतर्गत ग्रामसभा बैकुंठपुर में गुरुवार को भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जा रहे ग्रामीण महिला पुरुष व दिब्यांगों ने धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

मामला बैकुंठपुर हरिजन बस्ती से जुड़ा हुआ है। जहां पर लगभग तीस से चालीस वर्षों से काबीज लोगों के साथ भू माफियाओं का दल दबंगई पर आरुढ हो गया है। घर की महिलाएं भी डरी और सहमी हुई है।

ज्ञात हो बैकुंठपुर के छन्नूलाल हरिजन से रजिस्ट्री कराई हुई जमीनों पर काबीज पीड़ित दिनेश चौरसिया, अशोक, विनोद, दिलीप, माया शंकर, लालचंद प्रसाद, विजय कुमार, दयाशंकर, सुजीत कुमार सिंह, प्रेम, अरुण कुमार, विद्या चौरसिया, आराधना चौरसिया, संतला देवी, मकबूल, नेहरू महमूद, रामविलास गुप्ता, लालजी, राम जी के साथ-साथ दो दिब्यांग (अंधे) व्यक्ति महबूब उर्फ मुदानी, अरुण कुमार के साथ भी यही स्थिति बनी हुई है। पीड़ितों ने बताया कि हम अपनी जमीन पर लगभग तीस से चालीस सालों से काबिज है हमारे दादा परदादा यह जमीन छन्नूलाल से खरीदी थी। आज स्थिति यह है कि छन्नूलाल के पोते मोतीलाल उस जमीन को मंगला प्रसाद नामक हरिजन को पुनः बेच करके हमारे घरों को नोटिस भिजवा कर घर खाली करने की धमकी दे रहा है। यही नहीं घर न खाली करने की स्थिति पर एससी एसटी एक्ट में फंसाने, गुंडों से मारने पीटने की धमकी दे रहे है। भूमाफियाओं से पीड़ित लोगों ने शासन से गुहार लगाया है कि हम लोगों को ऐसे भू माफियाओं, दबंग किस्म के लोगों, एससी एसटी जो कि संविधान ने सुरक्षा के रूप में दिया है उसको असलहे के रूप में प्रयोग करने वालो का जांच कर न्याय दिलाई जाय।

### प्रधान की लापरवाही से नहीं हो सका राशन की दुकान का चयन

**जिगना।** विकासखंड छानबे में बृहस्पतिवार को गौरा गांव में सरकारी गल्ले की दुकान हेतु समय निश्चित किया गया था। उसके बावजूद भी ग्राम प्रधान बेचन सिंह के द्वारा टालमटोल देखने को मिला। वही एडीओ पंचायत, एडीयो कोऑपरेटिव द्वारा बैठक न होने से नाराजगी जाहिर करते हुए सचिव अखिलेंद्र राज सिंह से कार्यवाही लिखवाया। बैठक में टालमटोल ग्राम प्रधान द्वारा किया जा रहा है। एडीओ पंचायत द्वारा यह बताया गया कि अगली डेट डीपीआरओ अरविंद जयसवाल के द्वारा निश्चित किया जाएगा। एडीओ पंचायत प्रभा शंकर पटेल द्वारा यह बताया गया कि डीपीआरओ द्वारा ही अध्यक्ष चुना जाएगा। जिससे दुकान के आवंटन हेतु प्रस्ताव कराया जा सके। उन्हीं के द्वारा ही प्रस्ताव कराया जाएगा। इस दौरान एडीओ पंचायत प्रभा शंकर पटेल, एडीओ कोआपरेटिव वेद प्रकाश, शैलेंद्र कुमार, गौरव श्रीवास्तव, अजय सिंह, राम प्रसाद सिंह, पवन सिंह, प्रबल सिंह, शिवराज सिंह, सिद्धि राज यादव, ब्रह्म प्रताप सिंह बंटी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में टेंट हाउस में लगीआग


आग लगने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण

**नुकसान**

### लाखों का सामान जलकर राख

**कलवारी।** मड़िहान थाना क्षेत्र के जमुई बाजार में संदिग्ध परिस्थितियों में टेन्ट हाउस की दुकान में आग लग गई। घर के अंदर से धुआं उठता देख पड़ोसियों द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी। परिजन के पहुँचते ही ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने में जुट गये। ग्रामीण जमुई गांव निवासी ओमप्रकाश केशरी की बाजार स्थित टेंट की दुकान है परिवार के साथ उसी मकान में निवास करते हैं, गुरुवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लग गयी। उस समय परिजन घर पर नही थे। पड़ोसियों द्वारा घर आग लगने की सूचना पर पहुँचे गृहस्वामी आग बुझाने के प्रयास में जुट गये देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पंहुची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुये बचाव कार्य मे जुट गई। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड की टीम आग पर काबू पाया तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया। गृह स्वामी ने बताया कि लाखों रुपये आलमारी में रखा था। आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो गया। जानकारी होने पर तहसीलदार फूलचंद यादव ने जांच पड़ताल कर क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया।

## हेल्थ एटीएम क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि : सीएमओ

**आयोजन**

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**जमालपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन और हेल्थ एटीएम मशीन का उद्घाटन गुरुवार को विधायक ने फीता काटकर कर किया। फाइलेरिया रोगियों को बाल्टी, मग, साबुन के साथ क्रीम का वितरण किया गया।

वहीं सन 2008 से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े आठ आशा कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। एसीएमओ डा ए के राय ने बताया कि इस एटीएम हेल्थ मशीन से इसीजी, शूगर, ब्लड प्रेशर सहित 75 तरह की जांच मुफ्त में किया जाएगा जो जिले में अब तक आठ मशीनें लगाई गई है। सीएमओ डा राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हेल्थ एटीएम क्षेत्र के लिए बहुत बडी उपलब्धि है। सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डा राजन सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि रैंकिंग के क्षेत्र में सीएचसी उत्तर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है और आप सभी के सहयोग से सेन्ट्रल में रैंकिंग के लिए चयन हुआ है। कार्यक्रम का समापन खंड विकास अधिकारी रविन्द्र नरायण सिंह ने किया। वही संचालन एचीओ राम अनुज सिंह ने किया। इस दौरान मनो चिकित्सक मीरजापुर डा पूजा सिंह, डा सुची त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद सिंह बंटू, आलोक सिंह, डा अंकूर, डा रहमान, सच्चिदानंद, मनीष, पंकज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मंडलीय पेंशन अदालत आज

मीरजापुर। मंडलायुक्त डा.मुथुकुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में कल 03 फरवरी को आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की गई है। मंडलायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अपेक्षा की गई है कि अपने-अपने जनपद के लम्बित पेंशन प्रकरणों का उक्त बैठक के पूर्व निस्तारण कराने का कष्ट करें।

### बच्चों के लिए बनवाया जाय पार्क : एसपी

**मीरजापुर।** पुलिस लाइन आवासीय परिसर का भ्रमण कर चल रहे मरम्मत व निर्माण कार्य का एसपी ने जायजा लिया तथा बच्चों के खेल-कूद हेतु पार्क निर्माण कराने का निर्देश दिया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस लाइन स्थित आवासीय परिसर का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा आवासों के चल रहे मरम्मत, निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को निर्माण कार्य के दौरान उचित व्यवस्थापन कराते हुए साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी दौरान आवासों निवास करने वाले महिलाओं एवं बच्चों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारें में जानकारी की गयी एवं निस्तारण कराने हेतु उपस्थित अधिकारीगण को निर्देश दिये गये। पुलिस लाइन भ्रमण के दौरान आवसीय परिसर में खेल रहे बच्चों पर पुलिस अधीक्षक की नजर पड़ी तो बच्चों से वार्ता कर उनके खेल-कूद हेतु पार्क निर्माण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। उक्त पुलिस लाइन आवासीय परिसर भ्रमण, निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर व लाइन-परमानन्द कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राम दुलार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आचार्य शुक्ल ने हिंदी साहित्य को दिया बड़ा योगदान : सुरेश चंद्र मिश्र

**कार्यक्रम**

### रामचंद्र शुक्ल विंध्य विश्वविद्यालय की हो स्थापना : भोलानाथ कुशवाहा
### आचार्य शुक्ल की मनायी गयी 82 वीं पुण्य तिथि


मंच पर आसीन संयुक्त विकास आयुक्त

**मीरजापुर।** आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आचार्य शुक्ल की 82वीं पुण्यतिथि उनके बरौधा कचार स्थित पार्क में मनायी गयी। मुख्य अतिथि संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चंद्र मिश्र ने आचार्य शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

उन्होंने कहाकि आचार्य शुक्ल ने आजीवन हिंदी साहित्य की सेवा की और बड़ा योगदान दिया। हम ऐसे मनीषी की पुण्यतिथि मना रहे हैं जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। अध्यक्षता कर रहे भोलानाथ कुशवाहा ने कहाकि आचार्य शुक्ल का नाम आज साहित्य जगत में बहुत आदर के साथ लिया जाता है क्योंकि उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर हिंदी साहित्य को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय का नाम आचार्य रामचंद्र शुक्ल विंध्य विश्वविद्यालय' रखा जाय। राजेंद्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी ने कहाकि आचार्य शुक्ल जीवन पर्यन्त हिंदी साहित्य के विकास के लिये प्रयत्नशील रहे। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल ने आचार्य शुक्ल के जीवन यात्रा के महत्वपूर्ण विंदुओं की चर्चा करते हुए कहाकि उनका लेखन मनोवैज्ञानिक रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष चंद्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। आयोजित कवि गोष्ठी में अनुज प्रताप सिंह, डॉ अनुराधा ओस, आनंद अमित, इम्तियाज अहमद गुमनाम, हौसिला प्रसाद, केदारनाथ सविता, अमरनाथ आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत शुक्ल ने किया।

# औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करने वाले उद्यमियों को दी जायेगी मदद

**बोले राज्यमंत्री**

### एक लाख दस हजार करोड़ से जनपद में होगी औद्योगिक इकाईयों की स्थापना

### 74654 करोड़ रुपए के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

### इन्वेस्टर्स समिट का जनपद में भव्य तरीके से हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज



दीप प्रज्ज्वलित कर इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

**सोनभद्र।** जिला इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम का गुरुवार को भव्य तरीके से आयोजन रावट्र्सगंज स्थित सोन पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यमंत्री, विधायक व जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन व गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने विभिन्न औद्योगिक संस्थानों व विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जनपद में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने के लिए स्थापित होने वाले औद्योगिक इकाईयों के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की और उसके माध्यम से लोगों को रोजगार कैसे प्राप्त होगा के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। एनटीपीसी रिहन्द, हिन्डालको, एनटीपीसी सिंगरौली, खाद्य सुरक्षा औषधी प्रशासन, अल्ट्राटेक, एनआरएलएम समूह, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, डूडा विभाग, रेशम कीट विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी थी। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य रूप में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन11 फरवरी को हो रहा है। इस समिट में देश विदेश के उद्यमी प्रदेश में उद्योग लगाने हेतु प्रतिभाग करेगें उन्होने कहा कि इस क्रम में आज जनपद में भी इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है इस इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उद्यमी जनपद में एक लाख दस हजार करोड़ रुपएं से अधिक धनराशि का निवेश जनपद में करेगें जिससे कि जनपद में नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना होगी और बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। कहा कि जनपद में निवेश करने वाले निवेशको को हर सम्भव मद्द की जायेगी।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि जनपद में आयोजित इस भव्य इन्वेस्टर्स समिट में जिस तरह से बढ़ चढ़ कर इन्वेस्टर्स ने प्रतिभाग किया है इससे लग रहा है कि आने वाले समय में लोगों को रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होगें और सोनभद्र बदल रहा है आगे बढ़ रहा है की तर्ज पर औद्योगिक इकाईयों की स्थापना होगी और जनपद विकास के पथ पर अग्रसर होगा। यह इन्वेस्टर्स समिट सोनभद्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

जनपद में उद्योग की स्थापना हेतु आज देश के अन्य राज्यों से गुजरात, अहमदाबाद सहित अन्य राज्यों से इन्वेस्टर्स ने प्रतिभाग किया है जनपद में लगभग एक लाख दस हजार करोड़ रुपएं की धनराशि इन्वेस्ट करने का प्रस्ताव 70 निवेशको द्वारा किया गया है जिनमें 74654 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके है इसमें ग्रीन्को ग्रुप, एनटीपीसी, सिद्धार्थ इन्फ्राटक, जेएसडब्लू, न्यू ऐनर्जी आदि प्रमुख कम्पनियों का निवेश करने का इन्टेन्ट प्राप्त हुआ इन कम्पनियों की स्थापना से जनपद में लगभग 10 हजार से अधिक लोगो को रोजगार उपलब्ध होगें।

इस दौरान मे जिलाधिकारी ने उपस्थित निवेशको से सीधा संवाद किया और उनके प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में जानकारी ली और उपस्थित निवेशको से कहा कि उन्हें उद्योग की स्थापना में यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आ रही हो तो वह इसके सम्बन्ध में जिला प्रशासन को अवगत कराये उनकी समस्या का निस्तारण अतिशीघ्र सुनिश्चित किया जायेगा और जिला प्रशासन द्वारा उन्हें हर सम्भव सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस दौरान कॉरपेट इकाई, हिन्डालको तथा अल्ट्राटेक से आये प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रजेन्टेंसन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी निवेशकों को प्रशस्ति पत्र तथा एमओयू प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विधायक घोरावल डा. अनिल कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, सदर अजीत रावत, छोटे लाल खरवार सहित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करने वाले इन्वेस्टर्स उपस्थित रहे।

## वैल्यूज मंथ के अंतर्गत वैल्यू कैफे का हुआ आयोजन

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में आयोजित हो रहे वैल्यू मंथ के दूसरे दिन संस्थान में हाल ही में नियुक्ति पाये न्यू ज्वाईनीज के साथ वैल्यू कैफे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यू ज्वाईनीज को आदित्य बिड़ला समूह के पांचों मूल्यों इन्टीग्रीटी,कमिटमेंट,पैशन,सीमलेसनेस एवं स्पीड के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हिण्डाल्को के मुखिया सी.ओ.ओ. एन. नागेश ने वैल्यूज की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे समूह के लिए वैल्यूज सर्वोपरि है और हम कभी इनसे समझौता नही करते और ये नान निगोशिएबल है। उन्होंने कहा कि ये वैल्यूज ही है जिनका अनुसरण व हर क्षेत्र में अनुपालन करते हुए हमारी कम्पनी ने 60 से अधिक वर्षों का स्वर्णिम सफर तय किया है और आप जैसे नई पीढ़ी पर अब ये दायित्व है कि आप भी इनका दिल से अनुपालन व अनुसरण करें, जिससे कि हमारी कम्पनी आने वाले कई वर्षों तक इसी प्रकार निरंतर प्रगति करता रहे। न्यू ज्वाईनीज ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इतने कम समय में ही उन्हें यह अनुभव हो गया है कि कम्पनी के सभी अधिकारी व कर्मचारी वास्तव में उक्त सभी मूल्यों का अपने दिन-प्रतिदिन के कार्य के दौरान स्वेच्छा से पूरे शिद्दत से पालन करते हैं। संचालन पद्मावती ने किया। समापन एच.आर. विभाग के राकेश वशिष्ठ के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

**संक्षेप**

## रिटर्न भरने के बाद ही खदान संचालन की दी जायेगी अनुमति



खनन उद्यमियों संग बैठक करते निदेशक एसएस प्रसाद

**ओबरा।** खान सुरक्षा निदेशालय वाराणसी परिक्षेत्र द्वारा गुरुवार को गैस गोदाम रोड स्थित एक निजी होटल में खनन उद्यमियों से वार्षिक रिटर्न भरवाने हेतु बैठक किया गया। बैठक के दौरान खान सुरक्षा निदेशालय वाराणसी परिक्षेत्र के निदेशक एस.एस.प्रसाद ने मौजूद खनन उद्यमियों से ऑनलाइन वार्षिक रिटर्न भरने की बात कही। कहा कि रिटर्न भरने के बाद ही आवंटित खदानों को चलाने की अनुमति दी जायेगी। सभी खनन उद्यमी अपनी-अपनी खदानों में सुरक्षा के सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करायें। खदानों में सबसे जरूरी है बेंच बनाकर ही खनन का कार्य कराया जाये। जिससे किसी भी संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। किसी भी तरह की लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके पूर्व खान सुरक्षा निदेशालय की टीम के खनन क्षेत्र में आने की सूचना लगते ही पूरे खनन क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया था। इस अवसर पर जीवन लाल उपनिदेशक खान सुरक्षा निदेशालय, देव प्रकाश मौर्या, अजय कुमार सिंह, इश्तियाक खान, विजय वैश्य, नीरज भाटिया, मधुसूदन सिंह, बृजेश तिवारी, चंद्रभूषण गुप्ता आदि कई व्यवसाई मौजूद रहे।

## कानपुर ने गढ़वा को पांच विकेट से हरा सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**म्योरपुर।** स्थानीय खेल मैदान पर चल रहे 19वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला गुरुवार को कानपुर व गढ़वा के बीच खेला गया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए गढ़वा की टीम 16.3 तीन ओवर में 149 रनों पर ऑल आउट हो गयी। कानपुर को मैच जीतने के लिए 150 रनों का लक्ष्य दिया गया। गढ़वा की ओर से दिब्य रंजन ने 31 रन प्रियांशू 27 एवं हर्ष ने 21 रनों का योगदान दिया। 149 रनों का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने 13.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। कानपुर की ओर से अनमोल ने 43 रन, शिवम ने नाबाद 34 व जितेश ने 26 रनों की पारी खेली। गढ़वा के बॉलर अभिषेक 37 रन देकर 2 विकेट व आर्यन 48 रन देकर तीन विकेट लिया। बेस्ट प्रदर्शन के लिये जितेश को मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। मैच में निर्णायक की जिम्मेदारी पंकज सिंह व रंजीत जायसवाल ने निभाई एवं स्कोरिंग की जिम्मेदारी रितेश जायसवाल व स्कोर बोर्ड की जिम्मेदारी आशीष अग्रहरी ने निभाई।

## अज्ञात कारणों से युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिल्ली गांव निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से बुधवार की रात घर के किचन में खुद को आग लगा लिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बिल्ली गांव निवासी 36 वर्षीय किशनलाल पुत्र स्व. जवाहरलाल ने बुधवार को किसी बात से नाराज होकर अपने को आग लगा लिया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए चोपन सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वही जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उक्त युवक की हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक उक्त युवक लगभग 96 फीसदी झुलस गया था। इसी बीच उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि किशनलाल कई महीने से बीमारी से ग्रसित था। ऐसे में वह दिमागी रूप से भी वह परेशान था। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी रही।

## शिक्षकों को दिया गया कौशल प्रशिक्षण का गुर

**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के नए प्रशिक्षण भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन जीवन जीने की कला विषयक का शुभारम्भ डायट प्राचार्य संदर्भदाताओं द्वारा किया गया। जिसमें पहले बैच में 100 शिक्षक पांच दिनों में जीवन कौशल के बारे में सीखेंगे। पहले बैच में 40 शिक्षक राबट्र्सगंज, 40 शिक्षक करमा एवं 20 शिक्षक घोरावल के शामिल हुए। प्रशिक्षण प्रभारी नीरज शर्मा, जिज्ञासा यादव, सतेन्द्र वर्मा एंव मिथिलेश त्रिपाठी डायट प्राचार्य ने कहा कि आज के भागमभाग व तनावपूर्ण जीवन में कौशल प्रबंधन की अहम भूमिका है। जीवन कौशल प्रशिक्षण में जागरूकता, तनाव प्रबंधन आदि के व्यवहारिक ज्ञान के लिए एडिशनल एसपी कालू सिंह, एआरटीओ धनवीर यादव और आरआई आलोक यादव ने भी विचार व अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण पांच दिन तक दस सत्रों में चलेगा, जो शिक्षकों को तनावमुक्त विद्यालयी वातावरण में बेहतर कार्य करने का स्वस्थ माहौल प्रशस्त करेगा। इस मौके पर सुषमा शुक्ला, निधि लोगानी, कौशल दुबे, संवेदिता, सिंधु मिश्रा, अरशद खान समेत तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

# बाजार बचाओ संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज



धरना प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते समिति के व्यापारी

**ओबरा।** ओबरा बाजार बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों द्वारा गुरुवार को मिथिलेश अग्रहरि के नेतृत्व में बुद्ध विहार के सामने गल्ला मंडी में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान परिवहन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। श्री अग्रहरि ने बताया कि ओबरा बाजार के व्यापारी विगत लगभग 60 वर्षों से अपना पक्का मकान और दुकान बनाकर अपना तथा परिवार का जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं।

जून 2019 में परिवहन विभाग के द्वारा 193 व्यापारियों को नोटिस देकर बताया गया कि रह रहे सभी व्यापारी आराजी संख्या 2330 ममि रकबा 5 बीघा 15 बिस्वा पर अवैध अतिक्रमण किए हुए हैं। गिरीश कुमार पांडे ने बताया कि परियोजना द्वारा बस अड्डा को दी गई भूमि की चौहद्दी आराजी संख्या 1383 कि नहीं बल्कि आराजी संख्या 1379 की अंकित कर दी गई है। जिसका नामांतरण 37 वर्षों बाद 2018 में हुआ। वर्तमान में उक्त आराजी का नंबर 2330 ममि है। जबकि व्यापारी जिस भूमि पर काबिज है वह आबादी की भूमि है। जिसका आराजी नंबर 2330 ग है, जो सामान्य आबादी की श्रेणी 6(2)के खाते की भूमि है। कहा कि इसे लेकर न्यायालय में मामला विचाराधीन चल रहा है। व्यापारियों ने इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग किया है कि परिवहन विभाग की वास्तविक भूमि जहां है वहां निर्माण कराया जाए। प्रदर्शन में संतोष राय, लालबाबू सोनकर, शमशेर खा, दिलीप सिंह, दिनेश गुप्ता, आबिद खान, गुरविंदर सिंह, रमाशंकर सिंह, प्रीति पांडे, सुषमा सिंह, मंसूर अहमद आदि शामिल रहे।

## महिला की मौत मामले में पति-पत्नी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**डाला।** चौकी छेत्र के बाड़ी में दो दिन पूर्व बाँस की बल्ली में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला महिला के शव मामले में पुलिस ने बुधवार की देर शाम मृतका के पिता की तहरीर पर प्लांट के मुँशी व उसकी पत्नी पर मारपीट व हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।चोपन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बिल्ली मार्कुण्डी के बाड़ी क्रसर छेत्र में एक विवाहिता का शव उसके घर के पीछे बाँस की बल्ली में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला था।जिसको लेकर मृतका के पिता बाबूलाल निषाद ने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया है कि राधा स्वामी क्रेसर प्लांट का मुँशी और मुँशी की पत्नी उसके घर में घुस कर उसकी पुत्री रेशमा को मारपीट कर उसकी हत्या कर शव को लटका कर भाग गये।चोपन पुलिस ने बुधवार की देर शाम धारा 452, 323 व 302 के तहत सतीश उपाध्याय व सतीश की पत्नी के विरुद्ध मारपीट व हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कोर्ट के आदेश पर मकान पर चला बुलडोजर, आक्रोश

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर के शिवापार्क इलाके में गुरुवार को अदालत के आदेश पर स्थानीय प्रशासन ने एक व्यक्ति के घर पर बुलडोजर चला कर ढहा दिया, इस दौरान उक्त व्यक्ति घर गिराने का कारण पूछता रहा तो प्रशासन के लोगों द्वारा बताया गया कि अदालत के आदेश पर उक्त कार्रवाई की गई है, जबकि मौके पर रह रहे व्यक्ति का कहना है कि उसकी जमीन पर आज तक कोई मुकदमा नहीं हुआ है तो फिर इसके गिराने का आदेश कैसे आ गया। घर गिराए जाने से आक्रोशित लोगों ने मौके पर मौजूद लोगों को घेर लिया जिसके बाद लोग वहां से भाग खड़े हुए। नगर के शिवा पार्क इलाके में पंजाब नेशनल बैंक के सामने बाबू लाल यादव की झोपड़ी बनी हुई है जिस पर वह कई वर्षों से रह रहे हैं गुरुवार को अचानक पिपरी थाना प्रभारी दिनेश प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में पहुंची फोर्स और हिंडाल्को के वकीलों ने अचानक मकान तोड़वाना शुरू कर दिया। मकान मालिक बाबूलाल यादव का कहना था कि उसका कभी कोई मुकदमा ही नहीं रहा तो उसका मकान कैसे तोड़ा जा रहा है परंतु मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी एक नहीं सुनी। इस दौरान पहुंचे पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय राय, मोनू जायसवाल, आशीष सिंह समेत बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि प्रशासन द्वारा जबरिया एक गरीब व्यक्ति के घर को तोड़ दिया जा रहा है जो सरासर गलत है। इस दौरान अजय राय ने कहा कि यदि अदालत के आदेश का अनुपालन कराना था तो मौके पर राजस्व विभाग के लोगों को भी रहना चाहिए था उसके बाद कार्रवाई करनी चाहिए थी, यह प्रशासन की मनमानी है कि बिना राजस्व विभाग के लोगों को लिए किसी गरीब के मकान को तोड़ दिया गया अब वह ठंड के मौसम में कहां जाएगा।समाजसेवी मोनू जायसवाल ने कहा कि मुकदमा दूसरे का चल रहा था और प्रशासन के लोगों ने दूसरे का घर गिरा दिया जो सरासर गलत है। उधर कार्रवाई के लिए पहुंचे थानाध्यक्ष पिपरी दिनेश प्रकाश पांडेय ने कहा कि माननीय न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है मौके पर मौजूद न्यायालय के अमीन अंबरीश पाठक द्वारा मुकदमे में दर्ज चौहद्दी के अनुसार ही कार्रवाई की गई है उन्होंने बताया कि यह मुकदमा हिंडालको बनाम लालमन, राजेश कुमार व चार अन्य के खिलाफ चल रहा था जिसके आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है परंतु कुछ लोगों द्वारा बीच में व्यवधान उत्पन्न कर दिया गया जिससे कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी जिसकी रिपोर्ट माननीय न्यायालय को भेज दी जाएगी।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी धनंजय को उम्रकैद, 50 हजार जुर्माना

**सजा**

### नौ वर्ष पूर्व दो सगी बहनों का अपहरण व दुष्कर्म का मामला

**सोनभद्र।** नौ वर्ष पूर्व दो सगी बहनों का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धनंजय सिंह को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि दोनों पीड़िताओं को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अनपरा थाने में 27 जनवरी 2014 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी दो बेटियां जिनकी उम्र क्रमशः 18 वर्ष व 10 वर्ष है। जो 25 नवंबर 2013 से लापता हैं। ये दोनों अनपरा क्षेत्र से घर गई थी और घर से अनपरा के लिए निकली थी, लेकिन उनका पता नहीं चला। बाद में पता लगाने पर जानकारी हुई कि बिहार प्रांत के जिला समस्तीपुर अंतर्गत थाना पटोरी के बेरी बिसनपुर गांव निवासी धनंजय सिंह पुत्र स्वर्गीय रामलेखा सिंह जो अनपरा डी प्लांट में बिजली मैकेनिकल में कार्य करता है उसकी बेटियो को शादी के लिए बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने दोनों पीड़िताओं को बरामद किया और पीड़िताओं का बयान लेने के बाद धारा में बढ़ोत्तरी की गई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## लूट के चार दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद



**सोनभद्र।** 16 वर्ष पूर्व औड़ी मोड़ अनपरा स्थित एक समाचार पत्र कार्यालय में तोड़फोड़ कर लूटपाट किए जाने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर 4 दोषियों रामगोविंद, लाले, उदास व विद्या मिस्त्री को 3- 3 वर्ष की कैद एवं ढाई- ढाई हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक एक नवंबर 2006 को 11 बजे दिन अनपरा थाना क्षेत्र के औड़ी निवासी रामगोविंद पुत्र बबई, लाले पुत्र रामगोविंद, उदास पुत्र रामगोविन्द व विद्या मिस्त्री पुत्र लक्ष्मण अपने साथ कुछ अन्य व्यक्तियों को लेकर प्रेस कार्यालय व दुकान का बरामदा तथा पीलर तोड़कर नुकसान पहुंचाने लगे। जब फोटोग्राफर विकास ने फोटो खींचना चाहा और उन लोगों को मना करने लगा तो सभी मिलकर विकास को झापड़ मुक्का से मारपीट कर उसका कैमरा, मोबाइल व 300 रुपए जबरन छीन लिया। इस संदर्भ में थाना और उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना 7 नवंबर 2006 की शाम 4 बजे की है। रामगोविंद, विद्या मिस्त्री, लाले व उदास अपने साथ 8-10 व्यक्तियों को लेकर सबल, गैता, कुल्हाड़ी, डंडा, ट्रैक्टर, जेसीबी मशीन आदि लेकर आए और प्रेस कार्यालय व दुकान का पीलर आदि सामान तोड़कर प्रेस कार्यालय व दुकान का सारा सामान उठा ले गए।

# वैल्यूज कार्य के प्रति हमेशा प्रेरणा प्रदान करते हैं: केपी

**अवसर**

### हिंडालको रेनूसागर में वैल्यूज माह का हुआ आगाज



गुब्बारा उड़ाकर वैल्यूज माह का शुभारंभ करते अधिकारी

**अनपरा।** आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा फरवरी माह वैल्यूज माह के रूप में मनाया जाता है, इसी क्रम में संस्थान परिसर के केमिकल्स लैब लान से एकत्रित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी वैल्यूज माह का आगाज करते हुए फ्लैग, बैनर, पोस्टर हाथ में लिए हुए प्लांट मेन गेट से होते हुए टी टी एम डी सी परिसर में पहुंच कर रेनूसागर पावर डिवीजन प्रमुख के पी यादव, संजय सिंह, मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह, गुलसन तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ गुब्बारे उड़ाकर वैल्यूज माह का आगाज किया। इसके बाद टी टी एम डी सी गैलरी हाल में कार्यक्रम का शुभारम्भ हिंडालको रेनूसागर पावर डिविजन के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव ने केक काटकर किया। कहा कि वैल्यूज हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते हैं एवं कार्य के प्रति हमेशा प्रेरणा प्रदान करते हैं। हमें आगे आने वाले कई वर्षो तक इसी प्रकार प्रगति पथ पर निर्बाध आगे बढ़ने के लिए अपने मूल्यों से आगे बढ़ कर सोचना व करना होगा। मानव संसाधन प्रमुख ने कहा कि हर कर्मचारी के मन में वैल्यूज जैसे निष्ठा, कमिटमेंट आदि समाहित होना चाहिए तभी कर्मचारी अपने जीवन एवं कार्यस्थल पर सफल रहेगा। इस अवसर पर मनु अरोरा, परेश ढोले, अनिल सिंघनिया, ललित खुराना, मनीष सिंह, समीर आनंद, सदा नन्द पांडेय, गीता प्रसाद वैश्य, अरुण कुमार, विजय कुमार, अमित सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन व समापन हितेंद्र झां ने किया।

# तेंदुए की मौत का हुआ खुलासा, दो शिकारी बंदी

**म्योरपुर।** रेंज के डढ़िहरा के खालेडीह जंगल में मिले तेंदुए के शव के मामले का वन विभाग ने खुलासा करते हुए इस मामले में दो शिकारियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि जंगल में सूअर का शिकार करने के लिए शिकारियों ने जाल लगा दिया था, जिसमें फंसने से तेंदुए की मौत हो गई। वन विभाग की टीम ने दोनों शिकारियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बता दें कि डढ़ियरा गांव के खालेडीह जंगल में बीते शनिवार को तेंदुए का शव मिला था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।

वन विभाग के एसडीओ भानेंद्र सिंह, पिपरी एसडीओ उषा देवी, रेंजर शहजादा इस्माइलुद्दीन मौके पर पहुंचकर तेंदुए की मौत के कारणों की हर एंगल से जांच की। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में तीन डाक्टरों के पैनल ने तेंदुए का पोस्टमार्टम किया था। आये पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टरों ने तेंदुए की मौत का कारण दम घुटना बताया। इसी दौरान वन विभाग की टीम ने संदेह के आधार पर आधा दर्जन लोगों को पकड़कर पूछताछ की। इसी दौरान वन विभाग को एक वीडियो क्लिप मिला जिसमें तेंदुआ तड़प रहा था, इस वीडियो को बनाने वाले को विभाग द्वारा पकड़े जाने के बाद कई अहम सुराग मिले। इसी आधार पर टीम ने डढ़ियरा निवासी जिंदलाल पुत्र नवलसाय व हीरन यादव पुत्र गोगल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तेंदुआ उनके सूअर मारने के लिए बिछाए जाल में फंस गया था, रेंजर शहजादा इस्लामुद्दीन ने बताया कि इस मामले में एक और आरोपी डढ़ियरा निवासी बालकेश्वर की सरगर्मी से तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मामले में जांच चल रही है, आगे भी कई गिरफ्तारियां होंगी। टीम में रेंजर, वन दरोगा शिवकुमार कुमार यादव, विजेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार चंद्रभान आदि शामिल रहे।

# कैंसर से जंग हार गए छानबे विधायक

**दुखद**

### राबट्र्सगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद पकौड़ी कोल के पुत्र थे राहुल



फाइल फोटो राहुल कोल

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज लोकसभा सांसद पकौड़ी लाल कोल के पुत्र व यूपी के मिजार्पुर जिले के छानबे विधानसभा से अपना दल (एस) के विधायक राहुल प्रकाश कोल कैंसर से जंग हार गए। उन्होंने गुरुवार सुबह मुंबई स्थित अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह मात्र 40 वर्ष के थे और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से लड़ रहे थे। उनके पार्थिव शरीर को हवाई जहाज बाबतपुर एयरपोर्ट लाया जाएगा। उसके बाद सड़क मार्ग से पैतृक आवास तक ले जाया जाएगा। उनके पिता पकौड़ी कोल अपना दल(एस) से राबट्र्सगंज (सोनभद्र) से सांसद हैं। राहुल प्रकाश कोल की निधन की खबर से जिले में शोक की लहर है। तमाम समर्थकों का उनके आवास पर पहुंचने का भी सिलसिला जारी है। राहुल प्रकाश कोल 2022 में छानबे विधानसभा से लगातार दूसरी बार अपना दल (एस) से विधायक बने थे। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी राहुल प्रकाश कोल सभी सियासी समीकरण ध्वस्त करते हुए 40 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ लगातार दूसरी बार जीते थे। इससे पहले 2017 के चुनाव में भी उन्होंने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्होंने बसपा के धनेश्वर गौतम को लगभग 57 हजार मतों से पराजित किया था। तब उनकी गिनती उत्तर प्रदेश के सबसे युवा विधायकों में हुई थी। राहुल प्रकाश कोल के निधन पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गौड़, प्रवक्ता राजेश पटेल सपा और भाजपा के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। राहुल प्रकाश कोल छानबे विधानसभा सीट पर लगातार दूसरी बार विजयी हुए और विधायक बने थे।

## छानबे विधायक के निधन पर डीसीएफ चेयरमैन ने जताया शोक

**दुद्धी।** मिर्जापुर जनपद के छानबे विधानसभा क्षेत्र के विधायक राहुल प्रकाश के निधन पर डीसीएफ चेयरमैन सुरेन्द्र अग्रहरि ने शोक व्यक्त कर अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि छानबे विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक रहे राहुल प्रकाश कैंसर से पीड़ित थे, उनका इलाज मुम्बई के अस्पताल में चल रहा था। जहां गुरुवार को उनका निधन हो गया। सांसद पकौड़ी लाल के पुत्र राहुल प्रकाश का निधन अपना दल एस के लिए अपूरणीय क्षति है। राहुल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन पर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और इस दुख की घड़ी में परिवार वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ कि ईश्वर उनको धैर्य धारण करने की शक्ति दें।

# स्कूली वैन पलटने पर प्रबंधक और प्रिंसिपल सहित तीन पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**एआरटीओ की कार्रवाई से स्कूल संचालकों में मची खलबली**

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के रानेपुर गांव में संचालित ग्रीन वैली कान्वेंट स्कूल की वैन बुधवार को बच्चों के साथ गड्ढे में पलट गयी थी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बच्चे जख्मी होगये थे। घटना को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर एआरटीओ विनय कुमार ने थाने में तहरीर दिया था। जिस पर कोतवाली पुलिस ने प्रबंधक, प्रिंसिपल सहित वैन चालक के खिलाफ विभिन्न धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है। एआरटीओ के इस कार्रवाई से स्कूल संचालकों में खलबली मची है।


फाइल फोटो

रानेपुर में ग्रीन वैली कान्वेंट स्कूल की वैन ईटवा और खोनपुर से स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। स्कूल से चंद दूरी पर सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने में गड्ढे में पलट गयी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बच्चे जख्मी हो गये थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम मनोज पाठक सीओ राजेश कुमार राय, बीईओ अवधेश कुमार राय व कोतवाल अनिल कुमार पांडेय मय फोर्स मौके पर पहुंच गये। सभी बच्चों का चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज कराया गया। हालांकि सभी बच्चे सुरक्षित है।

घटना को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मौका मुआयना करते हुए थाने में तहरीर दिया था। एआरटीओ के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने प्रबंधक, प्रिंसिपल और चालक के खिलाफ विभिन्न धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस बाबत सीओ राजेश कुमार राय ने बताया कि एआरटीओ के तहरीर पर प्रिंसिपल, प्रबंधक और वैन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### बगैर मान्यता वाले विद्यालयों के खिलाफ चलेगा अभियान

**सकलडीहा।** रानेपुर में स्कूली वाहन गड्ढे में पलटने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से बगैर मान्यता प्राप्त विद्यालय और वाहनों के खिलाफ जांच अभियान शुरू किया जायेगा। जिससे की स्कूली बच्चों को शिक्षण सहित अन्य समस्याओं से निजात मिल सके। खंड शिक्षाधिकारी अवधेश कुमार राय ने बताया कि बगैर मान्यता वाले विद्यालयों की जांच कर सूची तैयार कर कार्रवाई किया जायेगा। इसके साथ ही विद्यालयों में संचालित वाहनों की परमिट की जांच की कराया जायेगा जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

# फर्जी मुकदमा दर्ज कराने पर संघ ने जताया विरोध

**फेसुड़ा प्रधान मामला**

**प्रधान पर दर्ज मुकदमा वापस लेने व शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** विकास खंड के फेसुड़ा प्रधान पर कंपोजिट विद्यालय की सहायक अध्यापिका द्वारा फर्जी ढ़ग से मुकदमा दर्ज कराने व दुर्व्यवहार किये जाने को लेकर प्रधान संघ में आक्रोश है। गुरूवार को प्रधान संघ ने सहायक अध्यापिका द्वारा फर्जी ढ़ग से किये गये कार्रवाई को लेकर प्रधान संघ ने विरोध जताया। बीडीओ को पत्रक सौपते हुए प्रधान पर दर्ज मुकदमा वापस लेने व शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाया।

प्रधान संघ ने आरोप लगाया कि कंपोजिट विद्यालय की एक सहायक अध्यापिका के समय से विद्यालय नही आने व विद्यालय में उपस्थित बच्चों के सापेक्ष संख्या कम बताने को लेकर प्रधान द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों से शिकायत किया था। इसी खुन्नस में सहायक अध्यापिका द्वारा फर्जी ढ़ग से सैयदराजा थाना में आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया। यही नही प्रधान को थाने में भी बैठाया गया। जिसे लेकर प्रधान संघ ने नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान संघ ने बीडीओ को पत्रक देते हुए मामले की जांच कराकर फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग उठाया। चेताया कि चौबीस घंटे में समस्या का समाधान नही होने पर प्रधान संघ बीआरसी पर धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष जयप्रकाश चौहान, अमित सिंह, विमलेश यादव, अश्वनी श्रीवास्तव, राजेश यादव, वीरेन्द्र शर्मा, गुलाब मौर्या, मनोज यादव, अर्जुन मौर्या, अमरनाथ खरवार, अनीता देवी, अशोक, रीता देवी, देवचंद सहित अन्य मौजूद रहे।


ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधान के खिलाफ मुकदमा किये जाने को लेकर विरोध जताते हुए प्रधान संघ के पदाधिकारी।

## संक्षेप

### खुरुहूजा की शालू यादव को मिला जिले में प्रथम स्थान


जनपद में अव्वल आयी छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**चंदौली।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा विगत दिनों जिले में कराई गई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022-23 में सूर्या जूनियर हाई स्कूल चन्दौली की कक्षा दस की छात्रा शालू यादव को जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्य अतिथि सकलडीहा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. श्रीकृष्ण लाल ने शालू को प्रमाण पत्र, घड़ी और मेडल प्रदान कर गुरुवार को सम्मानित किया। शालू मूलतः सदर तहसील के खुरुहूजा गांव निवासी चंद्रप्रकाश यादव की पुत्री हैं, जो पंचायत राज विभाग में कार्यरत हैं। वह सूर्या जूनियर हाई स्कूल चन्दौली में कक्षा 10 की छात्रा है। शालू के पिता चंद्रप्रकाश उर्फ गुड्डू यादव ने बताया कि शालू बचपन से ही पढ़ने में कुशाग्र है। मेरा सपना है कि मेरी पुत्रीयां पढ़ लिखकर देश सेवा करें। शालू चार भाई बहनों में तीसरे नम्बर पर है। इस अवसर पर जगदीश नारायण राय, प्रधानाचार्य राधेश्याम पाल, सुरेश सिंह, अनिल मौर्य, अनिल श्रीवास्तव, उपेंद्र मौर्य आदि लोग उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय रोवर रेंजर का प्रशिक्षण शिविर आरंभ

**चकिया।** सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में गुरुवार की दोपहर रोवर्स रेंजर के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज वाराणसी के प्राचार्य पवन कुमार सिंह ने शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन में रहते हुए एक कुशल विद्यार्थी बनने के गुण बताएं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर संगीता सिन्हा ने अनुशासन के माध्यम से आयोजन को सफल बनाने की प्रेरणा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोवर्स प्रभारी प्रभारी डॉ संतोष कुमार यादव, रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रियंका पटेल, मुख्य प्रशिक्षक कैलाश प्रसाद,रतन जायसवाल, प्रियंका मौर्या, साक्षी, विजय, डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ सरवन कुमार यादव, रमाकांत गौड़, डॉ कलावती स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### राज्य परियोजना टीम ने परिषदीय विद्यालयों का लिया जायजा

**कंदवा।** राज्य परियोजना विभाग की टीम गुरुवार को बरहनी मे भ्रमण पर थी। इस दौरान दो परिषदीय विद्यालयों का टीम द्वारा औचक निरीक्षण कर शैक्षिक गुणवत्ता का हाल जाना गया। टीम द्वारा 19 अलग अलग बिंदुओं पर जांच कर शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। परिषदीय विद्यालयों की शैक्षिक स्तर, व्यवस्था का हाल जानने के लिए परियोजना शोध अधिकारी अशोक द्विवेदी, दीनानाथ मिश्रा, देवा तिवारी के साथ प्राथमिक विद्यालय अमडा व उच्च प्राथमिक विद्यालय बकौडी पहुंचे हुए थे। विद्यालय के भौतिक परिवेश से अवगत होते हुए विद्यालय की पेंटिंग, टेबल कुर्सी, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था सहित शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर जांचा, परखा गया। शिक्षकों से पठन पाठन सहित मिड डे मिल का हाल जाना गया। इस दौरान शोध अधिकारी अशोक द्विवेदी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में 19 अलग अलग बिंदुओं पर जांच करनी है। गुरुवार को चंदौली में प्रथम दिन बरहनी के दो अलग अलग विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जांच रिपोर्ट गोपनीय रखते हुए आख्या शासन को प्रेषित की जाएगी।

### विधायक राहुल प्रकाश कोल के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**नौगढ़।** विधानसभा छानबे (मिजार्पुर) विधायक राहुल प्रकाश कोल की असमायिक निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर ब्याप्त हो गई। रावर्ट्सगंज के सांसद पकौड़ी लाल कोल के पुत्र राहुल प्रकाश कोल काफी दिनो से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। जिनकी ईलाज के दौरान मुंबई में मौत हो जाने की खबर पाकर लोगों मे मायूसी छा गई। अपना दल कार्यालय में सांसद प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी तथा भाजपा कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरी के नेतृत्व मे आयोजित शोकसभा में विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से गतात्मा को शांति प्रदान करने की कामना की गई। शोकसभा मे कल्लू प्रसाद, नामवर सिंह, विमला यादव, मलिक गोड़, अंगद पटेल, संदीप जायसवाल, सुनील चौरसिया, राहुल केशरी, बुल्लू खरवार, अजीत केशरी ,रामसरूप आदि मौजूद रहे।

### आज मनेगा अवतरण दिवस

**डीडीयू नगर।** श्री विश्वकर्मा बाबा सेवा ट्रस्ट की ओर शुक्रवार को शहर के लाट नंबर एक स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान मंदिर में भगवान आदि शिल्पी का सुबह 11 बजे से अवतरण दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान भव्य श्रृंगार, पूजा-पाठ, हवन, जागरण व प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राकेश जायसवाल ने दी है।

### तीन दिवसीय श्रीमद भागवत कथा आज से

**चहनियां।** क्षेत्र के औघड़ की मड़ई हुदहुदीपुर में विश्वम्भरनाथ त्रिपाठी के सानिध्य में तीन दिवसीय श्रीमद भागवत कथा शुक्रवार से शुरू हो रहा है। जिसमें अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती महाराज द्वारा प्रवचन, भजन व संकीर्तन किया जायेगा। वहीं शिवार्चन व रुद्राभिषेक भी किया जायेगा। प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह तीन दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के बाद भंडारा व साधु संतों के विदाई का भी कार्यक्रम होगा।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक

**कंदवा।** बरहनी गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश सिंह 81 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। वाराणसी के एक अस्पताल मे इलाज के दौरान हुई निधन की सूचना मिलते ही शिक्षकों, परिचितों मे शोक की लहर दौड़ गई।उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष यशवर्धन सिंह,संजय सिंह,अनिल सिंह सहित अन्य द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक की निधन पर शोक व्यक्त किया गया। यशवर्धन सिंह ने कहा कि जगदीश सिह संस्कृत के विद्वान थे। उनके निधन से शिक्षक समाज एवं क्षेत्र के जनता और शिष्य आहत है।

# मुख्य मार्ग पर फैले मिट्टी व बहते नाबदान के पानी को लेकर प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** कस्बा में पीडियूनगर मुख्य मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क में गढ्ढे में फैले गिट्टी व कीचड़ को लेकर कस्बावासियों ने प्रदर्शन किया। आने जाने वाले लोग उसी में फंसकर गिर रहे है। मार्ग पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मार्ग दुरुस्त नहीं तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

चहनियां कस्बा में मुगलसराय मुख्य मार्ग पर विगत कई वर्षों से मार्ग पर गड्ढा होकर पानी भर गया था। मार्ग पर नाबदान का पानी बहता है। प्रधानपति सतीश गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी को मौनी अमावस्या के पूर्व सड़क मरम्मत कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन लोक निर्माण द्वारा मौनी अमावस्या बीतने के बाद गढ्ढे में थोड़ी गिट्टी व ज्यादा मात्रा में मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। जबकि सड़क में गढ्ढे में गिट्टी व भस्सी डालना था, किन्तु विभागीय द्वारा मिट्टी डाल देने से स्थिति और नारकीय हो गयी है। आने जाने वाले लोगो के वाहन उसी में फंस जा रहा है। लोग गिरकर चोटहिल हो रहे है। खबर छपने के बाद विभागीय लोग थोड़ी गिट्टी डालकर कोरम पूरा कर दिये थे, जो और भी नारकीय स्थिति हो गयी है। कस्बावासियों ने गुरुवार को प्रदर्शन कर विभागीय लोगो के खिलाफ बिरोध जताया। कस्बावासियों का कहना है कि इस मार्ग पर नाबदान के नाली कही है तो कही नहीं है। जो लोग मार्ग पर नाबदान का पानी बहा रहे है। विगत कई वर्षों से लोग इस समस्या से जूझ रहे है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मार्ग पर 100 मीटर दुरुस्त नही किया गया तो लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।


चहनियां कस्बा में कीचड़युक्त मार्ग पर प्रदर्शन करते कस्बावासी।

### पंचायत स्तर पर योजनाओं का करें क्रियान्वयन

**शहाबगंज।** ब्लाक सभागार में गुरुवार को पंचायत सहायकों की बैठक विकास खण्ड़ अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। वहीं सभी पंचायत सहायकों का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई दिया गया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका निष्पादन ग्राम पंचायत स्तर पर ही होना है। यदि पंचायत सहायक समय से पंचायत भवन पर उपस्थित होकर सभी योजनाओं के बाबत जानकारी देने के साथ उनका क्रियान्वयन करें तो किसी भी व्यक्ति को योजना का लाभ लेने से कोई नहीं रोक सकता। एडीओ पंचायत ने बताया कि पंचायत सहायक गांव के विकास की नींव हैं। उन्हें गांव सचिवालय पर उपस्थित होकर परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु रजिस्टर, व्यक्तिगत शौचालय सर्वे, पेंशन सर्वे सहित सभी अभिलेख पूर्ण रखने की जिम्मेदारी है। इस दौरान एडीओ समाज कल्याण राज कुमार चौधरी, नारद विश्वकर्मा, ध्रुव कुमार श्रीवास्तव, वर्षा सागर, रेनू गुप्ता, शैलेश पाठक, कुमारी नेहा, कनिज फातमा सहित पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

# योग शिविर में योगासन की बारीकियों से कराया रूबरू


योगेश्वरनाथ महाविद्यालय में योग शिविर में योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं।

**शहाबगंज।** श्री योगेश्वरनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योगासन के बारे में स्वयंसेवकों द्वारा जानकारी दिया गया। इसकी शुरूआत प्रबंधक विभा गिरी ने मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्वयं सेवकों ने सूर्य नमस्कार, बज्रासन, भुजंगासन, तड़ासन, अनुलोम-विलोम, ध्यान मुद्रा आदि योगासन किया। योगाचार्य सूक्खु शरण सिंह ने सभी आसनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश मिलता है। स्वास्थ्य अनमोल रत्न है इसको संजो कर रखना आवश्यक है, जिससे कि देश उन्नति की ओर अग्रसर हो सके। शिविर में ऋषि कुमार, रामचरन सिंह, संदीप, राजकुमार, रामजी, श्रेया, नाजिया, काजल, मनीषा, रंजीत, नीलू आदि समस्त स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# सदर कोतवाली पुलिस ने दो गैंगस्टर अपराधियों को पकड़ा


पकड़े गए गैंगेस्टर संग चंदौली कोतवाली पुलिस।

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट के दो अपराधि को धर दबोचा और उनको गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई वही विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

इसके बाबत सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह कहा कि हमराहियों के साथ लीलापुर गांव के समीप चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगस्टर एक के दो अपराधी लीलापुर क्रासिंग के मौजूद हैं।

जो कही भागने के फिराक में हैं। पुलिस ने तत्काल लीलापुर रेलवे क्रासिंग के पास घेरे बंदी कर दोनों अपराधियों को धर दबोचा और उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सदर कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि सैयदराजा थाना से संबंधित गैंगेस्टर एक्ट के अपराधी अंकलेश चौहान व शमशेर चौहान जो निवासी ग्राम डिलिया थाना सैयदराजा के रहने वाले है।

### बलुआ पुलिस ने वांछित के घर किया नोटिस चस्पा

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी गांव में विगत दिनों जमीनी व पुरानी विवाद को लेकर मारपीट में एक पक्ष के 45 वर्षीय मुकेश तिवारी व 26 वर्षीय सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल कर दिये थे। पुलिस ने इस मामले में दो लोगो को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फरार चल रहे दो और लोगो के घर गुरुवार को बलुआ पुलिस ने नोटिस चस्पा कर डुगडुगी पिटवाया। बताते हैं कि कैथी गांव में शकलु तिवारी व मुकेश तिवारी के बीच वर्षों से जमीन का विवाद चला आ रहा था। इसे लेकर पहले भी मारपीट हो चुकी थी। 19 दिसम्बर को जमकर मारपीट हो गयी, जिसमें एक पक्ष के मुकेश तिवारी व सोनू तिवारी बुरी तरह से घायल हो गये। जिसमें मुकेश की हालत गम्भीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस मामले में पिता पुत्र शकलु तिवारी व उनके पुत्र उज्वल तिवारी को 22 दिसम्बर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में दो और वांछित चन्द्र प्रकाश तिवारी व इनके पुत्र वैभव तिवारी फरार चल रहे है। न्यायालय द्वारा 82 उद्घोषणा के बाद गुरुवार को पुलिस ने इनके घर नोटिस चस्पा कर पूरे गांव में डुगडुगी बजवाई।

# चंदौली के महामना थे पंडित पारसनाथ तिवारी : छत्रबलि

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में गुरुवार को महाविद्यालय का स्थापना मनाया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबलि सिंह, अध्यक्ष डा. एसएम दूबे, प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी, प्रो राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती, संस्थापक पं पारसनाथ तिवारी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर छत्रबलि सिंह ने कहा कि पंडित पारसनाथ तिवारी चंदौली के महामना थे। उनका मानना था कि मूल्यों के द्वारा गुणवत्ता का विकास किसी भी शिक्षण संस्था का मूल उद्देश्य होता है उसमें कार्य करने वाले प्राध्यापक अपनी सेवा के माध्यम से मानदंडां के स्थापित करने हेतु समर्पित रहते है, तभी समाज का निर्माण होता है। डा. एसएम दूबे ने कहा कि पंडित पारसनाथ तिवारी का जीवन सादा जीवन उच्च विचार रहा है। डा.दीनबंधु तिवारी ने पंडित पारसनाथ तिवारी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें विकास पुरुष की संज्ञा दी। कार्यक्रम में डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार पाण्डेय, पी एन सिंह आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर युवा महोत्सव में स्वर्ण पदक जीतने वाले सारंग चौधरी एवं महानिदेशक एन सी सी का प्रशस्ति पत्र प्राप्त छात्रा जान्हवी पाण्डेय को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में भोजपुरी के कवि धर्म प्रकाश मिश्र ने काव्य पाठ किया।

इस अवसर पर प्रो योगेन्द्र ओझा, प्रो संजय, प्रो अरुण, प्रो मनोज, प्रो धनंजय, प्रो अजीत, प्रो राजीव, डा. भावना, डा. गुलजबी, डा. विजयलक्ष्मी, डा. सारिका, डा. संजय प्रताप, सुनील, रंजीत, विनीत, अतुल, कमलेश यादव उपस्थित रहे। संचालन इशरत जहां, स्वागत उदयन मिश्र ने किया।



एलबीएस कालेज में स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते वक्ता।

# एनसीसी छात्रों ने पुनीत सागर संकल्प के तहत चलाया स्वच्छता अभियान



जागरूकता रैली निकालते सकलडीहा इंटर कॉलेज के एनसीसी छात्र।

**सकलडीहा।** राष्ट्रीय कैडेट कोर 91 बटालियन मुगलसराय के निर्देशन में गुरुवार को सकलडीहा इंटर कालेज के एनसीसी छात्रों द्वारा पुनीत सागर संकल्प के तहत जागरूकता रैली निकाला। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम किया। लेफ्टिनेंट सत्यमूर्ति ओझा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज से कैडेट बैनर के साथ पूरे कस्बा में भ्रमण करते हुए सकलडीहा बाजार के पोखरे पर उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान चलाकर पोखरे के तट को साफ किया और लोगो को पुनीत सागर संकल्प के बारे में जागरूक किया। पुनीत सागर संकल्प के तहत स्वच्छता को अपना कर स्वयं के साथ गली, नदी को स्वच्छ रखेंगे तो सागर भी स्वच्छ रहेगा। जिससे पर्यावरण, आक्सीजन भी स्वच्छ रहेगा। इस कार्यक्रम से लोगों ने काफी सराहना भी किया। इस दौरान स्काउट शिक्षक अनिल कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किये और कैडेट के इस कार्य के लिये हौसला बढ़ाया। प्रधानाचार्य डा. एसके लाल ने कैडेट के इस कार्य के लिये उत्साहित करते हुए प्रत्येक जागरूकता के कार्यक्रम में प्रतिभाग के बधाई भी दिया। इस दौरान कैडेट अरविंद कुमार, अभिषेक यादव, साहिल कुमार, प्रिया, सुमन, अनिस्का, दिव्या, निशु, तृप्ति, नीलम, दिव्यांसी, निधि, संदीप उपस्थित रहे।

### अटेवा पेंशन मंच के बैनर तले शिक्षकों ने की मंत्रणा

**चकिया।** अटेवा पेंशन मंच के बैनर तले गुरुवार की दोपहर ब्लॉक संसाधन परिसर में शिक्षकों की बैठक आहूत हुई। जिसमें शिक्षकों की पुरानी पेंशन को लेकर रणनीति तैयार करने के साथ ही चकिया इकाई के संगठन का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर दीनदयाल को अध्यक्ष और महामंत्री पद पर अवधेश सोनकर को चुना गया। शिक्षामित्र संघ के मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार सिंह ने कहा जब तक हम शिक्षक एक नहीं होंगे तब तक हम अपने अधिकार के लिए यूं ही संघर्ष करते रहेंगे ऐसे में हम सभी को अपने हक की लड़ाई खुद लड़नी होगी अगर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार हमारी इस मांग को नहीं मानती है ,तो पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। बैठक के उपरांत चकिया इकाई का विस्तार करते हुए दीनदयाल को चकिया ब्लाक का अध्यक्ष,अवधेश सोनकर को महामंत्री, चंद्रशेखर को कोषाध्यक्ष,ज्योति मिश्रा को महिला प्रभारी सहित सभी पदों पर सक्रिय साथियो को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेंद्र यादव, कन्हैया लाल गुप्ता,निर्मल यादव,नरेंद्र प्रताप यादव, कैलाश प्रसाद, महेंद्र मौर्य मौजूद रहे। संचालन बजरंग यादव ने किया।

# जन अधिकार पार्टी ने बाबू जगदेव प्रसाद को किया याद

**चंदौली।** जन अधिकार पार्टी जनपद इकाई द्वारा जिला कार्यालय पर गुरुवार को बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यकताओं ने बारी बारी से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात वरिष्ठ समाजसेवी राम हरख कुशवाहा की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सभी कार्यकताओं ने बारी-बारी से बाबू जगदेव प्रसाद के संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य डा.फूलचंद ने बताया कि बाबू जगदेव प्रसाद आजीवन पिछड़े, दलित, शोषित व वंचितों की लड़ाई लड़ते रहे और एक सभा के दौरान ही वंचितों की आवाज बुलंद करते हुए 5 सितंबर 1974 को उनकी हत्या कर दी गई। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कन्हैया सिंह कुशवाहा ने बताया कि हम सब लोगों को बाबू जगदेव प्रसाद द्वारा बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव इंदु मेहता, मंडल उपाध्यक्ष शिवपूजन मौर्य, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य, महिला मोर्चा जिलाध्य बिंदु मौर्य, रामभजन मौर्य, हीरामन पाल, शिवनारायण मौर्य, अवधेश मौर्य, उदयनाथ बागी, संजय मौर्य, डा.उदयनाथ, मोहन मौर्य मौजूद रहे।


बाबू जगदेव प्रसाद को जयंती पर श्रद्धांजलि देते जन अधिकार पार्टी के लोग।

# स्पोर्ट्स

## नई दिल्ली मैराथन से एशियाई खेलों का टिकट पक्का करना चाहेंगे देश के शीर्ष धावक



**नई दिल्ली।** श्रीनू बुगाथा, ए बेलियप्पा और ज्योति सिंह गवाटे सहित भारत के शीर्ष धावक इस साल के अंत में चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य से साथ 26 फरवरी को यहां नई दिल्ली मैराथन में भाग लेंगे। ज्योति ने पिछले साल तीन घंटे एक मिनट और 20 सेकेंड के समय के साथ खिताब अपने नाम किया था। वह अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और फिट इंडिया रेस के तत्वाधान में होने वाला यह आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर यहीं पर खत्म होगा। यह दौड़ हुमायूं का मकबरा, लोधी गार्डन और खान मार्केट जैसे शहर में स्थित प्रमुख स्थलों के पास से गुजरेगी। एएफआई ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि नयी दिल्ली मैराथन एशियाई खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता सीरीज का हिस्सा होगी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाल मचाने को तैयार रवींद्र जडेजा, एनसीए में पास किया फिटनेस टेस्ट

## जडेजा ने तमिलनाडु के खिलाफ किया बेहतरीन प्रदर्शन, श्रेयस का खेलाना संदिग्ध



**बेंगलुरु।** भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। क्रिकेट समाचार वेबसाइट क्रिकबज की गुरुवार की एक रिपोर्ट अनुसार, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने बुधवार को जडेजा को फिटनेस रिपोर्ट जारी की, जिसमें उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई है। जडेजा अब नागपुर में टीम से जुड़ेंगे, जहां भारतीय टीम पहला टेस्ट शुरू होने से पूर्व चार-दिवसीय कैंप में अभ्यास करेगी। गौरतलब है कि जडेजा ने भारत के लिये आखिरी मैच अगस्त 2022 में एशिया कप में खेला था।

सौराष्ट्र के 34 वर्षीय हरफनमौला को वहां लगी घुटने की चोट की सर्जरी करवानी पड़ी, जिसके कारण वह पांच माह तक क्रिकेट से दूर रहे। जडेजा ने 24-27 जनवरी को खेले गये रणजी मुकाबले में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रिकेट पिच पर वापसी की। जडेजा ने इस मैच में 41.4 ओवर फेंके और दूसरी पारी में सात विकेट भी झटके, जिसके बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की मंजूरी दे दी गई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला का पहला मुकाबला नौ फरवरी से नागपुर में खेला जायेगा, जबकि अन्य तीन मैच क्रमशः दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में खेले जायेंगे। बता दें कि हाल ही में जडेजा ने तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया। उन्होंने मैच में सात विकेट लिए। अपने प्रदर्शन से साबित किया की वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह पूरी तरह तैयारा हैं। वहीं, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट के चलते पहले दो टेस्ट से टीम से बाहर हो गए हैं। अय्यर को पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर कर दिया गया था।

वह ऑस्ट्रेलिया टेस्ट की शुरुआत से पहले फिट होने के लिए एनसीए को तुरंत रिपोर्ट किया था। अय्यर की फिटनेस स्थिति की निगरानी करने वालों ने अभी तक स्पष्ट रूप से उन्हें नागपुर टेस्ट में हिस्सा न लेने की सलाह दी है। वह बेंगलुरु में एनसीए में बने रहेंगे और दिल्ली में 17 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होने के लिए अपने रिहैब पर काम करेंगे।

## महिला आईपीएल ऑक्शन की आ गई डेट मुंबई में होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**नई दिल्ली।** मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 13 फरवरी को महिला प्रीमियर लीग के लिए नीलामी की मेजबानी करेगा। बीसीसीआई के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। फ्रेंचाइजियों के अनुरोध के बाद बीसीसीआई ने यह तारीख तय की है। बता दें कि पहली बार महिला आईपीएल का आयोजन किया जाएगा। क्रिकबज के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को तारीख और स्थान पर निर्णय लेने में कुछ समय लिया। बीसीसीआई ने निर्णय लेने से पहले कुछ प्रमुख मुद्दों पर विचार किया। उनमें से एक शादी के कारण सुविधाजनक स्थान नहीं मिल पा रहा था। वहीं, दूसरी तरफ महिला आईपीएल की बोली जीतने वाली कई फ्रेंचाइजियां पहले से ही कई सारे लीग में व्यस्त हैं। फ्रेंचाइजियों ने बीसीसीआई से अनुरोध किया था कि आईएलटी20 के फाइनल के बाद नीलामी की तारीख रखी जाए। बीसीसीआई ने इसे अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

## बॉलीवुड न्यूज

### वरुण धवन के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी सामंथा



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज इस बात की घोषणा की कि प्राइम वीडियो और रूसो ब्रदर्स अब्जुड की ग्लोबल इवेंट सीरीज, सिटाडेल यूनिवर्स के इंडियन इंस्टालमेंट में वरुण धवन के साथ मशहूर अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु मुख्य भूमिका निभाएंगी। यह अनटाइटल्ड सिटाडेल सीरीज जो भारत में बना है, जाने-माने क्रिएटर्स राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) इस सीरीज के शो रनर और डायरेक्टर हैं। इस लोकल इंस्टॉलमेंट की सीता आर. मेनन ने राज और डीके के साथ मिलकर लिखा है। स्ट्रीमिंग सर्विस की ओर से यह जानकारी दी गई कि फिलहाल मुंबई में इसके प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसके बाद, यूनिट उत्तर भारत और फिर सर्बिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे इंटरनेशनल लोकेशन पर जाएगी। यह इंडियन ओरिजिनल सिटाडेल सीरीज दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्राइम मेंबर्स के लिए उपलब्ध होगी। इस बात की घोषणा पहले ही की जा चुकी है कि, रुसो ब्रदर्स एजीबीओ के सिटाडेल यूनिवर्स के भीतर पहली बार लॉन्च होने वाली सीरीज में रिचर्ड मैडन (बॉडीगार्ड) और प्रियंका चोपड़ा जोनास (क्वांटिको) के साथ डेविड वील (हंटर्स) मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो 2023 में प्रीमियर के लिए तैयार है। पहली बार लॉन्च होने वाली सिटाडेल सीरीज में मैडेन और चोपड़ा जोनास के साथ स्टेनली टुकी (द हंगर गेम्स सागा) भी नजर आएंगे। दूसरी स्थानीय भाषाओं में भी सिटाडेल के प्रोडक्शन का काम जारी है, जिसमे मटिल्डा डी एंजेलिस (द अनडूइंग) की मुख्य भूमिका वाली इटालियन ऑरिजिनल सीरीज भी शामिल है। मशहूर क्रिएटर्स, राज और डीके ने कहा कि हमें खुशी है कि, द फैमिली मैन के बाद एक बार फिर से हमें सामंथा के साथ काम करने का मौका मिला है। स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद इस किरदार के लिए सामंथा ही हमारी पसंद थीं। हमारे लिए इससे बड़ी खुशी की बात कुछ और नहीं है कि वे बोर्ड में शामिल हैं।

### तू झूठी मैं मक्कार' का गाना 'तेरे प्यार में' हुआ रिलीज



मुंबई। रणबीर कपूर- श्रद्धा कपूर की तू झूठी मैं मक्कार का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही हर तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है और दर्शक इसके कंटेंट और प्यार पर इसके फ्रेश टेक को काफी पसंद कर रहें है। इसके साथ ही स्क्रीन्स पर पहली बार रणबीर और श्रद्धा शानदार केमिस्ट्री को देखने के लिए फैन्स के बीच काफी उत्साह बना हुए है। फिल्म का लव सॉन्ग 'तेरे प्यार में' पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच चुका है। सालों से, संगीत प्रेमियों ने फिल्मों में रणबीर-अरिजीत-प्रीतम-अमिताभ के संयोजन को पसंद किया है, और उनका एक साथ आना एक बार फिर हाई लेवल पर पहुंच गया है। गाने को पहले रिलीज करने की डिमांड को लेकर फैन्स का उत्साह चरम पर है। अब फाइनली निमार्ताओं चाहने वालों के लिए फिल्म का ये गाना जारी कर दिया है। 'तेरे प्यार में' में ताजगी और रोमांस है। गाने को प्रीतम ने कंपोज किया हैं, जिसे निकिता गांधी के साथ रोमांटिक धुनों के बादशाह अरिजीत सिंह ने गाया हैं और इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। चार्टबस्टर्स का लकी चार्म एक बार फिर लोगों को लुभाने के लिए तैयार है। वहीं इस फिल्म को लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित किया गया है और टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म 8 मार्च 2023 को होली पर दुनिया भर में सिनेमाघरों पर रिलीज होगी ।

## संक्षेप

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व गायन-वादन प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी।** जी-20 के प्रचार प्रसार के लिए गुरुवार को काशी विद्यापीठ के मंच कला विभाग में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गायन-वादन प्रतियोगिता आयोजित हुई।



इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने की, प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में बसंता महिला कॉलेज राजघाट के गायन विभाग के हनुमान गुप्ता उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न सकांयों एवं विभागों से लगभग 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिनमें गायन प्रतियोगिता में प्रथम कु आन्नंदिता भट्टाचार्य, द्वितीय तनुश्री मिश्रा व तृतीय स्थान समृद्धि गुप्ता ने प्राप्त किया। वादन प्रतियोगिता में प्रथम शिवम सिंह, द्वितीय शिवम सिंह व तृतीय स्थान मनीष शर्मा ने प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ सफल तबला संगति सुमंत कुमार ने की। संचालन डॉ. आकांक्षी व स्वागत धन्यवाद मंच कला विभाग की अध्यक्ष डॉ. संगीता घोष ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से डॉ. राहुल गुप्ता, प्रो. शेफाली वर्मा ठकराल, डॉ. अंजना वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### संगीत एवं आध्यात्म भारतीय संस्कृति का सुदृढ़ आधार है : प्रो. सुधाकर मिश्र

वाराणसी। संगीत शब्द गीत में सम उपसर्ग लगाकर बना है। सम अर्थात सहित और गीत अर्थात गान। गान के सहित, वादन एवं अंगभूत क्रियाओं (नृत्य) के साथ किया हुआ कार्य संगीत कहलाता है। उक्त विचार गुरुवार को संपूर्णानंद संस्कृत



विश्वविद्यालय में जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिये एक सप्ताह से चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की शृंखला में योगसाधना केन्द्र में सदगुरू रामसिंह जी महाराज पीठ के सहयोग से (सांस्कृतिक कार्यक्रम में) गायन एवं वादन प्रतियोगिता के आयोजन में तुलनात्मक धर्म दर्शन के अध्यक्ष प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी ने बतौर अध्यक्ष व्यक्त किया। प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी ने कहा कि भारतीय संगीत का जन्म वेद के उच्चारण में देखा जा सकता है। संगीत का सबसे प्राचीनतम ग्रंथ भरत मुनि का नाट्?यशास्त्र है। अन्य ग्रन्थ हैं : बृहद्?देशी, दत्तिलम्?, संगीतरत्नाकर। संचालन प्रो. सुधाकर मिश्र ने किया। उक्त अवसर पर प्रो. महेंद्र पांडेय सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### सेबी व फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के बारे में छात्रों को दी जानकारी

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रबंधशास्त्र अध्ययन संस्थान में सेबी द्वारा गुरुवार को युवाओं के लिए दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो. अशोक कुमार मिश्र जी ने की। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. विकास कुमार ने छात्र-छात्राओं को सेबी एवं फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के बारे में जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कैपिटल मार्केट, सेबी के कार्य, म्यूचुअल फंड और निवेश के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने फीडबैक के रूप में अपने अनुभव साझा किये, जिसमें उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करके उन्हें वित्तीय बाजार के बारे में पूर्ण जानकारी मिली। संचालन डॉ. अभिषेक कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन एमबीए की छात्रा अदिति त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यापक डॉ. रीना शुक्ला, विवेक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. दिलीप कुमार सिंह और डॉ. चित्रसेन गौतम उपस्थित रहे।

### बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में वित्तीय शिक्षा आवश्यक : प्रो. राजीव कुमार

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गुरुवार को राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसओ) के सहयोग से अर्थशास्त्र विषय के स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थियों के लिए फाइनेंस एजुकेशन फॉर यंग सिटीजंस विषयक दो दिवसीय वित्तीय कार्यशाला का आयोजन कोना-कोना शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया। अध्यक्षता कर रहे विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि वर्तमान बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में वित्तीय शिक्षा आवश्यक हो गयी है। वित्तीय जागरूकता द्वारा अनेक समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यशाला के प्रथम दिन राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के विषय विशेषज्ञ अनिल कुमार दुबे ने निवेश के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला और निवेश निर्णय के अंतर्गत बैंकों की भूमिका, म्युचुअल फंड आदि की व्यवहारिकता के विषय में विस्तार से बताया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अंकिता गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन सह- समन्वयक डॉ. गंगाधर द्वारा किया गया। कार्यशाला में विभाग के प्रो. राजेश पाल, डॉ. पारसनाथ मौर्य, डॉ. शशिबाला, डॉ. अमित कुमार सिंह , डॉ. ऊर्जस्विता सिंह, डॉ. पारिजात सौरभ समेत स्नातकोत्तर व पीएचडी के 75 से भी अधिक छात्र उपस्थित रहे।

### मूर्त काशी में अमूर्त काशी : आनंदमूर्ति गुरु मां

वाराणसी। सिगरा स्थित रुद्राक्ष सभागार में आनंदमूर्ति गुरु में ने काशी के दो रूपो की चर्चा करते हुए कहा कि एक मूर्त रूप और दूसरा अमूर्त रूप ' भक्ति रस से प्रारम्भ कर वेदान्त की गहराई तक की कला एक प्रबुद्ध संत और ब्रह्मवेता संत ही कर सकता है। उन्होंने इतिहास के पन्नो को खोल कर काशी का पुरातन रूप आनन्दपुर से लेकर काशी, काशी विश्वनाथ, बनारस और वाराणसी की अद्भुत विलक्षण विवेचना की। सत्संग का शुभारंभ महात्मा हरिमिलन के अभिनंदन शब्दों द्वारा और फिर काशी विश्वनाथ के मंदिर के ट्रस्टी के. वेंकटरामन ने मन्त्रों उचाचरण से किया। गुरु माँ ने संस्कृत भाषा की महत्त्वता पर बल दिया। उनके कथन अनुसार जो ग्रंथों का चिंतन पाश्चात्य जगत कर रहा है, विशेष कर जर्मनी और दक्षिण अमेरिका वो आग और जिज्ञासा ऋषियों के देश भारत में भी होनी चाहिए। युवा पीढ़ी को संस्कृत पर बल देना चाहिए और उसे अपनाना चाहिए। कहा कि काशी के किसी भी मंदिर दर्शनार्थी बन कर जाये तो स्वच्छता का विशेष ध्यान दे और कही कोई कूड़ा करकट या प्लास्टिक बोतल इत्यादि देखे तो वहाँ सफाई करे। तीर्थ पर जैसे एक बार शिव नाम से करोडो नाम का पुन मिलता है ऐसे ही प्रोपकारी काम करने से आध्यात्मिक लाभ मिलेगा।

# बीएसएनएल कार्यालय के सामने शौचालय निर्माण शुरु होने से रोष

**गुस्सा**

**मंदिर के बगल में किया जा रहा है सुलभ शौचालय का निर्माण**

**वाराणसी।** भारत संचार निगम लि. शिवपुरवा स्थित कार्यालय के सामने मंदिर के बगल में नगर निगम के सामुदायिक सुलभ शौचालय का निर्माण अचानक शुरू करने से लोगों में रोष व्याप्त हो गया। आसपास के लोगों ने धरना देते हुए कार्य को रुकवाने की कोशिश की। बताया कि मंदिर के बगल में सुलभ शौचालय का निर्माण लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला है। बीएसएनएल कर्मियों ने भी अपनी विभिन्न दूरसंचार सेवाओं जिसमें पूर्वांचल के कई जिले के ध्वस्त होने का हवाला देते हुए इसका विरोध किया बीएसएनएल ने लिखित रूप में अपनी सेवाओं को प्रभावित होने के संबंध में नगर आयुक्त को अवगत कराया है। भारत सरकार के अंतर्गत उद्यमी योजना , सभी मेंन लाइने फाइबर ऑप्टिक्स जो कि पूरे पूर्वांचल को जोड़ती हैं और इंटरनेट सेवाएं प्रदान करती हैं।

कहा कि वहीं से गुजरी हुई है इंटरनेट हब के रूप में कार्य होता है यहां पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य किया जाना अव्यवहारिक और अनुचित है। बीएसएनएल गेस्ट हाउस मे जाने के लिए रास्ते का गेट वहीं पर प्रस्तावित है जिसमें अति महत्वपूर्ण वीवीआइपी व्यक्ति आते रहते हैं। विरोध करने में राजेश सोनकर मंडल अभियंता विनोद मौर्य प्लानिंग मंडल अभियंता संजय यादव मंडल अभियंता एमके सिंह उप महाप्रबंधक आदि मौजूद थे।

# मछुआरे व मछली पालक उठाएं नई स्कीम का लाभ

जनसंदेश न्यूज

**बढ़िया अवसर**

**तालाबों के छूटे हुए पट्टाधारकों को मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मिलेगा 40 फीसदी अनुदान : श्वेता सिंह**

**वाराणसी।** जनपद में पहले से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के साथ ही साथ अब मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की शुरुआत की जा रही है। 2026-27 तक चलने वाली यह स्कीम मुख्य रूप से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में किन्ही कारणों से छूट गए ग्राम सभाओं के तालाबों के पट्टाधारकों, मनरेगा कनवर्जेंस या अन्य विभाग के जरिये सुधारे गये तालाबों और अन्य पट्टे के उन तालाबों के लिए है जिनके पट्टे की अवधि कम से कम चार साल शेष है।

विभाग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांच वर्ष के लिए संचालित मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना में मुख्यतः प्रथम वर्ष निवेश पर अनुदान और मत्स्य बीज बैंक की स्थापना की दो उप योजनाएं हैं। इन दोनों में ही इकाई लागत चार लाख रुपये प्रति हेक्टेयर पर 40% अनुदान मिलेगा। अवशेष 60% धनराशि लाभार्थी को स्वयं लगाना होगा। इस योजना के माध्यम से सूबे में स्थानीय पट्टाधारक मत्स्य पालकों के आर्थिक-सामाजिक उत्थान का प्रयास है। इससे यूपी में मछली उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ेगी। साथ ही मछुआरों और मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार संग स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने नकदी व आभूषण चुराया

जनसंदेश न्यूज

**बेखौफ**

**सदर कोतवाली क्षेत्र के चकिया गांव में हुई चोरी की घटना**



**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के चकिया ग्राम में बुधवार की रात अभिषेक कुमार मौर्य के घर में छत के रास्ते घुसकर चोरों ने हजारों रुपये नगदी समेत सोने के गहने व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी गुरुवार की अलसुबह हुई। जानकारी के बाद भुक्तभोगी ने तत्काल ही घटना से पुलिस को अवगत कराया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई में जुट गई।

कोतवाली क्षेत्र के चकिया गांव निवासी अभिषेक मौर्य का परिवार प्रतिदिन की भांति बुधवार की रात खाना खाकर कमरे में सोने चले गए। इस बीच मौका देखकर चोर छत के रास्ते घर में घुस गए। इसके बाद चोरों ने बक्से व बैग में रखे 95 हजार नगदी, सोने का लाकेट, कान का झूमका, चांदी की पायल के अलावा साड़ी, शूट सहित अन्य हजारों रुपये के कपड़ा चुरा ले गए। भुक्तभोगी के पिता भोर में तीन बजे लघुशंका करने के लिए उठे तो परिजनों को जगाया। परिजन घर में सामान बिखरा देख देख सन्न रह गए। पीड़ित ने तत्काल ही 112 नंबर पुलिस को घटना की जानकारी दी। साथ ही घटना के संबंध में कोतवाली में लिखित तहरीर दी। इसपर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन किया। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में सदर कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। फिलहाल जांच करायी जा रही है। यदि चोरी हुई है तो चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे। दूसरी ओर मधुवन गांव निवासी लालजी के घर में घुसे चोरों ने 13 हजार रुपये नकदी व हजारों रुपये के आभूषण चुरा ले गए। हालांकि कोतवाली पुलिस ने चोरी की इस घटना की जानकारी ना होने की बात कही है।

# डाटा इंट्री का कार्य ईमानदारी से करें कार्यकर्ता: राजेश सिंह



महुजी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता।

**कंदवा।** भाजपा धानापुर पूर्वी मंडल कार्यकताओं का महुजी गांव में गुरुवार को मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में डाटा इंट्री कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कार्यकर्ताओ को ईमानदारी पूर्वक डाटा इंट्री का कार्य करने को निर्देशित किया। इसकी शुरूआत राजेश सिंह ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर राजेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ के हड्डी होते है। कार्यकर्ताओ के बल पर बड़ी बड़ी लड़ाइयां लड़ी जाती है।

कार्यकर्ता अपनी ताकत को पहचान कर मजबूती से आगे बढ़ने का काम करे। सभी कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से डाटा इंट्री का कार्य करने का काम करे। तभी आने वाले समय मे पार्टी एक बार फिर अपना परचम लहराने का काम करेगा। हरवंश उपाध्याय ने कहा कि आज देश व प्रदेश तेजी के साथ तरक्की करने का काम कर रहा है। देश व प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए पार्टी नित नए काम कर रही है। इस मौके पर अश्वनी राय, राधेश्याम सिंह, श्रीराम चौबे, गणेश अग्रहरि, अनिल श्रीवास्तव, श्यामसुंदर सिंह, विन्देश्वर निषाद, धनंजय सिंह, परमहंस मौर्य, अशोक सिंह, सोनू गुप्ता, विकास गुप्ता आदि रहे।

## एलएलबी व एलएलएम प्रवेश परीक्षा छह और आठ को

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के आदेश पर विश्वविद्यालय में सत्र 2022- 23 में प्रवेश के लिए एलएलबी की प्रवेश परीक्षा छह फरवरी और एलएलएम की प्रवेश परीक्षा आठ फरवरी को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। संबंधित अभ्यर्थी लिंक पर लॉगइन कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में वे समस्त एलएलबी तथा एलएलएम के अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे। जिन्हें बीते साल 14 और 16 अगस्त को संपन्न एलएलबी व एलएलएम प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे।

# शहाबगंज में प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ



शहाबगंज में समारोह में शपथ लेते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**शहाबगंज।** विकास खंड के मगरौर स्थित प्राथमिक विद्यालय पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नवनिर्वाचित राजेश यादव, महामंत्री प्रवीण पांडेय, उपाध्यक्ष रेनू वर्मा, प्रभुपाल मौर्या, अशफाकुर्रहमान, प्रमोद यादव, विजेंद्र सिंह, संगठन मंत्री प्रगति मिश्रा, नसीम अहमद, जगदीश पाल, संतोष चौहान, राजीव जायसवाल, संयुक्त मंत्री अब्दुल आजाद, विनोद मौर्य, शिवदयाल यादव, रजनीश प्रसाद, राणा प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र जायसवाल, प्रचार मंत्री दिलीप यादव, ऑडिटर विवेक जायसवाल, आय-व्यय निरीक्षक रामजन्म यादव तथा संरक्षक रामस्वरूप यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आनंद मिश्रा, आनंद पांडेय, महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष विमला देवी, उषा सिंह, दिनेश यादव, अभय यादव, कमलेश, भूपेंद्र यादव, केसरी नंदन जायसवाल, कृष्णानंद पांडेय, अच्युतानंद, नरेंद्र प्रताप, महेंद्र मौर्य, बृज मोहन सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह संचालन अजय सिंह सपना ने किया।

# वेटलैंड्स दिवस पर एनसीसी बटालियन ने निकाली रैली

**डीडीयू नगर।** 91 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर गुरूवार को कमान अधिकारी कर्नल पीके मिश्र के निर्देश पर रैली निकाला गया। रैली पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज के प्रांगण से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर आकर समाप्त हुई। रैली को हरी झंडी छात्र सैनिक किशन कुमार ने दिखाकर रवाना किया। तदुपरांत विद्यालय प्रांगण में विश्व वेटलैंड्स दिवस विषय पर आयोजित कला प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर अमरेंद्र सिंह ने कहा कि विश्व वेटलैंड्स दिवस मनाने की शुरूआत 2 फरवरी 1971 के दिन रामसर, ईरान में कैस्पियन सागर से हुई, लेकिन फिर भी इसके पहले कार्यक्रम को होने में 26 साल लगे जो 2 फरवरी 1997 में हुआ।समय के साथ, मानव निर्माण ने आर्द्रभूमि को प्रभावित करने वाली विभिन्न पारिस्थितिक समस्याओं को जन्म दिया है। अधिक जनसंख्या और निर्माण के कारण पर्यावरण संरक्षण में कमी आई है और कुल मिलाकर इन भूमियों पर समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। कई आर्द्रभूमि खो रही हैं और पारिस्थितिकीविदों का दावा है कि मानव को एक प्राकृतिक फिल्टर और दुनिया के संरक्षक के नुकसान से पहले इस दुविधा को पहचानना चाहिए। जलवायु के अनुकूल होने के कारण यह पौधों और पशुओं के घनी घनत्व वाले पौधों के लिए उपयुक्त होता है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो हमेशा गर्म रहते हैं। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट मुखराम, प्रदीप चौधरी, रामसिंगार, बब्बन कुमार समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर झूमे विद्यार्थी

## जी-20 कार्यक्रम के तहत हुई नृत्य गायन प्रतियोगिता



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में बृहस्पतिवार को नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय देशभक्ति पर आधारित क्षेत्रीय गीत था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न तरह के गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में छात्रों ने एकल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए। गायन प्रतियोगिता में आकृति श्रीवास्तव प्रथम, कीर्ति साहू और शादाब द्वितीय, हिदायत फातीमा और हसन रजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में खुशी श्रीवास्तव को प्रथम साक्षी को द्वितीय और महक को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक मंडल में डॉ अनु त्यागी, डॉ वनीता सिंह, प्रियंका कुमारी एवं रेखा पाल रहीं। संचालन छात्र एंबेसडर रितिक ने किया। जी-20 की नोडल अधिकारी डॉ.जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को बाहर लाती है। इस अवसर पर डा.सुनील कुमार ने कहा कि नृत्य और गायन कि कला प्राचीन काल से ही चली आ रही है। इस मौके पर डॉ.मनोज पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के भीतर प्रतिभा है बस उन्हे मंच प्रदान करने की आवश्यकता है। इस मौके पर संस्कार श्रीवास्तव, किशन जायसवाल, आँचल सिंह, हर्ष साहू, पवन सोनकर आदि छात्र एंबेसडर मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर में एक की मौत दो घायल

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के सखवट गांव में आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सखवट गांव में एक बाइक से तीन लोग सुजानगंज की तरफ आ रहे थे तभी सामने से बाइक सवार दो लोगों से टक्कर हो गई। जिसमे तीन लोग घायल हो गए। एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज लाया गया जहां रूपेश गौतम(18) पुत्र फूलचंद्र गौतम निवासी नेवादा शांतिनगर को मृत घोषित कर दिया। जबकि पीछे बैठा अनिकेत गौतम (21) पुत्र इंद्रबहादुर गौतम घायल हो गया। सामने से आ रही बाइक सवार अरविन्द(25) पुत्र शीतला प्रसाद निवासी पूरा राम सहाय घायल हो गए। दोनो घायलों का उपचार चल रहा है। मृतक इंटरमीडिएट का छात्र है। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# रेलवे ट्रैक पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## जौनपुर-औढ़ीहार रेलवे प्रखंड पर कबिरुद्दीनपुर गांव के ग्रामीणों ने रखी अपनी मांग

जनसंदेश न्यूज



**गौराबादशाहपुर।** जौनपुर-औढीहार रेलवे प्रखंड पर स्थित कबीरूद्दीनपुर गांव के ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को मुख्य संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान के सैलून को रोककर रेलवे दोहरीकरण के दौरान रेलवे ट्रैक पार करने के लिए बने रास्ते को बंद कर दिए जाने का विरोध करे हुए उक्त रास्ते के स्थान पर अंडरपास बनवाने की मांग की। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों को रेलवे के अधिकारी तथा सुरक्षाकर्मी काफी देर तक समझाते बुझाते रहे।

गांव निवासी विजय कुमार, राम नाथ तिवारी, संजीव राय, उषा यादव, रोहित कुमार, सुरेंद्र गौतम, बंताराम, छोटू मिश्रा, रीना देवी, उर्मिला, सुशीला, कुंता प्रजापति, नीरज, पिंटू गौतम सुनील कुमार राजेश कुमार गौतम, मनोज सहित लगभग 200की संख्या में ग्रामीण मुख्य संरक्षा आयुक्त के आने की सूचना पर रेलवे ट्रैक पर इकट्ठा हो गए। मुफ्तीगंज की तरफ से आए रेलवे सुरक्षा आयुक्त को रोककर ग्रामीणों ने अपनी अंडर पास बनवाने की मांग रखी, जिस पर उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि उक्त जगह पर अंडरपास बनाने की मांग को जिलाधिकारी कि यहां पर प्रार्थना पत्र देकर बताएं। जहां से प्रार्थना पत्र उनके यहां फॉरवर्ड हो जाएगा तथा ग्रामीणों की मांग को पूरा किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने अंडर पास न बनने पर पुनः रेलवे ट्रैक पर बैठकर ट्रेनों को रोक कर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी।

## अपराध और अपराधियों पर नकेल कसना पहली प्राथमिकता : नवागत थानाध्यक्ष

**खुटहन।** स्थानीय थाने में तैनात नवागत थानाध्यक्ष राजेश यादव ने गुरुवार को



औपचारिक वार्ता के क्रम में कहा कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा कानून व्यवस्था का लोगों से पालन कराने की जिम्मेदारी विधि सम्मत निभाई जाएगी। उन्होने अपराध जगत से जुड़े लोगों को चेताया और कहा शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों की खैर नही, चाहे वो कितने भी ताकतवर क्यों न हो, साथ ही उन्होंने बताया कि अपराध और भयमुक्त समाज की स्थापना मे जनसहयोग नितान्त आवश्यक है। अपराधियों को चिन्हित कर उनके प्रति कठोर कदम उठाया जाएगा। आमलोगों के विषय में उन्होंने पुलिस को हितैषी बताया। पीड़ितों की प्रत्येक दशा में हर सम्भव मदद करने व उनकी समस्याओं का निपटारा तत्काल करने का वादा किया।

### रेहटी मदरसा में आरबीएसके टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जौनपुर।** जलालपुर विकास खण्ड के रेहटी गांव स्थित चश्म-ए-हयात मदरसा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी से आयी टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

गुरुवार को डॉ.आलोक सिंह के नेतृत्व में डॉ.रंजना राय, डॉ.अजित कुमार, आप्टम दिनेश कुमार सिंह, एएनएम नेहा राय, मदरसा में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमे बच्चों के नाक, कान, दांत आँख, सहित 4डी के तहत अड़तीस प्रकार की बीमारियों के जांच किये गये। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बीमारी बच्चो



को दवा के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पर शनिवार को बुलाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य गुफरान सज्जाद, अयातुल्लाह, दिलशाद अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## बैंक कैशियर के ऊपर जानलेवा हमले से लोगों में रोष



**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली के मुफ्तीगंज चौकी क्षेत्र अन्तर्गत बुधवार की शाम लगभग साढ़े छः बजे के मुफ्तीगंज बेलाव मार्ग पर सूचितपुर गांव के पास अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार काशी गोमती ग्रामीण बैंक शिवनगर में कैशियर के पद पर तैनात केराकत कोतवाली के बीरमपुर गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र अनिल कुमार रोजाना की भांति बुधवार को बैंक ड्यूटी से वापस घर जा रहे थे कि मुफ्तीगंज बेलांव मार्ग पर सूचितपुर गांव के पास पहले से खड़े तीन बाइक सवार कैशियर को बाइक सहित गिराकर उनके ऊपर चाकू से हमला कर घायल कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए बेलांव की तरफ भाग गए। घायल कैशियर मुफ्तीगंज चौकी पर सूचना देते हुए सी एच सी मुफ्तीगंज में इलाज करवाकर चले गए।

# खेत में फैलाये गये विद्युत तार की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम उदयचंदपुर बड़ी बस्ती में गुरुवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे अमरावती देवी पत्नी श्रीराम की खेत में फैलाये गये विद्युत तार की चपेट में आने से उस समय मौत हो गई जब वह खेत से घास निकाल रही थी।

गौरतलब हो कि जितेन्द्र यादव पुत्र सुरेश अपने खेत मे खुला तार फैलाकर उसमे विद्युत प्रवाहित किया था। वही पास में अमरावती देवी का खेत है जिसकी मेड़ पर उगी घास निकाल रही थी। उसी दौरान तार की चपेट में आ गयी। अमरावती को छटपटाता देख मौके पर उपस्थित वंशराज राम ने बचाने का प्रयास किया तो उन्हें भी लाईन का झटका लगा। शोर मचाने पर जब तक जितेन्द्र यादव ने सप्लाई बंद किया गया तब तक अमरावती देवी की मौत हो गयी। सूचना पर घटना स्थल पर पहुँचे उपनिरीक्षक रोहित मिश्रा ने शव को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वही इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि मामले में 304 ए का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जाँच किया जा रहा है। वही खेत मे खुला तार फैलाने के आरोपी घर छोड़कर फरार बताये जा रहे हैं।

### पूर्व प्रधान व सपा नेता के पिता का निधन

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के बिशुनपुर मझवारा गांव निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रत्नाकर चौबे के पिता पूर्व प्रधान राधेश्याम चौबे 84 वर्ष का मंगलवार की शाम को निधन हो गया। उनकी मौत की सूचना पर क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ पहुंच गयी। जनपद के समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं ने आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

## संक्षेप

### पैमाइश के बाद रोका गया बाउंड्री निर्माण का कार्य

**शाहगंज।** नगर पालिका द्वारा कांशीराम आवास में बन रहे बाउंड्री को नगरपालिका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की निजी भूमि बता चिन्हांकन कर दिया गया। फिलहाल उक्त चिन्हांकित भूमि पर निर्माण कार्य रोक दिया गया। नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 15वें वित्त



निजी सम्पति बता चिह्नांकन किया गया पूर्व एसडीएम ने कराया था पथरगड्डी

आयोग द्वारा कांशीराम आवास के बाहरी हिस्से में बाउंड्री बनाने हेतु दिसम्बर में 35लाख 88हजार रुपये स्वीकृति किया था। बाउंड्री बनाने का कार्य पखवाड़े भर से चल रहा है। तात्कालिक उपजिलाधिकारी नीतीश कुमार ने उक्त भूमि की पैमाइश कराया था। बुधवार को लेखपाल मौके पर पहुंचे व पुनः पैमाइश कर इसे पूर्व पालिकाध्यक्ष की भूमि बता खूटा गाड़ निर्माण न करने को कह चलें गयें। फिलहाल सरकारी भूमि पर पूर्व में काशीराम आवास का सेफ्टी टैंक व बिजली विभाग के एक दर्जन भर पोल भी लगा हुआ है। अचानक पूर्व पालिकाध्यक्ष की जमीन कहा से आ गया। वहीं सरकारी भूमि पर कार्य रुकने की चर्चा जोरों पर है।

### फाइलेरिया उन्मूलन और टीकाकरण को लेकर समीक्षा

**खेतासराय।** सोंधी ब्लाक सभागार में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक हुई।



जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रमेश चंद्रा ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, अपडेट ड्यू लिस्ट, ई-कवच पर टीकाकरण की फीडिंग और गोल्डन कार्ड के प्रगति की समीक्षा की। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम लक्ष्य और रणनीति के बारे में चर्चा करते हुए डा.चंद्रा ने कहा कि फाइलेरिया शरीर को दुर्बल और कुरूप बनाने वाली बीमारी है। यह दीर्घकालिक विकलांगता का विश्व का दूसरा प्रमुख कारण है। लिंम्फेटिक फाइलेरिया को आमतौर पर एलीफैंटियासिस के नाम से जाना जाता है। यह बीमारी मच्छरों के काटने से सूक्ष्म फाइलेरिया परजीवी मनुष्यों के शरीर में पहुंचता है और संक्रमण होता है। चिकित्साधिकारी डा.मसूद अहमद खान ने 5 से 15 वर्षों के बाद हाथी पांव, हाइड्रोसील, पुरुषों के अंडकोष में सूजन या काईल्यूरिया, पेशाब में सफेद रंग के द्रव्य के जाना के रूप में लक्षण दिखाई देते हैं। सभी पात्र व्यक्तियों को वर्ष में एक बार एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा जरूर खानी चाहिए। बच्चों के नियमित टीकाकरण के विषय में अपडेटेड ड्यू लिस्ट बनाने के बारे में जानकारी दी गई। बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी ने टीकाकरण से झिझक इनकार और टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण शत-प्रतिशत कराने के विषय में जानकारी दी। बैठक में सुजीत कुमार मौर्य, अशोक कुमार कुशवाहा, अनुज कुमार बरनवाल अंकुर श्रीवास्तव,राहुल यादव, समेत एएनएम और आशा कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

### सीआरएस ने दोहरी करण लाइन व मुफ्तीगंज स्टेशन का किया निरीक्षण

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खण्ड के मुफ्तीगंज रेलवे स्टेशन पर 9.30 बजे सीआरएस मो.लतीफ खान ने पहले मुफ्तीगंज स्टेशन पर पहुंच कर सभी अभिलेख और नक्से की जांच किया। इसके बाद मुफ्तीगंज से जौनपुर तक रेलवे दोहरी करण के निरीक्षण हेतु मोटर ट्राली से जौनपुर के लिए रवाना हुए। हनुआडीह दुगौली गांव के पास रेलवे प्वाइन्ट की नाप करवाए फिर वहां से चल कर जगह-जगह रूक कर दोहरी करण रेलवे लाइन की जांच किए।

## परीक्षा के नियमों के विरुद्ध आये परीक्षार्थी तो होंगे रिस्टीकेट : आलोक कुमार सिंह

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** 'परीक्षार्थी मोबाइल, स्मार्ट घड़ी, बैग एवं किसी प्रकार की कॉपी-किताब लेकर परीक्षा देने न आएं। अन्यथा उन्हें रिस्टीकेट किया जाएगा। परीक्षा कक्ष में महाविद्यालय के ड्रेस, परिचय पत्र एवं प्रवेश-पत्र के साथ आएं। उक्त बातें तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने महाविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षा के निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि जो छात्र इन नियमों का पालन नहीं करेगा, उसे परीक्षा से रिस्टीकेट किया जाएगा।



इस समय तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा प्रभारी प्रो.दलसिंगार सिंह ने बताया कि आज प्रथम पाली में अंग्रेजी के 745 एवं द्वितीय पाली में गणित के 387 छात्र पंजीकृत थे जिसमें अंग्रेजी के 723 छात्र एवं गणित के 372 छात्र उपस्थित रहे। अंग्रेजी में 22 छात्रों ने एवं गणित में 15 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली की परीक्षा शिक्षा भवन में एवं द्वितीय पाली की परीक्षा कला भवन में आयोजित हुई। परीक्षा में सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ.सुबाष चंद्र बिशोई, डॉ.वेद प्रकाश सिंह, डॉ.महेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ.अजय कुमार, डॉ. प्रेमचंद, डॉ.अनुराग चौधरी, डॉ.जितेंद्र पाल चौधरी, डॉ.संतोष कुमार, डॉ.सुनील कुमार ओझा, डॉ.देवेंद्र सिंह की देखरेख में चल रही है। महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर मुख्य अनुशास्ता प्रो.राजीव रतन सिंह के नेतृत्व में अनुशास्ता मंडल के सदस्यों डॉ हरिओम त्रिपाठी, डॉ.जेपी सिंह, डॉ.शैलेंद्र सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ.अवनीश सिंह, डॉ.विशाल सिंह, डॉ.अवनीश कुमार, डॉ.शैलेंद्र सिंह वत्स, डॉ.जितेश कुमार सिंह ने परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली।

## लाउडस्पीकर की आवाज 55 डेसिबल से अधिक न हो : कोतवाल

**मछलीशहर।** नवागत प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में सभी उप निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि वह अपने अपने क्षेत्रों में मस्जिदों के लाउडस्पीकर की ध्वनि सुप्रीम कोर्ट के मानक के अनुसार करवाएं और दोबारा मानक के विपरीत लाउडस्पीकर बनाए जाने पर मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाने की कार्यवाही करें। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आवासीय क्षेत्रों में दिन में 55 डिस्मिसिबल और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्र बनाए जाने पर पाबंदी लगाई है कहा कि यदि इससे तेज ध्वनि में मस्जिदों से अजान की आवाज सुनाई देगी तो ऐसे मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवा लिए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी दशा में थाने में दलालों का प्रवेश नहीं होने पाएगा। डग्गामार वाहनों के खिलाफ भी तत्काल कार्यवाही के निर्देश नवागत प्रभारी निरीक्षक ने दिया।

# ग्रामीणों ने ट्रेन ठहराव और रास्ता के लिए डीआरएम का किया घेराव

## इलाहाबाद ऐजे पैसेंजर को औड़िहार तक चलाने के लिए किया मांग



**जौनपुर।** ग्राम प्रधान राजनेत और अनिल सोनकर एडोवोकेट की अध्यक्षता में ग्रामीणो के साथ डीआरएम का घेराव कर रास्ता व ट्रेन ठहराव के लिए पत्रक दिया और इलाहाबाद पैसेन्जर ट्रेन को औड़िहार तक चलाने की माग की। इस पर डीआरएम रामाश्रय पाण्डेय ने अश्वासन दिया कि यह एनआर का मामला है। एनआर से बात कर इलाहाबाद ऐजे पैसेन्जर को चलवाया जयेगा। अनिल सोनकर एडोवोकेट ने ग्राम वासियो और व्यापारियो के साथ केराकत और मुफ्तीगंज स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव के लिए माग किया है। अनिल सोनकर ने कहा कि यदि 15 फरवरी तक हम लोगों की मांग नहीं मानी गयी तो 28फरवरी को केराकत स्टेशन पर धरना पर बैठा जायेगा।

# आत्मनिर्भरता व स्वालंबन का सपना साकार करेगी सहकार भारती : मधुबाला साबू

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** सहकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्रव्यापी संगठन सहकार भारती जौनपुर एवं सखी वेल्फेयर फाऊंडेशन जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान मे नारी स्वालंबन हेतू स्वयं सहायता समूह गोष्ठी का आयोजन सहकार भारती के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंहं रिंकू की अध्यक्षता मे बुधवार 1 फरवरी 2023 को प्राथमिक विद्यालय खानपट्टी, हरदीपुर मे सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि मधुबाला साबू राष्ट्रीय प्रमुख एसएचजी प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि रेवती राष्ट्रीय महिला, प्रमुख अतिथि राजेश शर्मा राष्ट्रीय सह प्रमुख प्रकोष्ठ, कोमल गुप्ता सह प्रमुख प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, प्रीती गुप्ता जिला महिला प्रमुख एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा सहकार भारती के संस्थापक स्व.लक्ष्मणराव ईनामदार व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सृजन ही आर्थिक शक्ती का आधार होता है।

भारत की सबसे बड़ी शक्ती जनशक्ति है यदि ईसे अच्छा नेतृत्व और दक्ष लोगो का साथ मिल जाये तो अर्थतंत्र मजबुत हो जायेगा। सहकार भारती महिलाओ को अर्थिक रुप से मजबुत बनाने के लिये हर सम्भव कोशिश कर रही है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि स्वयं सहायता समूह मे कार्य करने वाली महिलाओ मे जुनून है जो उन्हे अर्थिक रुप से मजबुत बनायेगी। स्वयं सहायता समूह का प्रमुख लक्ष्य गरीब लोगो के बीच नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। राजेश शर्मा एवं कोमल गुप्ता ने छोटे छोटे सस्ते उत्पाद के निर्माण एवं विक्री पर चर्चा की। जिला महिला प्रमुख प्रीती गुप्ता ने समूह की महिलाओ से कहा कि आप सभी जज्बे से कार्य करे, प्रोडक्ट की क्वालिटी अच्छा रक्खे, आपको रुकना नही है किसी भी जरुरत पर सहकार भारती आपके साथ है। जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू ने समूह के लोगो को आश्वासन दिया कि जल्द ही सहकारिता विभाग मार्केटिंग एजेन्सी बनाकर अच्छी सुविधायें उपलब्ध करायेगा जिससे समूहों के बने प्रोडक्ट की बेहतर मार्केटिंग की जा सके। स्वयं सहायता समूह को प्रशिक्षण की जरुरत है जिसे सहकार भारती कर रही है। जिला सह महिला प्रमुख द्वय अर्चना सिंह, रजनी साहू ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह देकर व जिला महामंत्री भोला नाथ मिश्रा, एसएचजी प्रमुख जौनपुर किरन जायसवाल ने अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुचने पर स्वयंसेवक रंगीले निषाद के नेतृत्व मे दर्जनो लोगो द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना सिंह ने किया और अन्त मे जिला महामंत्री भोला नाथ मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

## चोरों ने मंदिर को बनाया निशाना घंटा व बर्तन चोरी

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय यूसुफ में एक मंदिर को रविवार रात चोरों ने प्राचीन शिव मंदिर को निशाना बनाया। पीतल का घंटा और बर्तन चोरी कर ले गए।

बुधवार की रात कोतवाली क्षेत्र के गांव सराय यूसुफ मे स्थित मेहरवा महादेव मंदिर से चोरों ने पीतल के घंटा सहित पीतल की थाली व अन्य बर्तन चुरा ली। गुरुवार को सुबह मंदिर पहुंचे पूजारी शैलेश कुमार मोदनवाल को चोरी की जानकारी हुई। इस पर बड़ी संख्या में लोग मंदिर पर एकत्रित हो गए। मंदिर में चोरी की घटना से ग्रामीणों आक्रोश है। पूजारी द्वारा मंदिर में चोरी की तहरीर थाने पर दिया गया है। कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है।



# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने लगाई विज्ञान कला प्रदर्शनी



**पवांरा।** विकासखण्ड मछलीशहर क्षेत्र के अन्तर्गत सरायबीका में स्थित स्व.जिवबोध प्रसाद एजुकेशनल सोसायटी में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी के प्रतिनिधि मनोज द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र प्रताप सिंह भाजपा नेता को प्रबन्धक राजेश कुमार गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कला, विज्ञान और क्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के उपरान्त निरीक्षण किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती और विद्यालय संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण और दीपप्रज्वलन कर किया। इसके बाद विद्यार्थियो ने सरस्वती वंदना के प्रस्तुतीकरण द्वारा वीणा वादिनी मां सरस्वती को याद किया। प्रधानाचार्या ने बच्चो की सहभागिता तथा क्रियाशीलता के लिए बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण जूनियर बच्चों के द्वारा बनाई गई हस्तकला प्रदर्शनी थी।

विज्ञान के हाइड्रोफोनिक्स, गियर बॉक्स, सेवेन चकरा ऑफ हयूमन बॉडी सामाजिक विज्ञान क रैन वाटर हैवेस्टिग तथा हवाई जहाज काफी चर्चित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदेव गुप्त व संचालन विनोद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पंवारा सुरेन्द्र विक्रम सिंह, लल्लन उपाध्याय, मण्डल महामंत्री गौरव सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना सशर्त हुआ समाप्त

**राहत**

**एडीएम भदोही करेंगे जांच कार्यवाही करने का दिया आश्वासन**

**दस दिन के अंदर नही होगी कार्यवाही तो पुनः देंगे धरनाः डीएम सिंह गहरवार**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** दो दिन से भदोही तहसील पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रधान महासचिव डीएम सिंह गहरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। इस दौरान डीएम सिंह गहरवार ने आरोप लगाया कि सीयूजी नम्बर पर जनता और प्रतिनिधि का फोन एसडीएम नही उठाते और नम्बर ब्लॉक कर दिए जाने से नाराज युवा नेता तहसील पर धरने पर बैठ गये। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन को धरने पर बैठ गये, उच्च अधिकारियों के आश्वासन और पुलिस उपाधिक्षक अजय कुमार, उप ज़िलाधिकारी कृपा शंकर पांडेय, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति,नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष भदोही ने काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया। किया। किंतु जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रधान महासचिव कार्यकताओं संग माँग पर अड़े रहे और एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही की माँग करते रहे।ज़िलाधिकारी भदोही के कार्यवाही के आश्वासन के बाद डीएम सिंह गहरवार ने अपना धरना दस दिन के लिए अस्थगित किया और कहा कि कार्यवाही नही हुई तो पुनः धरना दूँगा। इस मौके पर उन्होंने एडीएम शैलेंद्र मिश्र को ज्ञापन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप ज़िलाध्यक्ष सर्वेश राय, विमल दुबे, विनय राय, शुशील पाठक, इब्राहिम अंसारी, हसिब, संतारा देवी, शिला देवी, लक्ष्मी, शुभम, प्रभाकर, अमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



धरने पर बैठे जनता दल यूनाइटेड कार्यकताओं को समझाने का प्रयास करते तहसील प्रशासन के लोग

# व्यवसायिक उपयोग वाले वार्डों में दो पाली में होगी सफाईः इओ



जनसंदेश न्यूज

**लालानगर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विशेष सफाई अभियान के तहत नगर पालिका गोपीगंज अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर डोर टू डोर कलेक्शन करने हेतु वाहन व सफाई कर्मियों को रवाना किया गया।

बता दें कि इन दिनों एक फरवरी से इकतीस मार्च तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष निर्देश के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को वास्तविक रुप से धरा पर उतारने के लिए किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय हैं। अब सफाई कर्मी हर घर जाकर कूड़े का उठान सुनिश्चित करेंगे। जबकि बताया गया कमर्शियल उपयोग वाले वार्डों में दो पारियों में सफाई किया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि कुडा गाड़ी आने पर सूखा और गीला कूड़ा सफाई कर्मियों को अलग अलग प्रदान करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से मंगला प्रसाद पांडेय, अचल श्रीवास्तव, विष्णु प्रसाद, विनोद खत्री, आशीष यादव, विवेक मोदनवाल, रामानंद यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला दहन

**गोपीगंज।** समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस पर दिए गए विवादित बयान पर गुरुवार को गोपीगंज राजमार्ग चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्रेष्ठ मिश्र के नेतृत्व में पुतला दहन कर विरोध जताया गया। राजमार्ग चौराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेताओं और कार्यकताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाकर जमकर मुदार्बाद के नारे लगाए। श्रेष्ठ मिश्र ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी की है। इसके लिए उनको माफी मांगनी चाहिए और उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। पुतला दहन में प्रमुख रूप से अश्वनी सिंह, प्रशांत गुप्ता, अभिषेक अग्रहरी, हिमांशु मिश्र, अनुज सेठ, उधव मिश्र, अमित पुष्पक, आर हर्ष तिवारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौतम गुप्ता ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संवेदनशील बनते हुए समाज की समस्याओं को पहचान कर उनका निराकरण करने के लिए प्रेरित किया। गरीबी, अशिक्षा, दहेज प्रथा, नशा, कुपोषण, अंधविश्वास आदि सामाजिक समस्याओं और बुराइयों के खिलाफ अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रीय आपदा और दुर्घटना के वक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा किए गए कार्य सच्ची मानव सेवा होती है। इसका लाभ न केवल स्वयं को होता है बल्कि समाज को भी उसका लाभ पहुंचता है। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को प्रस्थान कराया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीश कुमार मिश्र ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना तथा विकास से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रुस्तम अली और डॉ. श्वेता सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर को भी स्वच्छ बनाया। बौद्धिक संगोष्ठी के दौरान स्वयंसेवकों ने समाज में नारी का स्थान विषय पर चर्चा की। शिविर में अनुराग सिंह, डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ. भावना सिंह, डॉ. अंकिता तिवारी आदि लोगों ने सहयोग किया।



### नाबालिग के साथ छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार

भदोही। थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग युवती के साथ छेड़खानी करने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं. 05/2023 धारा-354क भादवि. व 7/8 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी निजाम पुत्र बिनी निवासी निदुर थाना चौरी जनपद भदोही को ग्राम निदुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

### डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए अभियान चलाकर किया जागरूक

जफराबाद। नगर पंचायत जफराबाद में ईओ द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान ईओ कुँवर गौरव के साथ डीपीएम अमित यादव व डीजी स्वच्छ भारत मिशन खुशबू यादव ने वार्डो के लोगो से कूड़े को कूड़े के डब्बे में ही फेकने के लिए समझाते रहे। ईओ द्वारा चलाये गए इस अभियान की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की। इस अभियान के दौरान लिपिक राजमन, वेद प्रकाश, सूरज राजभर, शाह दाऊद, राकेश गुप्ता, मोहम्मद तारिक अंसारी, सावन, राम सूरत, विकास आदि मौजुद रहे।

### राजेश रहेंगे धोबी कल्याण समिति के अध्यक्ष

जौनपुर। धोबी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष भैया लाल कन्नौजिया ने जानकारी दी कि राजेश कुमार कन्नोजिया ही अध्यक्ष है। ये भी बताया कि किसी अन्य द्वारा इस पद को लेकर दावेदारी की जा रही है जो पूर्णतया गलत हैं। अग्रिम आदेश तक राजेश इस पद पर बने रहेंगे।

# सबको साक्षर बनाना है देश को आगे बढाना है

**अभियान**

**केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली**

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी एवं कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में 100 स्वयंसेवी छात्राओं के साथ द्वितीय सामान्य एक दिवसीय शिविर ग्राम सभा हमीदपट्टी में आयोजित किया गया। जिसका विषय साक्षरता जनजागरूकता अभियान था। शिविर में सर्वप्रथम स्वयंसेवी छात्राओं ने रैली के रूप में साक्षरता विषयक हैंड बिल पोस्टर एवं नारों के साथ गोद लिए ग्रामसभा मलिन बस्ती हमीदपट्टी में घर-घर जाकर लोगों को अधिकाधिक संख्या में साक्षर बनने के लिए प्रेरित किया। नर हो या नारी शिक्षा है सबको जरूरी सबको साक्षर बनाना है देश को आगे बढाना है आदि नारों से पूरा ग्रामसभा हमीदपट्टी गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात आयोजित बौद्धिक सत्र में प्राथमिक विद्यालय हमीद पट्टी के प्रांगण में प्रधानाध्यापक डॉ. अंशुमालि चतुवेर्दी ने कहा कि आज के सामान्य एक दिवसीय शिविर का विषय साक्षरता अभियान रखा गया है जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत ही प्रासंगिक है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. रीना सिंह, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, डॉ. लक्ष्मी यादव, प्रकाश चंद्र गुप्त, बिनोद कुमार, ज्योत्सना जायसवाल, मोहम्मद आकिफ तौफीक, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सोहन कुमार यादव, जय कुमार, डॉ. अमरनाथ जैन आदि उपस्थित रहे।



### अपना दल एस छानबे के विधायक के निधन पर शोक

**भदोही।** अपना दल एस छानबे से विधायक के आकस्मिक निधन की सूचना से पार्टी में शोक की लहर दौड़ गयी। पदाधिकारियों ने 2 मिनट मौन रख कर गत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मिजार्पुर छानबे से 2 बार विधायक रहे राहुल प्रकाश कोल का बॉम्बे के सुश्रुत हॉस्पिटल में विगत कई दिनों से इलाज चल रहा था। निधन की सूचना पार्टी कार्यालय पहुँची। जिससे पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारियों में शोक की लहर छा गयी। लोग उनके कुशल व्यक्तित्व व्यवहार से प्रभावित थे। वक्ताओं ने कहा कि वह युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व विधायक के पद पर रहते हुए असीम ऊंचाई तक ले जाने में दिन रात लगे रहे। जबकि भदोही के भी पदाधिकारियों से ऐसा आत्मीय लगाव था कि सबके चहेते थे। पर ऐसी दुःखद सूचना मिलने पर सभी दुखी हो उठे। आत्मा की शांति के लिए मखदुमपुर में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के अध्यक्षता में शोक बैठक कर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा और कहा इस दुख की घड़ी में अपना दल एस के सभी साथी परिवार के साथ है। इस अवसर पर हरिलाल पाल, लल्लू राठौर, संजय पांडेय, अरविंद तिवारी, चंदन पटेल, फहद अहमद इत्यादि बहुत से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे मोटरसाइकिल व तमंचा बरामद

जनसंदेश न्यूज

**सफलता**

**रात्रि में नागमलपुर स्थित टेंट हाउस के सामने से मोटरसाइकिल की गई थी चोरी**

**भदोही।** जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गए हैं। उक्त के क्रम में गुरुवार को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा पाली तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन चोर अभियुक्त विजय शंकर मुसहर पुत्र बचई मुसहर निवासी पीपरगाँव थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से गत मंगलवार की रात्रि में थाना स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत नागमलपुर स्थित टेंट हाउस के सामने से मोटरसाइकिल चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल प्लेटिना व एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी करते हुए नाजायज तमंचा बरामदगी के सम्बन्ध में धारा-3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम उ.नि. संतोष कुमार राय चौकी प्रभारी पाली मय हमराह हे.का. पवन कुमार सिंह, का रामानंद, का. मंजीत कुमार, का. पवन यादव थाना सुरियावां आदि शामिल रहे।

### राज्यस्तरीय क्रिकेट में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मिर्जापुर को हराया

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में गुरूवार को दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला प्रयागराज व कानपुर के बीच व दूसरा मैच मिजार्पुर व आजाद स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला गया। प्रयागराज व आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने विपक्षी टीमों को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खांडेकर क्रिकेट एकेडमी कानपुर की टीम ने निर्धारित 18 ओवरों के मैच में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाए, जिसमें सबसे ज्यादा आशीष सिंह ने 46 रन बनाए। प्रयागराज के गेंदबाज कुलदीप मिश्रा ने तीन विकेट लिया। 127 रनों का लक्ष्य लेकर जवाब में खेलने उतरी प्रयागराज की टीम ने विराट जायसवाल के शानदार नाबाद अर्धशतक की बदौलत 15 वें ओवर में ही मैच जीत लिया। विराट के अलावा बृजेश त्रिपाठी ने 25 रन व जाहिद अली में 27 रन बनाए। कानपुर की गेंदबाज किशन कश्यप, फैज फैयाज अहमद व राहुल सिंह को एक-एक विकेट मिले।

# बैठक में समितियों को हार्डवेयर आपूर्ति के संदर्भ में लिया गया निर्णय

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** भारत सरकार द्वारा देश की प्राथमिक सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण तीन चरणों में विगत वर्ष से योजनावद्ध ढंग से कराने की कार्यवाही सम्बन्धित प्रदेश स्तरीय सहकारिता विभागीय अधिकारियों के दिशा निर्देशन में कराया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जौनपुर जिले की 30 समितियों का चयन अगस्त 2022में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में छः सदस्यीय गठित समिति द्वारा करके सूचनायें विभागीय अधिकारियों एवं प्रदेश स्तर पर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता लखनऊ कार्यालय के साथ साथ एम.डी.यू.पी.सी.बी.लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में सम्पन्न हुयी, जिसमें उक्त चयनित 30समितियों को हार्डवेयर आपूर्ति के संदर्भ में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से सम्पर्क कर उक्त चयनित समितियों के जीर्ण शीर्ण भवन की मरम्मत एवं विद्युत बिल कनेक्शन कार्य पूर्ण कराने हेतु सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित जिला प्रबंधक नाबार्ड द्वारा चयनित समितियों के सचिवों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्य योजनावद्ध ढंग से कराने हेतु भविष्य में कार्यवाही किये जाने की सूचना से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक जौनपुर हरीशचन्द्र भार्गव एआरकोआपरेटिव अमित कुमार पाण्डेय, जिला प्रबन्धक नाबार्ड राघवेन्द्र मौर्या, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष मौर्य उपस्थित रहे।

# हवा हवाई व निराशाजनक है मोदी सरकार का चुनावी बजट

जनसंदेश न्यूज



**मुंगराबादशाहपुर।** मोदी सरकार का चुनावी बजट बेहद निराशाजनक व हवा हवाई है। इस बार भी अधिक संसाधन जुटाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने प्रगतिवादी बजट नीति नहीं अपनाई और उल्टे अधिक धनी व्यक्तियों पर आयकर कुछ कम कर फिर से पूंजी पतियों को बढ़ावा दिया। उक्त बातें पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होने कहा कि मोदी सरकार के आए हुए बजट पर चर्चा करते हुए कहीं सरकार का यह बजट पूरी तरह पूंजीपतियों के लिए है। किसान नौजवान और कमजोर वर्गों के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। महिलाओं के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं है। कर्मचारियों के लिए ओपीएस ओल्ड पेंशन स्कीम के लिए कोई चर्चा नहीं की गई है, इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं है, जनता के लिए बहुत सारी छूटे समाप्त कर दी गई है।

इस बजट में किसानों के लिए सिंचाई, खाद, बीज इत्यादि के लिए कोई राहत की घोषणा भी नही है। राजकोषीय घाटा इस बजट में 5.9 प्रतिशत रखने का लक्ष्य इसमें निर्धारित किया गया है। बजट निराशाजनक है या सरकार ने कई बार बजट पेश कर चुकी है, किसान युवा बेरोजगार निगाह लगाए थे कि सरकार इस बार जरूर राहत देगी लेकिन उनके हाथों में निराशा ही लगी है।

# वन विभाग ने मनाया बर्ड फेस्टिवल

**आयोजन**

**गूजरताल में स्कूली बच्चों को कराया पक्षियों का दीदार**

जनसंदेश न्यूज



**खेतासराय।** विश्व वेटलैंड दिवस के मौके पर गुरुवार को वन विभाग के खुदौली स्थित वन पार्क में बर्ड फेस्टिवल मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को गूजरताल में पक्षियों का दीदार कराया गया। स्कूली बच्चों ने पेंटिंग और निबंध के माध्यम पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उप प्रभागीय वन अधिकारी ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति विभिन्न जानकारी दी।

कहा कि वन और जीव का संरक्षण करना चाहिए। मानव की तरह जीव जंतुओं का भी जीने का अधिकार है। पक्षियों का भक्षण नहीं करना चाहिए। वन, नदी और पहाड़ हमारे धरोहर हैं। प्रकृति की बनाई हुई धरोहर से छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए। छेड़छाड़ प्राकृतिक आपदा का कारण बनते है। इस मौके पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें अरिहंत कालेज खेतासराय, पैराडाइज इंटर कालेज खुटहन, प्राथमिक विद्यालय के बच्चे शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता में अदनान अहमद और चित्रकला में अंतिमा राजभर को प्रथम स्थान मिला। स्थान पाने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पूर्व वन क्षेत्राधिकारी गौतम प्रसाद चतुर्वेदी, क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी सीबी सिंह, महेंद्र देव विक्रम, जयहिंद यादव, कपिलदेव मिश्रा, गोरख प्रसाद,महंगू मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम के आयोजक वन क्षेत्राधिकारी शाहगंज सीबी सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# संगठनात्मक चुनाव को लेकर सम्मेलन आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** स्थानीय क्षेत्र के बंधवा बाजार में राष्ट्रीय जायसवाल संघ के बैनर तले संगठनात्मक चुनाव को लेकर समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर औपचारिक उद्घाटन किया गया। बंधवा बाजार स्थित कंचन बालिका इण्टर कॉलेज मे आयोजित कार्यक्रम के प्रारम्भ में दर्जनों गाँव से आये हुए लोगों ने मंच के माध्यम से एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया जिसके बाद संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान और राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी। वही मुख्यवक्ता शिव प्रसाद जायसवाल द्वारा समाज के कुलदेवता भगवान सहस्त्रबाहु और गोत्र बंशज आदि पर विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के आयोजक संतोष जायसवाल द्वारा संगठन की मजबूती को लेकर समाज को एकजुट रहने का आवाहन करते हुए कहा कि समाज को अब राजनीतिक रूप से भी सशक्त होना पड़ेगा तभी हम शासन और सत्ता के समक्ष अपनी और अपने समाज के हक की बात रख सकेंगे। सम्मेलन को अशोक कुमार जायसवाल, विजय प्रकाश जायसवाल, रतन लाल जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। समाज के स्थानीय इकाई के चुनाव के लिए ग्यारह सदस्यों का कार्यकारिणी बनाकर पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर चुनाव की रुपरेखा तैयार की गयी। जिसमें 05 फरवरी तक समस्त पद के लिए नामांकन पत्र का क्रय किया जायेगा। 6 और 7 फरवरी तक पर्चा वापसी होगा और 26 फरवरी को समस्त पद का चुनाव/मतदान, मतगणना, परिणाम और प्रमाण पत्र वितरण किया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य हृदय नारायण जायसवाल द्वारा समाजिक संगठन में प्रत्येक परिवार से अधिकाधिक सदस्य बनने और अपने मान सम्मान को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। संचालन विपिन प्रकाश जायसवाल और संतोष कुमार जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रामकुमार जायसवाल, संजय जायसवाल, जय प्रकाश जायसवाल, संतोष जायसवाल, अंशु जायसवाल, दीन दयाल जायसवाल, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# जीडीबीआर एकेडमी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन



**जौनपुर।** मछलीशहर स्थानीय नगर के मोहल्ला उमराना वार्ड में स्थित जी.डी.बी.आर.एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में जी.डी.बी.आर एकेडमी के बच्चों के साथ-साथ दूसरे विद्यालयों के बच्चे भी अपने बनाए हुए प्रोजेक्ट को लेकर पहुंचे और मेले में भाग लिया। जिसमे तरह-तरह की डायोग्राम बच्चों द्वारा बनाया गया था आए हुए अतिथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया मुख्यरूप से मछलीशहर उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया व सीओ अतर सिंह ने सभी बच्चों के प्रोजेक्ट को देखकर बहुत खुश हुए और उनका उत्साह वर्धन किया। इसी क्रम में मछलीशहर नगर के लायल वंडर स्कूल के संस्थापक डायरेक्टर एजाज खान व प्रिंसिपल अंकिता सिंह भी अपने स्कूल के बच्चों को लेकर पहुंची तो वहीं दूसरी तरफ शांति पब्लिक स्कूल समेत नगर के कई स्कूल के जिम्मेदार पहुंचे। प्रिंसिपल कमल कुमार मौर्या ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सी.पी, राकेश, सचिन, नदीम अंसारी, दीपक, अजीत, मोनी, पूनम गौतम, नीरज, सायमा, लालती, नादिरा, स्वेता, बिनु, नुसरत, मनीषा मौर्या, कविता, साहिफा हैदर, सुमैया, सुनीता आदि लोग उपस्थित रहे।

# नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट लेते रहें अवर अभियंता : जिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी जे.ई.के पास वर्क प्लान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण) राजेश गुप्ता को निर्देशित किया कि सभी जे.ई.से नियमितरूप से प्रगति रिपोर्ट लेते रहे।अधिशासी अभियंता के द्वारा बताया गया कि कुल 16 जे.ई.के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो भी सामग्री उपयोग में लाई जा रही हो बी.आई.एस. सर्टिफाइड हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पानी की टंकियों के निर्माण में प्रगति में तेजी लाएं अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी और साथ ही साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगवाने के कार्य में भी तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन कार्य के कार्यों का सत्यापन वरिष्ठ अधिकारियों से कराया जाए। भुगतान को न रोका जाए और समय से कर दिया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था एफकान के द्वारा 1000, वेलस्पेन के द्वारा प्रतिदिन 500 हाउस कनेक्शन दिये जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि एक एप विकसित किया जाये जिसकी सहायता से जल-जीवन मिशन कार्य की मानीटरिंग किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी.बी.सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# अडानी को क्यों रद्द करना पड़ा एफपीओ?

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद हाल खस्ता

*पिछले हफ़्ते अमेरिकी रिसर्च एजेंसी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद से ही अडानी समूह के शेयरों की दुर्गति हो रही है। बुधवार को देर शाम गौतम अडानी ने अचानक घोषणा की कि अडानी इंटरप्राइजेज का 20 हजार करोड़ रुपए का एफपीओ (भारत का अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ) रद्द किया जा रहा है और जिन्होंने भी इसमें निवेश किया है, उन्हें उनकी रकम वापस लौटा दी जाएगी। ये घोषणा चौंकाने वाली इसलिए थी कि मंगलवार को अडानी इंटरप्राइजेज का एफपीओ पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था। ये अलग बात है कि इसमें रिटेल यानी आम निवेशकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और रिटेल निवेशकों का हिस्सा सिर्फ. 12 फीसदी ही सब्सक्राइब हो सका। यहाँ तक कि अडानी समूह के कर्मचारियों के लिए सुरक्षित रखे गए शेयर भी नहीं बिक सके और ये हिस्सा भी 53 फीसदी के आस-पास ही सब्सक्राइब हो सका। गौतम अडानी और उनके समूह की साख दांव पर थी और बाद में जिस तरह की खबरें मीडिया में आईं, उससे पता लगा कि कुछ बड़े संस्थागत निवेशकों और बड़े निवेशकों के बूते ही इस एफपीओ का बेड़ा पार लगाया गया है।*

## कुछ दिनों में बदल गयी पूरी कहानी

दरअसल, अडानी इंटरप्राइजेज ने नवंबर में एफपीओ लाने की घोषणा की थी। तब शेयर बाजार में अडानी के शेयरों की धूम थी और इसी तेजी के बूते गौतम अडानी पहले भारत के और फिर एशिया के सबसे अमीर शख्स बने थे। साल 2022 के जाते-जाते वो दुनिया के शीर्ष तीन अमीर लोगों में अपनी जगह बना चुके थे। फिर 24 जनवरी 2023 को न्यूयॉर्क की एक छोटी सी निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में अडानी समूह पर कंपनियों के शेयरों में कृत्रिम उछाल और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों के संगीन आरोप लगाए गए थे। इस 'शॉर्ट सेलर' ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि अडानी समूह की लिस्टेड कंपनियों की बाजार पूंजी को 'बहुत अधिक बढ़ाया' जा सके। अडानी ने कुछ दिनों बाद ही 413 पन्नों का एक खंडन दस्तावेज जारी किया, जिसमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को 'पूरी तरह झूठा' और 'भारत पर सोचा-समझा हमला' बताया। अडानी ग्रुप ने ये भी कहा कि वह हमेशा ही 'सभी तरह के कायदे-कानूनों का पालन करती है।' शुरू में ऐसा लगा कि समूह के इस जवाब से 20,000 करोड़ रुपए का एफपीओ लेकर शेयर बाजार में उतरी अडानी इंटरप्राइजेज पर मँडरा रहे संकट के बादल छंट जाएँगे, लेकिन शेयर पर तो हिंडनबर्ग का असर हो चुका था। पिटाई के बाद अडानी इंटरप्राइजेज का शेयर एफपीओ के इश्यू प्राइस से नीचे चला गया। जाहिर है अब इसमें रिटेल निवेशकों को मुनाफा नहीं दिख रहा था और उन्होंने एफपीओ में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसे गौतम अडानी का असर या उनकी साख ही माना जाएगा कि कंपनी अबू धाबी के एक बड़े फंड के अलावा कुछ बड़े निवेशकों, देसी-विदेशी बैंक और बीमा कंपनियों को 'इन विपरीत हालात' में भी एफपीओ के शेयर बेचने में कामयाब रही। 30 जनवरी को जहाँ एफपीओ सिर्फ.3 फीसदी ही




सब्सक्राइब हुआ था, वहीं अपने आखिरी दिन यानी 31 जनवरी को ये 100 फीसदी से भी अधिक सब्सक्राइब हो गया। लेकिन कहानी में अभी ट्विस्ट आना बाकी था। बुधवार को इधर लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट भाषण पढ़ रही थी और उनकी घोषणाओं पर बाजार भी हरे रंग से सराबोर था, लेकिन तभी ब्लूमबर्ग ने बताया कि यूरोप के एक नामी बैंक और वित्तीय संस्था क्रेडिट सुइस ने अडानी ग्रुप की कुछ कंपनियों के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू जीरो कर दी है। बस इसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जो दौर शुरू हुआ वो तभी थमा, जब बाजार में दिन का कारोबार खत्म हुआ।

## एफपीओ रद्द करने की दलील

कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा, आज (बुधवार को) स्टॉक मार्केट में कंपनी के शेयरों में गिरावट देखी गई। इस तरह की अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए बोर्ड ने ये तय किया है कि इस एफपीओ के साथ आगे बढ़ना नैतिक तौर पर गलत होगा। निवेशकों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है, उन्हें हम किसी तरह के संभावित नुकसान से बचाना चाहेंगे। ऐसे में बोर्ड ने इस एफपीओ के साथ आगे न बढ़ने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि एक बार बाजार में ठहराव आ जाए उसके बाद कंपनी अपनी कैपिटल मार्केट स्ट्रैटेजी पर फिर से विचार करेगी। क्या होता है एफपीओ और क्यों लाती हैं कंपनियां? एफपीओ यानी फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर-जो कंपनी पहले से ही शेयर बाजार में लिस्टेड है, वो मौजूदा शेयरधारकों और दूसरे निवेशकों के लिए नए शेयरों की पेशकश करती है। ये शेयर बाजार में मौजूद शेयरों से अलग होते हैं। ज्यादातर मामलों में इन्हें कंपनी के प्रमोटर्स ही जारी करते हैं। यानी आईपीओ की प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही कोई कंपनी एफपीओ लाती है। एफपीओ के जरिए शेयर बेचने का मकसद कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए रकम जुटाना या कर्ज.चुकाना होता है।

## अडानी इंटरप्राइजेज ने क्या कहा?

स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी और प्रेस विज्ञप्ति में कंपनी ने कहा, असाधारण हालात और मार्केट में मौजूदा उतार-चढ़ाव को देखते हुए कंपनी अपने निवेशकों के हित सुरक्षित करना चाहती है। एफपीओ भले ही पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया है, लेकिन अपने शेयरधारकों के हित में कंपनी इसे रद्द कर रही है। एफपीओ से मिली रकम को हम वापस करने जा रहे हैं। इस घोषणा के बाद एक बार फिर कयास लगाए जाने लगे कि अडानी समूह में शायद सब कुछ ठीक नहीं है। अडानी की एफपीओ रद्द करने की घोषणा को कई लोग ब्लूमबर्ग पर आई उस रिपोर्ट के साथ जोड़कर देखने लगे, जिसमें कहा गया था कि स्विट्जरलैंड स्थित एक बैंक ने अडानी की कुछ कंपनियों के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू जीरो कर दी है।

## क्या होता है लैंडिंग वैल्यू जीरो होने का मतलब?



दरअसल, कई बड़ी कंपनियाँ बाजार से पैसा उगाहने के लिए बॉन्ड्स जारी करती हैं, जिसमें वे निवेशकों को एक निश्चित रिटर्न की गारंटी देती हैं। कई निजी बैंक किसी कंपनी के इन बॉन्ड्स के बदले अपने ग्राहकों को उधार देते हैं। बाजार विश्लेषक आसिफ इकबाल बताते हैं, कई बैंक अपने ग्राहकों को ये पेशकश करते हैं कि अगर उनके पास किसी कंपनी के बॉन्ड्स हैं तो गिरवी रखने के एवज में वह उन्हें उधार दे सकती है। ये उधारी बॉन्ड्स की रकम का 70 से 80 फीसदी तक हो सकती है। जाहिर है इसके लिए बैंक उस कंपनी के वैल्युएशन और बैलेंसशीट को बारीकी से जाँचता है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अब क्रेडिट सुइस ने कहा है कि वह अपने ग्राहकों को अडानी समूह की कुछ कंपनियों के बॉन्ड्स गिरवी रखने पर कर्ज नहीं देगा, यानी क्रेडिट सुइस ने बॉन्ड्स की लेंडिंग वैल्यू जीरो कर दी है। इसका मतलब ये है कि जिन ग्राहकों ने पहले गिरवी बॉन्ड्स पर कर्ज.लिया था, उन्हें कर्ज.जारी रखने के लिए दूसरे कोलैटरल देने होंगे। अगर वो ऐसा करने में विफल रहते हैं तो बैंक उनके बॉन्ड्स बेचकर इसकी भरपाई कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक क्रेडिट सुइस ने अडानी समूह की अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन, अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड के बॉन्ड्स की लैंडिंग वैल्यू जीरो की है। हांलाकि कई दूसरे विदेशी बैंक भी अडानी समूह की कंपनियों के बॉन्ड्स की एवज में अपने ग्राहकों को कर्ज.देते आए हैं। अभी तक उनके रुख में किसी बदलाव की कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

## आगे क्या हैं मुश्किलें?

ये सही है कि अडानी समूह कई ऐसे प्रोजेक्ट्स की मालिक है जो बेशकीमती हैं। वो भारत के कई बड़े बंदरगाहों का संचालन करते हैं, भारत ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और इसराइल में भी कई पोर्ट्स चलाने के ज़िम्मेदारी उन पर है। सीमेंट, बिजली ट्रांसमिशन, हवाई अड्डे और अनाज के गोदामों के मामले में भी अडानी का अच्छा-खासा दबदबा है। अडानी समूह के सामने सबसे बड़ी चुनौती निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की है। विदेशी निवेशक भी किसी तरह का जोखिम उठाने के मूड में नहीं हैं। भारतीय शेयर बाजारों का पिछला हफ़्ता अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले नुकसान वाला रहा। एनएसई पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ.दो कारोबारी सत्रों 27 जनवरी और 30 जनवरी को ही वैश्विक फंड्स ने 12 हजार करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली की है। एयूएम कैपिटल के रिसर्च प्रमुख राजेश अग्रवाल कहते हैं, अडानी समूह को लेकर अभी चौतरफा नकारात्मक खबरें आ रही हैं, ऐसे में समूह के लिए सबसे बड़ी चुनौती निवेशकों की घबराहट को दूर करना होगा। एफपीओ रद्द होना और एक के बाद एक खबरें कंपनी के खिलाफ आना। क्या इससे अडानी समूह के भविष्य में निवेश पर असर पड़ेगा? इंफ्राविजन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी विनायक चटर्जी कहते हैं, मुझे नहीं लगता कि इससे कंपनी की साख या उसकी भविष्य की निवेश योजनाओं पर असर पड़ेगा। इंफ्रा एक्सपर्ट होने के नाते में लंबे समय से इस समूह को देख रहा हूँ। मैंने पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, सीमेंट और अक्षय ऊर्जा से जुड़े उनके कई प्रोजेक्ट्स देखे हैं जो मजबूत, स्थायी और अच्छा पैसा दे रहे हैं। उन पर शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं है। विनायक कहते हैं, जो कंपनियां अडानी के प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रही हैं, वो अपने सेक्टर की एक्सपर्ट हैं। उन्हें अच्छी तरह से पता है कि अडानी समूह किस सेक्टर में कैसा काम कर रहा है। अडानी समूह को लेकर उठे सवालों के बीच शेयर बाजार की नियामक संस्था सेबी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि जब किसी कंपनी या समूह पर इतने आरोप लग रहे हैं तो सेबी जाँच तो शुरू कर ही सकती है। स्वतंत्र रिसर्च एनालिस्ट हेमिन्द्र हजारी कहते हैं, मैं हैरान हूं कि अभी तक सेबी या सरकार ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है। निवेशकों की घबराहट दूर करने के लिए उन्हें बोलना चाहिए। जब शेयर बाजार आपके खिलाफ होता है तो निवेश संस्थाएँ बेहद सावधानी बरतने लगती हैं और अपना निवेश बढ़ाने से बचती हैं।

## नेताओं के फायदे के लिए किया एलआईसी के पैसे का इस्तेमाल

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा अपने कुछ नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए जीवन बीमा निगम और राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा लोगों के पैसे का इस्तेमाल कर रही है। पूर्व वर्धमान जिले में एक कार्यक्रम के दौरान तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्रमुख ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आम बजट को लेकर निशाना साधा और कहा कि बुधवार को बजट पेश किए जाने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। बनर्जी ने कहा कि केंद्रीय बजट पेश किए जाने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई...कुछ लोगों को फोन करके उनसे कई हजार करोड़ रुपए (बाजार में) लगाने को कहा गया। केंद्रीय बजट को झूठों से भरा करार देते हुए बनर्जी ने कहा कि 2024 में होने जा रहे आम चुनाव के मद्देनजर केंद्र बडे़-बड़े दावे कर रहा है।

### ममता का भाजपा पर बड़ा आरोप




## उमा भारती ने मुधशाला में खोली गोशाला

### शुरू की शराब छोड़ो दूध पियो' की मुहिम, लगाएंगी गऊ अदालत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चुनावी साल में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने अब अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नई शराब नीति को लेकर अब सरकार के लिए परेशानी खड़ी कर रही उमा भारती ने अब सड़क पर आंदोलन शुरू कर दिया है। भोपाल में शराब की दुकान सामने मंदिर में धरना देने वाली उमा भारती ने अब रामराजा की नगरी ओरछा में शराब की दुकान के आगे गाय बांध कर नए तरह की लड़ाई छेड़ दी है। दअसल उमा भारती अपनी शराब विरोधी मुहिम की तरह ओरछा पहुंची थी और उन्होंने विवेकानंद तिराहे पर चल रही एक शराब की दुकान के सामने गाय को बांध दिया। इतना ही नहीं उमा भारती ने ट्वीट कर लिखा कि 'शराब वितरण पर नियंत्रण सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन गौ-पालन, गौ-संरक्षण और गौ-संवर्धन यह पूर्णतया समाज की जिम्मेदारी है। आज भगवान राम राजा सरकार के दरबार में शराब की दुकान के सामने गाय खड़ी कर-के यही मेरी अपील है।'

इतना ही नहीं उमा भारती ने आगे लिखा कि 'हमारी पहली गऊ अदालत मऊरानीपुर के पास स्थित केदारेश्वर महादेव के पास 10 से 15 फरवरी के बीच में लगेगी, जिसमें हमारा किसानों और समस्त समाज से निवेदन होगा कि 'शराब छोड़ो दूध पियो' गऊ का पालन करो, गौशालाओं से गाय को नहीं बचाया जा सकता क्योंकि करोड़ों की संख्या में गाय बेसहारा हो गई हैं।' सरकार के लिए वोट मांगा,फांसी पर लटकाओ-ओरछा पहुंची उमा भारती ने सरकार के खिलाफ अक्रामक रूख अखित्यार करते हुए कहा कि रामराजा सरकार की नगरी ओरछा से शराब का क्या राजस्व वसूलना। नशा लोगों की आदत है व शराब लोगों की लत है और सरकार इसका उपयोग कर लेती है। लोगों की लत का उपयोग कर पैसे बनाना सरकार का धर्म नहीं है। सरकार का धर्म है कि लोगों की लत को खत्म करे। उन्होंने कहा कि इसमें मूल दोषी कौन है यह बात तो यहां आएगी। इसमें मूल दोषी वह है जो राम का नाम लेते हैं। मैं हूं मूल दोषी मुझे फांसी पर लटकाओ, उमा भारती बोली मैंने सरकार के लिए वोट मांगे थे। शराब ठेकेदारों की फ्रिक न करें सरकार-वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शराब नीति को लेकर शिवराज सरकार को घेरते हुए कहा कि शराब की नीति, लोग शराब ना पिए इसके लिए होती है। शराब की नीति बनाने का काम जनप्रतिनिधियों का है क्योंकि यह एक सामाजिक जनहित का विषय है। इस पर अधिकारी या शराब के ठेकेदार बिल्कुल दखल नहीं दे सकते। महिलाओं की सुरक्षा, मध्य प्रदेश के नौजवानों का भविष्य ध्यान में रखकर नीति भाजपा को एवं सरकार को बनाना चाहिए तथा उसको लागू करने का तरीका अधिकारियों को निकालना चाहिए। उमा भारती ने आगे कहा कि हम जनप्रतिनिधि हैं एवं सरकारी अधिकारी जनसेवक हैं। हमें शराब के ठेकेदारों के भविष्य की फिक्र नहीं करनी है बल्कि नौजवानों का भविष्य एवं महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर नीति हम बनाएं, लागू करने का रास्ता अधिकारी निकालें।उमा के सवाल पर शिवराज ने साधी चुप्पी-चुनाव साल में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के लगातार सरकार के खिलाफ अक्रामक रूख अखित्यार करने पर को लेकर जब आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मीडिया ने सवाल किया तो मुख्यमंत्री पूरी तरह चुप्पी साध लिया। मीडिया के कई सवालों पर भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कुछ नहीं बोले।





## छूते ही हो जाता धमाका

### घाटी में पहली बार परफ्यूम आईईडी बरामद

### गिरफ्तार आतंकी ने किए कई खुलासे

जम्मू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। आरिफ नाम के इस आतंकी ने 21 जनवरी को 2 धमाकों को अंजाम दिया था। इसके पास से परफ्यूम आईईडी भी बरामद किया गया है। आरिफ पाकिस्तान में बैठे लश्कर ए तैयबा के हैंडलर के संपर्क में बना हुआ था। पूछताछ में इसने कई खुलासे किए हैं। जम्मू कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह के मुताबिक 20 जनवरी को दो आईईडी प्लांट किए हए थे। अगले दिन दो धमाके किए गए। इन हमलों में 9 लोग घायल हुए थे। इस मामले में आरिफ नाम का आतंकी गिरफ्तार किया गया है। रियासी का रहने वाला आरिफ सरकारी टीचर है। इसके पास से परफ्यूम बम बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरिफ पिछले तीन साल से पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों से संपर्क में था।

डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि आतंकी आरिफ को दिसंबर में 3 आईईडी मिले थे। इनमें से 2 आईईडी का इस्तेमाल नरवाल इलाके में हुए धमाकों में किया गया था। यह लगातार पाकिस्तानी आतंकियों के संपर्क में था। जांच में खुलासा हुआ है कि धमाकों को अंजाम देने के लिए प्लानिंग पिछले काफी समय से की जा रही थी।



## वैष्णो देवी जा रही बस में भी किया था धमाका

पूछताछ में आरिफ ने बताया कि मई 2022 में कटरा जा रही बस में बम धमाका हुआ था। इस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई थी वहीं 22 लोग घायल हो गए थे। आरिफ ने माना है कि इस बस में उसने आईईडी लगाया था।

## क्या होता है परफ्यूम आईईडी

पुलिस के मुताबिक पहली बार परफ्यूम आईईडी बरामद किया गया है। इसमें परफ्यूम की बोतल में आईईडी (विस्फोटक) भर दिया जाता है। इसे धमाके वाले स्थान पर रखा जाता है। जैसे ही कोई इस बोतल को हाथ लगाता या इसे दबाने की कोशिश करता हो यह फट जाता। इसे धमाके काफी खतरनाक होते हैं। यह धमाके किसी व्यक्ति के आईईडी से संपर्क में आने के बाद होते हैं इसलिए इनके जानमाल का नुकसान अधिक होता है।